राष्ट्रीय दैनिक

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित



# प्रात:किरण

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



11 हमने अब तक बल्लेबाजी इकाई को अंतिम रूप नहीं दिया ...

प्रथम ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने पहुंचे अमित शाह, बोले- सनातन संस्कृति ... 12

वर्ष : 12 | अंक : 53 | पटना, सोमवार,03 जून, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

सोना 59,340

चांदी 55,350

सेंसेक्स 63,327

निफ्टी 18,816

## संक्षिप्त खबरें

### सुकमा में आठ नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में रविवार को आठ नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें से चार के सिर पर कुल पांच लाख रुपये का इनाम था। इनमें तीन महिलायें भी शामिल हैं। इस बारे में एक अधिकारी ने बताया कि नक्सलियों ने पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के वरिष्ठ अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने बताया कि नक्सलियों ने आदिवासियों पर माओवादियों द्वारा किए गए अत्याचारों और अमानवीय तथा खोखली माओवादी विचारधारा के प्रति निराशा व्यक्त की। मिली जानकारी के अनुसार, इन नक्सलवादियों में से कई के सिर पर इनाम भी था। अधिकारी ने बताया कि वे राज्य सरकार की नक्सल उन्मूलन नीति और सुकमा पुलिस के पुनर्वास अभियान पूना नर्कोम (नई सुबह, नई शुरुआत) से भी प्रभावित हुए थे। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले आठ नक्सलियों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं जिन्हें कथित तौर पर सड़कें काटने, माओवादी पर्चे और पोस्टर लगाने और सुरक्षाकर्मियों की जानकारी प्राप्त करने और माओवादियों के लिए अवैध उगाही करने का काम सौंपा गया था। इन सभी ने रविवार को सुरक्षा बलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

### राजग को एग्जिट पोल के अनुमान से कहीं अधिक सीट मिलेंगी: आठवले

मुंबई। केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने रविवार को कहा कि सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को एग्जिट पोल में लगाए गए अनुमान से ज्यादा लोकसभा सीट मिलेंगी। आठवले ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए विश्वास जताया कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 543 सदस्यीय लोकसभा में 400 से ज्यादा सीट मिलेंगी। एग्जिट पोल में शनिवार को अनुमान लगाया गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार सत्ता में बने रहेंगे तथा भाजपा-नीत राजग को लोकसभा चुनाव में भारी बहुमत मिलने की उम्मीद है। इंडिया टुडे-एक्सिस मॉय इंडिया ने अपने सर्वेक्षण में राजग को 361-401 सीट मिलने की संभावना जताई है। उसका अनुमान है कि इंडिया गठबंधन को 131-166 सीट से संतोष करना पड़ेगा।

**भाजपा ने अरुणाचल प्रदेश में लगातार तीसरी बार सत्ता में की वापसी**

# अरुणाचल प्रदेश में भाजपा को प्रचंड बहुमत, 60 में 46 सीटों पर कब्जा

## कांग्रेस का प्रदर्शन निराशाजनक, महज एक सीट पर ही जीत नसीब



प्रात : किरण

ईटानगर/एजेंसी। अरुणाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव 2024 के लिए मतगणना पूरी हो गई है। अरुणाचल प्रदेश में भाजपा को प्रचंड बहुमत मिला है। भाजपा ने 60 में 46 सीटों पर कब्जा जमाया है। कांग्रेस का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है और पार्टी राज्य में महज एक सीट ही जीत सकी। राज्य की सभी 60 सीटों पर वोटों की गिनती पूरी हो गई है, जिसमें भजापा 46 सीटों पर, एनपीपी 5, एनसीपी 3, पीपीए 2, कांग्रेस एक और निर्दलीय तीन सीटों पर विजयी रहे हैं। अरुणाचल प्रदेश में 58 सीटों पर मतगणना पूरी हो गई है और भाजपा 46 सीटों पर जीत हासिल कर सत्ता पर काबिज हुई है। एनपीपी 5, एनसीपी 3, पीपीए 2 और तीन सीटें निर्दलीयों ने जीती हैं। जबकि कांग्रेस को महज एक सीट पर जीत मिली है। अरुणाचल प्रदेश की बामेंग विधानसभा सीट ही राज्य की इकलौती सीट है, जिस पर कांग्रेस उम्मीदवार कुमार वाई जीते हैं। हालांकि भाजपा उम्मीदवार दोबा लामनियो भी बहुत पीछे नहीं रहे और दोनों के बीच महज 635 वोटों का ही अंतर रहा। अरुणाचल प्रदेश में भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में वापसी कर रही है, लेकिन देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है और पार्टी निर्दलीय उम्मीदवारों से भी पिछड़ गई है।

**सीएम पेमा खांडू ने राज्यपाल को सौंपा इस्तीफा:** अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने ईटानगर के राजभवन में अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल केटी परनायक से मुलाकात की और अपना इस्तीफा सौंप दिया। राज्यपाल ने खांडू का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और मंत्रिपरिषद से नई सरकार के शपथ लेने तक बने रहने का अनुरोध किया है।

**प्रधानमंत्री मोदी ने अरुणाचल की जनता का आभार प्रकट किया:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अरुणाचल प्रदेश में भाजपा की प्रचंड जीत पर खुशी जताई है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अरुणाचल प्रदेश की जनता को धन्यवाद कहा। उन्होंने लिखा इस अद्भुत राज्य की जनता ने विकास की राजनीति को स्पष्ट जनादेश दिया है। अरुणाचल में एक बार फिर भाजपा पर अपना विश्वास जताने के लिए मेरा आभार। हमारी पार्टी राज्य के विकास के लिए और भी अधिक मजबूती से काम करती रहेगी।

**पेमा खांडू: संगीत, खेल के शौकीन पेमा खांडू ने सीमावर्ती अरुणाचल प्रदेश में फिर खिलाया कमल:** खेल और संगीत के शौकीन पेमा खांडू पिछले कुछ वर्षों में अरुणाचल प्रदेश में एक बड़े नेता के रूप में उभरे हैं, विशेषकर 2016 में पैदा हुए उस संवैधानिक संकट के बाद जिसके कारण राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाना पड़ा था। खांडू कुशल चुनावी रणनीतिकार के रूप में अपनी छवि बनाने में भी सफल रहे हैं. अपनी रणनीति की बदौलत ही उन्होंने इस पूर्वोत्तर राज्य में कमल (भाजपा का चुनाव चिह्न) फिर से खिलाया है। भाजपा ने अरुणाचल प्रदेश में लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी करते हुए रविवार को 60 सदस्यीय विधानसभा में 46 सीट जीतकर बहुमत हासिल कर लिया।

## सिक्किम में एसकेएम की आंधी, 32 में से 31 सीटें जीतीं

### एसडीएफ प्रमुख और पूर्व सीएम दोनों सीटों से हारे पूर्व सीएम चामलिंग

नई दिल्ली। सिक्किम की 32 विधानसभा सीटों में से 31 पर सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा ने एकतरफा जीत दर्ज की है। एसकेएम की आंधी में सबका सूपड़ा साफ हो गया। प्रेम सिंह तमांग के नेतृत्व में एसकेएम ने 32 में से 31 सीटों पर जीत हासिल की। सिक्किम में इस बार विपक्ष विहीन सरकार बनने जा रही है। लेकिन यह पहली बार नहीं है, जब सिक्किम में विपक्ष विहीन सरकार बन रही है। इससे पहले भी 2009 के विधानसभा चुनाव में एसडीएफ ने 32 की 32 सीटों पर जीत हासिल की थी और पवन चामलिंग राज्य के मुख्यमंत्री बने थे। इसी तरह से 2004 के विधानसभा चुनाव में भी एसडीएफ को 31 सीटें और कांग्रेस को केवल एक सीट मिली थी। तब भी विपक्ष में कोई पार्टी नहीं थी। एसकेएम- 31, एसडीएफ- 01

**सिक्किम: पूर्व सीएम दोनों सीटों से हारे, राष्ट्रीय दलों को नकारा**

अरुणाचल प्रदेश में भाजपा के मुख्यमंत्री पेमा खांडू सहित सभी बड़े नेता जीते जबकि सिक्किम में एसडीएफ प्रमुख और पूर्व सीएम पवन चामलिंग दो सीटों से लड़ रहे थे। वे दोनों ही सीटों से हार गए। नामची-सिंघीथांग सीट पर मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग की पत्नी कृष्णा कुमारी राय (एसकेएम) ने पूर्व सीएम को शिकस्त दी। जबकि



मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग सहित उनके मंत्रिमंडल के सभी साथी जीते। सीएम प्रेम सिंह तमांग ने दो सीटों पर चुनाव लड़ा था, दोनों पर जीत हासिल की। वहीं राष्ट्रीय दलों भाजपा और कांग्रेस खाता भी नहीं खुल पाया। यहां के लोग क्षेत्रीय अस्मिता को प्रमुखता देते हैं। यहां के लोगों को बाहर से ज्यादा अपने ही स्थानीय लोगों पर भरोसा है। कहते हैं, हमारे स्थानीय मुद्दों को राष्ट्रीय पार्टियां समझ नहीं सकतीं। इसके साथ ही एक दिलचस्प जो देखने को मिली, यहां के लोगों में धैर्य बहुत है और किसी भी राजनीतिक दल को पूरा-पूरा मौका देते हे।

**तमांग ने जिद और जज्बे से बनाया मुकाम:** प्रेम सिंह तमांग पश्चिम सिक्किम से आते हैं। 1990 के दशक की शुरूआत से सक्रिय राजनीति करने वाले प्रेम सिंह तमांग ने 2019 में सिक्किम की 25 वर्षों की पुरानी पार्टी को पवन चामलिंग की सत्ता को उखाड़ फेंका।

**प्रधानमंत्री ने की लू से निपटने और मानसून की तैयारियों की समीक्षा**

# केंद्र सरकार चक्रवात प्रभावित राज्य को पूरा सहयोग देना जारी रखेगी : मोदी

## पीएम ने सार्वजनिक स्थानों पर आग से सुरक्षा सुनिश्चित करने पर दिया जोर

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को दो महत्वपूर्ण बैठकों में देशभर में जारी लू के कहर और चक्रवाती तूफान रेमल से पूर्वोत्तर राज्यों में हुई तबाही से जुड़े राहत कार्यों की समीक्षा की। प्रधानमंत्री ने आग की घटनाओं को रोकने और उनसे निपटने के लिए नियमित आधार पर उचित अभ्यास जारी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने अस्पतालों और अन्य सार्वजनिक स्थानों का फायर ऑडिट और इलेक्ट्रिकल सेफ्टी ऑडिट नियमित रूप से कराने का निर्देश दिया।

प्रधानमंत्री तूफानी चक्रवात रेमल से प्रभावित राज्यों पर चक्रवात के प्रभाव के बारे में जानकारी ली और आश्वासन दिया कि प्रभावित राज्यों को केंद्र सरकार पूरा सहयोग देना जारी रखेगी। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार सुबह लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर देश में पड़ रही भीषण गर्मी की स्थिति और मानसून की शुरूआत की तैयारियों की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री को बताया गया कि आईएमडी के पूवानुर्मान के अनुसार राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में गर्मी का प्रकोप जारी रहने की संभावना है। इस वर्ष देश के अधिकांश हिस्सों में मानसून सामान्य एवं सामान्य से ऊपर और प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य से कम रहने की संभावना है। प्रधानमंत्री ने निर्देश दिया कि आग की घटनाओं को रोकने और उनसे निपटने के लिए उचित अभ्यास नियमित आधार पर किया जाना चाहिए। अस्पतालों और अन्य सार्वजनिक स्थानों का अग्नि ऑडिट और विद्युत सुरक्षा ऑडिट नियमित रूप से किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जंगलों में फायर-लाइन के रखरखाव और बायोमास के उत्पादक उपयोग के लिए नियमित अभ्यास की योजना बनाई जानी चाहिए। प्रधानमंत्री को जंगल की आग की समय पर पहचान और उसके प्रबंधन में वन अग्नि पोर्टल की उपयोगिता के बारे में बताया गया। बैठक में प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव, कैबिनेट सचिव, गृह सचिव, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव, एनडीआरएफ के महानिदेशक और एनडीएमए के सदस्य सचिव के साथ-साथ पीएमओ और संबंधित मंत्रालयों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। एक अन्य बैठक में प्रधानमंत्री ने चक्रवात रेमल से प्रभावित क्षेत्रों में चलाए जा रहे राहत कार्यों की समीक्षा की। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री को प्रभावित राज्यों पर चक्रवात के प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई। बैठक में मिजोरम, असम, मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा में भूस्खलन और बाढ़ के कारण हुई जान-माल की हानि और घरों तथा संपत्तियों को हुए नुकसान के बारे में भी चर्चा की। आवश्यकतानुसार एनडीआरएफ की टीमें तैनात की गई हैं। टीमों ने लोगों को सुरक्षित निकालने, एयरलिफ्टिंग और सड़क साफ करने के अभियान चलाए हैं। बैठक के दौरान यह बताया गया कि गृह मंत्रालय राज्य सरकारों के साथ नियमित संपर्क में है। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार चक्रवात प्रभावित राज्य को पूरा सहयोग देना जारी रखेगी। प्रधानमंत्री ने गृह मंत्रालय को स्थिति पर नजर रखने और स्थिति की नियमित समीक्षा करने का निर्देश दिया, ताकि पुनर्स्थापना के लिए आवश्यक सहायता प्रदान की जा सके। बैठक में प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव, कैबिनेट सचिव, गृह सचिव, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव, एनडीआरएफ के महानिदेशक और एनडीएमए के सदस्य सचिव के साथ-साथ प्रधानमंत्री कार्यालय और संबंधित मंत्रालयों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# सीएम नीतीश कुमार दिल्ली हुए रवाना

प्रात : किरण



पटना/एजेंसी। देश में लोकसभा चुनाव के नतीजों की घोषणा से पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के लिए रवाना हुए जहां उनके कुछ दिनों तक ठहरने की संभावना है। इस दौरे को नीतीश कुमार की निजी यात्रा बताया जा रहा है। हालांकि इस बात की सूचना मिल रही है कि नीतीश कुमार अपनी नई दिल्ली यात्रा के दौरान भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेताओं से मुलाकात कर सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि वित्त आयोग का एक प्रतिनिधिमंडल 10 जून को पटना आ सकता है और उसके साथ बिहार सरकार की राज्य के लिए विशेष दर्जा और विशेष पैकेज की मांग पर चर्चा हो सकती है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा बिहार के लिए केंद्रीय कोष में हिस्सेदारी बढ़ाने की मांग पर भी चर्चा हो सकती है।

# जयराम के बयान पर चुनाव आयोग गम्भीर, नोटिस भेजकर मांगा जवाब

प्रात : किरण




नई दिल्ली/एजेंसी। चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेता जयराम रमेश के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मतगणना से पहले 150 जिला अधिकारियों को फोन करने संबंधी दावे को गंभीरता से लेते हुए उन्हें नोटिस भेजा है और रविवार शाम तक इस मामले में आरोपों का आधार बताते हुए स्पष्टीकरण देने को कहा है। आयोग ने नोटिस में श्री रमेश के शनिवार को सोशल मीडिया एक्स के पोस्ट का हवाला देते हुए उनसे जवाब मांगा है। इस पोस्ट में श्री रमेश ने दावा किया,निवर्तमान गृह मंत्री ने डीएम को फोन किया है। अब तक 150 से बात भी कर ली है।आयोग ने श्री रमेश को कड़क नोटिस भेजकर कहा,आप अपनी बातों का प्रमाण के साथ हमें जवाब भेजें, क्योंकि चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है और स्वतंत्र तथा निष्पक्ष चुनाव के लिए देश का सारा प्रशासन आयोग के अधीन आ जाता है और जिलाधिकारी तथा जिले के अन्य सभी बड़े अधिकारी रिटर्निंग ऑफिसर के तौर पर आयोग के निर्देशन में काम करते हैं।

आयोग को आपको यह बताना होगा कि आपकी इस जानकारी और इस सार्वजनिक पोस्ट का आधार क्या है। श्री रमेश ने शनिवार को कहा,निवर्तमान गृह मंत्री आज सुबह से ज़िला कलेक्टर्स से फोन पर बात कर रहे हैं। अब तक 150 अफसरों से बात हो चुकी है। अफसरों को इस तरह से खुल्लमखुल्ला धमकाने की कोशिश निहायत ही शर्मनाक है एवं अस्वीकार्य है। याद रखिए कि लोकतंत्र जनादेश से चलता है, धमकियों से नहीं। चार जून को जनादेश के अनुसार श्री नरेन्द्र मोदी, श्री अमित शाह व भाजपा सत्ता से बाहर होंगे एवं इंडिया समूह विजयी होगा।

# केजरीवाल ने तिहाड़ जेल में किया आत्मसमर्पण

## जेल जाने से पहले माता-पिता का लिया आशीर्वाद

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत की अवधि खत्म होने पर उन्होंने रविवार को तिहाड़ जेल में आत्मसमर्पण किया। जेल जाने से पहले उन्होंने अपने माता-पिता के पैर छुए और उनका आशीर्वाद लिया। साथ ही अपने बच्चों को भी गले लगाया। इस दौरान वह भावुक नजर आए। आवास से निकलने के बाद वह अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल और पार्टी नेताओं के साथ राजघाट पहुंचकर राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित किए। उनके साथ मौजूद अन्य आप नेताओं ने भी महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद वह पार्टी नेताओं के साथ कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में दर्शन करने के लिए गए। यहां उन्होंने भक्ति-भाव से भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना की। यहां वह दोनों हाथ जोड़े खड़े नजर आए। पूजा अर्चना करने के बाद वह डीडीयू मार्ग में आम आदमी पार्टी के मुख्यालय में पहुंचे। यहां सड़क के आस-पास कार्यकर्ता उनका समर्थन करते दिखे। ऐसे में वह अपने आवास से निकलने बाद और तिहाड़ जेल पहुंचने तक अलग-अलग अंदाज में नजर आए। केजरीवाल ने आवास से निकलते ही गाड़ी के अंदर से हाथ हिलाकर बाहर खड़े अपने समर्थकों का अभिवादन किया। साथ ही, कुछ सैकेंड गाड़ी भी रोकी उसके बाद अपने साथियों के साथ वह राजघाट की ओर रवाना हो गए। इस दौरान उनके साथ दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज, कैलाश गहलोत और आतिशी समेत उनके कई सहयोगी साथ थे। उन्होंने पॉलिटिकल अफेयर कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक भी ली। इसमें पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ सांसद, मंत्री व नेता मौजूद रहे। सिविल लाइंस स्थित केजरीवाल के आवास में सुबह से पार्टी नेताओं का आना-जाना लगा था। हर कोई जेल जाने से पहले उनसे मुलाकात करने ले लिए आ रहा था। जैसे ही पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान अपने काफिले के साथ यहां पहुंचे वैसे ही आस-पास चहल कदमी तेज हो गई। दोपहर तक उनके आवास में पार्टी के नेताओं का तांता लगा रहा। वह अपने आवास से दोपहर तीन बजे से पहले ही निकल गए थे।

**पार्टी मुख्यालय में किया कार्यकर्ताओं ने स्वागत :** केजरीवाल के पार्टी मुख्यालय में आते ही कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। हर कोई उन्हें जेल जाने से पहले एक बार देखने को बेताब नजर आया। मुख्यालय में कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान वह कुछ कार्यकर्ताओं से गले और उनका धन्यवाद करते दिखे।

**संशोधन**

**विश्व स्वास्थ्य सभा ने 300 प्रस्तावों के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य विनियम 2005 में संशोधन स्वीकार किया**

# विश्व स्वास्थ्य सभा में अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य विनियम 2005 में संशोधन

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात और महामारी संबंधी स्थितियों से निपटने में सभी देशों की क्षमता में सुधार करने के उद्देश्य से विश्व स्वास्थ्य सभा ने 300 प्रस्तावों के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य विनियम 2005 में संशोधन स्वीकार किया है।

केंद्रीय स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय ने रविवार को यहां बताया कि स्विट्जरलैंड की जिनेवा में 77 वीं विश्व स्वास्थ्य सभा की छह दिन तक चले अधिवेशन में स्वीकृत प्रस्ताव में स्वास्थ्य आपात स्थितियों के दौरान प्रासंगिक स्वास्थ्य उत्पादों तक समान पहुंच की सुविधा के साथ-साथ आवश्यक मुख्य सुविधाओं के निर्माण, सुदृढ़ीकरण और रखरखाव में विकासशील देशों को सहयोग देने के लिए वित्तीय संसाधन जुटाने के प्रावधान शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा है कि इस प्रस्ताव को तैयार करने में भारत के विशेष भूमिका रही है और केंद्रीय स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव अपूर्व चंद्रा ने विश्व स्वास्थ्य सभा की महत्वपूर्ण समिति ए के अध्यक्ष के रूप में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। संशोधनों को अंतिम रूप देने के लिए, 28 मई को विश्व स्वास्थ्य सभा की समिति ए के अध्यक्ष के रूप में श्री चंद्रा ने श्वेत पत्र के रूप में एक प्रस्ताव रखा। इसमें एक एकल मसौदा समूह की स्थापना का प्रस्ताव रखा गया। इस प्रस्ताव को सभी सदस्य देशों ने सर्वसम्मति से अनुमोदित किया। इसके बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन सचिवालय और सदस्य देशों के प्रतिनिधियों के साथ 77 वीं विश्व स्वास्थ्य सभा के समापन सत्र में संशोधनों में आम सहमति बनायी गयी। परिणामस्वरूप, एक जून को 77 वीं विश्व स्वास्थ्य सभा में सर्वसम्मति से (2005) में संशोधन का प्रस्ताव अपनाया गया। वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंडे में एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में, 77 वीं विश्व स्वास्थ्य सभा ने कोविड-19 महामारी के बाद सदस्य देशों के 300 प्रस्तावों के आधार पर अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य विनियम (आईएचआर 2005) में संशोधनों पर सहमति व्यक्त की। अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य विनियमन पर कार्य समूह और महामारी पर अंतर-सरकारी वार्ता निकाय ने विभिन्न राष्ट्रों के प्रतिनिधियों के साथ लगभग दो साल पहले दो अलग-अलग समूहों में वार्ता प्रक्रिया शुरू की और इस मुद्दे पर कई बार फिर से शुरू किए गए सत्रों सहित कई बार बैठकें कीं।

# डाक मतपत्र गणना पहले करने के मुद्दे पर आयोग से मिला बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। विभिन्न दलों के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को चुनाव आयोग से मुलाकात की और कहा कि डाक मतपत्र चुनाव परिणाम में अहम भूमिका निभाते रहे हैं इसलिए पोस्टल बैलट की गणना पहले की जानी जरूरी है। कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने चुनाव आयोग से प्रतिनिधि मंडल की मुलाकात के बाद यहां निर्वाचन सदन के बाहर मौजूद पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव में पोस्टल बैलट की अहम भूमिका होती है जो चुनाव परिणामों को इधर से उधर कर सकते हैं। इससे पहले 2019 में आयोग से आग्रह किया गया था कि पोस्टल बैलेट की गिनती पूरी होने से पहले मतपत्रों की गणना का काम खत्म नहीं किया जा सकता है और तब तक चुनाव परिणाम की घोषणा नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने 2019 के दिशानिर्देशों को बदला है जबकि नियम के अनुसार गाइडलाइन देकर आयोग नियमों को बदल नहीं सकता है। उनका कहना था कि कई बार पोस्टल बैलट के आधार पर भी चुनाव परिणाम बदले हैं इसलिए यह प्रावधान बनाया गया था। कानून के तहत आयोग दिशा निर्देश जारी करके नियम नहीं बदल सकता है।

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल इससे पहले भी आयोग से इस बारे में दो बार मिल चुका है और आज वह इन मुद्दे पर तीसरी बार आयोग से मिला है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता सीताराम येचुरी ने कहा कि मतगणना के दिन मतगणना अधिकारी से जब पहले पोस्टल बैलट पेपर की गणना की बात की जाती है तो उनका कहना होता है कि इस बारे में आयोग से आदेश लेकर के आएं जो मतगणना के दिन संभव नहीं होता है इसलिए हमने आज आयोग से मुलाकात कर यह अनुरोध किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा नेता से मारपीट के मामले में दर्जन भर के विरूद्ध मामला दर्ज

दानापुर नगर के अंतर्गत भाजपा नेता से मारपीट मामले में पुलिस ने जख्मी कर्मवीर सारंधर के ब्यान पर पार्षद अनिल कुमार समेत दर्जन भर अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। इसके साथ ही पुलिस मामले की छानबीन में लगी है। उधर कार्यकर्ता के पीटाई की जानकारी मिलते ही एनडीए प्रत्याशी राम कृपाल यादव जख्मी कार्यकर्ता कर्मवीर से मिलने अस्पताल पहुंचे। उन्होने अस्पताल मे भर्ती कर्मवीर से हाल चाल जाना व घटना की जानकारी ली। उन्होने कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए कहा कि किसी को बक्सा नही जायेगा। ऐसे लोगो के विरुद्ध कार्रवाई होगी। घटना पर मंडल अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, अखिलेश कुमार उर्फ मुटुर साव, बंटी गुप्ता, संजय यादव, भानू सिंह आदि ने रोष प्रकट किया है। रविवार को भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार जख्मी कर्मवीर से मिलकर हाल चाल जाना। उधर थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया कि जख्मी के ब्यान पर मामला दर्ज कर पार्षद अनिल कुमार समेत दर्जन भर अज्ञात लोगो को आरोपित किया गया है।

### दानापुर रेल मंडल में सघन टिकट चेकिंग अभियान जारी

दानापुर खगौल रेल मंडल के विभिन्न खण्डो मे बिना टिकट उचित प्राधिकार के रेल यात्रा करने के विरुद्ध निरंतर टिकट चेकिंग अभियान सघनतापूर्वक चलाया गया। इस दौरान वाणिज्य विभाग के अधिकारियों की अलग-अलग टीम तथा टिकट चेकिंग दस्ते एवं आरपीएफ जवान तैनात कर प्लेटफार्मों तथा स्टेशन से गुजरने वाली गाड़ियों में गहनता से टिकट जांच कराया गया।दानापुर मंडल द्वारा मई 2024 माह के दौरान अनियमित बिना टिकट के विरुद्ध यात्रा करने वालों 1.08 लाख यात्रियों से जुमानें के रूप में 6.95 करोड़ रुपये वसूल किये गये हैं।इस टिकट जांच अभियान में दानापुर मंडल के वाणिज्य विभाग के अधिकारी एवं टिकट चेकिंग स्टाफ तथा आरपीएफ स्टाफ भी शामिल रहे। इस तरह के टिकट चेकिंग अभियान मंडल में आगे भी जारी रहेगा।

### एक्जिट पोल से उत्साहित एनडीए घटक दल कर रहे जश्न की तैयारी

पटना सिटी, पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव को लेकर एक्जिट सर्वे से खासा उत्साहित हैं। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर मिश्र, महानगर प्रवक्ता राजेश साह और प्रदीप काश का कहना है कि एनडीए के प्रचंड जीत के जश्न की तैयारी की जा रही है। भाजपा युवा मोर्चा के मयंक जायसवाल, अश्विनी राज यादव, गुंजन कुमार ने कहा कि वे सब अबीर गुलाल मिठाई व ढोल ताशा की तैयारी कर रहे हैं। आयोजन को लेकर प्रवक्ता सुमित सोनी, विनित कुमार, शंकर मेहता, यश राज, पारस सरावगी, शशिकांत शुक्ला के साथ अन्य कार्यकर्ता इसकी तैयारी में लगे हैं। हालांकि जदयू और लोजपा (रामविलास) के नेता व कार्यकर्ता भी जीत के जश्न को मनाने में पीछे नहीं हैं। वह सब भी अपनी ओर से जश्न मनाए जाने की तैयारी अलग-अलग कर रहे हैं।

### संगीत के पर्याय थे अमित गुप्ता

पटना सिटी (प्राकि)। युवा हृदय में संगीत की अजब की जानकारी और फनकारी थी। वादन शैली का जवाब नहीं था। किसी भी गीत का रिद्म तैयार करना हो, तो क्षण भर में तैयार कर लेते थे। वास्तव में वह संगीत के पर्याय थे। यह बात स्वरांजलि द्वारा आयोजित पुण्यतिथि पर संगीत मर्मज्ञ डॉ ध्रुव कुमार, दूरदर्शन के निदेशक डॉ राजकुमार नाहर, संयोजक अनिल रश्मि, पं. ओम प्रकाश चौबे, राजकिशोर पांडेय, जिम्मी गुप्ता, दुग्गु, सतराज, सतीश, आलोक चौबे, सीजर, प्रीतम, नेक आलम, नितिन कुमार वर्मा, जितेंद्र कुमार पाल, सुनील, सुशील, सीमा तृप्ति, सुनीता रानी, पम्मी वर्मा आदि कलाकारों ने कहीं।

### बंद घर के ताला काटकर लाखों रुपए की चोरी की

दानापुर। रूपसपुर थाना क्षेत्र के आरपीएस मानसरोवर रोड 9 में मतदान करने गए एक वोटर के घर चोरो ने एक लाख नगद समेत लाखो के जेवरात एवं अन्य सामान ले भागे। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। इस बाबत अमन ने लिखित शिकायत की है। प्राप्त समाचार के अनुसार रुपसपुर थाना इलाके के मानसरोबर रोड नंबर -09 स्थित निवासी राहूल कुमार के घर में अमन विधार्थी किराये पर रहते है। घर के प्रथम तल्ले पर मकान मालिक एवं दूसरे तल्ले पर एक और किरायेदार रहता है। मकान मालिक गर्मी छुट्टी पर समस्तीपुर अपने गांव गये हुए है। दूसरे किरायेदार भी गांव गये हुए है। घटना के वक्त घर में कोई भी नहीं था। अमन की पत्नी भी मायका गयी हुई थी। शनिवार को अमन मतदान करने घर में ताला बंद कर गये थे। बताया जाता है कि मतदान करने के बाद संध्या में जब अमन घर लौटे और अंदर गये तो उनके होश उड़ गये। कमरे में सारा सामान बिखड़ा था। बाथरूम के खिड़की टूटा था।

# पटना साहिब विस क्षेत्र से भाजपा 70-75 हजार वोट से ले सकती लीड

## कांग्रेस प्रत्याशी को पार्टी व गठबंधन दल के नेताओं नाराजगी से होगा नुकसान

**पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता, आनंद केसरी**





पटना साहिब लोकसभा संसदीय क्षेत्र के तहत आने वाला पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र इस बार फिर एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद को वोटों के मामले में लीड देने जा रहा है। इसके पीछे एक बड़ा कारण समर्पित संगठन, चुनाव लड़ने, वोटिंग करने आदि पर नीति बना कर काम करना है। वहीं दूसरी ओर इंडी गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी डॉ अंशुल अविजीत वोटरों के लिए नए चेहरे के रूप में रहे। इसके पहले उन्होंने इस क्षेत्र की समस्याओं को लेकर या जनता के बीच अपनी पहचान नहीं बनाई थी। साथ ही चुनाव के दौरान संसाधनों की कमी और नेताओं व कार्यकताओं की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरना, पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के प्रधान कार्यालय का तीन जून के बजाए एक जून की रात ही बंद हो जाना, आय-व्यय को लेकर हुए कटाक्ष के बाद चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष मोहम्मद जावेद का इस्तीफा दिया जाना आदि कारण है। यही नहीं, इस बार कुशवाहा समाज भी कांग्रेस प्रत्याशी के बजाए भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में अधिक मतदान किया है। कांग्रेस प्रत्याशी की हार का मुख्य बड़ा कारण उनके पार्टी के स्थानीय वरीय नेताओं, पदाधिकारी व कार्यकताओं की नाराजगी है, जो एक जून को हुए मतदान के दौरान वोट के रूप में तब्दील नहीं हो सका। ऐसे नेता, पदाधिकारीगण और कार्यकर्ता वोटरों को घर से निकाल कर मतदान केंद्रों पर भेजने में पूरी तरह से सफल नहीं हो पाए। एक तरह से कहें, तो पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र में डॉ अंशुल के चुनाव के केंद्रबिंदु में पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ चुके प्रवीण कुशवाहा रहे। हालांकि उन्हें भी स्थानीय नेता, समर्थक व कार्यकर्ता खोजते रहे, मगर वह सर्वसुलभ लोगों के लिए नहीं हो पाए। यही नहीं, जो पदाधिकारी, नेता कांग्रेस के लिए काम करते भी रहे, उन्हें भी वोटिंग के बाद निराशा ही हाथ लगी है। हालांकि अब चार जून को होने वाले मतगणना के लिए एजेंट का लिस्ट बना कर डीएम कार्यालय को सौंपे जाने की तैयारी दोनों दलों की ओर से जारी है या कर दिया गया है। विदित हो कि पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र में करीब तीन लाख 89 हजार वोटर हैं। यहां करीब 55.6 प्रतिशत यानी करीब दो लाख 16 हजार 284 वोट पड़ा। ऐसे में एनडीए समर्थित भाजपा प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद यहां वोट के मामले में डॉ अंशुल से आगे रहेंगे। चुनाव संयोजक दिनेश पटेल, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर मिश्रा और चुनाव प्रबंधन देख रहे नितिन कुमार रिंकू ने कहा कि वोटों का पड़ने का जो प्रतिशत है, उस हिसाब से भाजपा प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद को पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र से 70 से 75 हजार से लीड मिलेगी। वहीं दूसरी ओर इंडी गठबंधन के प्रत्याशी डॉ अंशुल अविजीत के हार के मामले में अधिकांश कांग्रेसी व राजद नेताओं का कहना है कि संसाधन की कमी और सही तालमेल नहीं करना हार का बड़ा कारण हो सकता है। पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र में रहे भूत के एजेंट चुनाव समाप्त होने के बाद पार्टी के प्रधान कार्यालय पहुंचे और यहां स्थानीय विधायक नंदकिशोर यादव, दिनेश पटेल, प्रभाकर मिश्रा, नितिन कुमार रिंकू, रंजीत कुमार सिन्हा उर्फ तन्नू, महानगर के प्रवक्ता राजेश साह, प्रदीप प्रकाश, अन्य मंडल व वार्ड अध्यक्ष आदि की मौजूदगी में बूथवार कितना वोट था, कितना वोट पड़ा और भाजपा को कितना मिलेगा, नोट कराया गया। वहीं दूसरी और कांग्रेस प्रत्याशी की ओर से स्थानीय स्तर पर नेताओं के द्वारा ऐसा कुछ भी किए जाने की सूचना नहीं है। हालांकि कांग्रेस के वरीय नेता प्रवीण कुशवाहा कहते हैं कि कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में गठबंधन के हर दल के पदाधिकारी, नेता और कार्यकर्ता से लेकर समर्थकों ने मन से काम किया है और वह स्थानीय जनता से कहेंगे कि वे अफवाह में न पड़ें। आपने विकास नहीं विनाश करने वाले भाजपा के प्रत्याशी को अपने वोट की शक्ति से न हराने का काम किया है।

# बालिका शिक्षा व सशक्तिकरण अभियान पर निकले बीजू बीपी

## तख्तश्री पटना साहिब में मत्था टेका, रोटरी सम्राट ने किया स्वागत



**पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता**

रोटरी पटना सिटी सम्राट की ओर से बालिका शिक्षा और सशक्तिकरण अभियान पर बाइक से 800 दिनों के देश भ्रमण पर निकले बीजू बीपी का तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब पहुंचने पर स्वागत किया गया। वे देश के हर राज्यों का दौरा कर रहे हैं। वे रोटरी क्लब आफ त्रिवेंद्रन के सदस्य भी हैं। रविवार को यहां पहुंच कर श्री बीजू ने अभियान की सफलता के लिए दरबार साहिब में मत्था टेका। उन्होंने प्रेस प्रतिनिधियों को कहा कि वे निजी बैंक की नौकरी छोड़कर बालिका शिक्षा और सशक्तिकरण अभियान पर निकले हैं। समाज और सरकार को भी इस अभियान में जुटना चाहिए। मौके तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह ने उनके अभियान की सराहना की। इस दौरान क्लब की ओर से चार्टर अध्यक्ष विजय यादव ने उनका स्वागत किया। बीजू मंडल अगले पांच दिनों तक पटना में रह कर अपने अभियान को जन-जन तक पहुंचाएंगे। इस दौरान में गवर्नर से भी मुलाकात करेंगे। कार्यक्रम में रोटरी सम्राट के अध्यक्ष मनोज कुमार, चार्टर अध्यक्ष विजय यादव, सुधांशु प्रकाश, सुधीर प्रभात, राजेश दीवान, विनोद झुनझुनवाला, बिंदेश्वरी कपूर, सुनील केशरी, विनय लांबा, रामकुमार, सुमित चंद्रवंशी, नीरज कुमार, प्रमोद कुमार, नितिन मुकेश, कृष्ण कुमार और मास्टर बद्रीश मौजूद थे।

# जीवन में गुरु की आवश्यकता है:- महंत ब्रजेश मुनि

## कबीर पंथी आश्रम मीठापुर में कबीर कथा का द्वितीय दिवस




**प्रात :किरण संवाददाता**

पटना। कबीर पंथी आश्रम मीठापुर के कबीर साई मंदिर प्रांगण में सद्गुरु कबीर साहेब प्राकट्य महामहोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित कबीर कथा के द्वितीय दिवस पर कथावाचक आचार्य गद्दी कबीर पीठ फतुहा के संरक्षक महंत ब्रजेश मुनि महाराज ने कबीर कथा में कहा कि जीवन में गुरू की आवश्यकता है। सद्गुरू कबीर साहेब का प्रसंग बताते हुए मुनि जी ने कहा कि गुरु परंपरा की मयार्दा को ध्यान में रखते हुए सदगुरु कबीर साहेब ने भी वैष्णव संप्रदाय के संत स्वामी श्री रामानंद जी से दीक्षा प्राप्त की थी। सदगुरु कबीर साहेब ने स्वामी श्री रामानंद जी को वर्ण भेद की जाल से बाहर निकालने के लिए तथा जनकल्याण हेतु उन्हें सार्वभौम प्रतिष्ठा प्रदान करने के लिए उन्हें गुरु रूप में चुना था स्वामी रामानंद जी ने ब्रम्ह मुहूर्त में गंगा घाट पर सद्गुरु कबीर साहब को राम राम कहकर के शिष्य बनाया था इसलिए सद्गुरु कबीर साहब ने कहा है

जाके सिर गुरु ज्ञान है सोई तरत भव मांही। गुरु बिन जाने जन्तु को कबुह मुक्ति सुख नाही ।। जिसके सिर पर हृदय में गुरुदेव का शाश्वत ज्ञान उपदेश स्थित है उसका जीवन सार्थक हो जाता है। संभव नहीं है इसलिए कहा कि यह साधक तुम अपने आपको गुरुदेव के चरणों में समर्पित कर दो गुरु को कीजिए बंदगी कोटि कोटि प्रणाम। कीट न जाने भ्रंगो को गुरु करेले आप समान ।। शिष्य को शब्दों का ज्ञान कराकर अपने समान परम पद पर अवस्थित करता है इसलिए शास्त्रों में कहा गया है - ध्यान मूलं गुरु मूर्ति पूजा मूलम गुरु पदम मंत्र मूलम गुरु वाक्य मोक्ष मूलं गुरु कृपा ।। इसलिए जीवन में गुरु की परम आवश्यकता है इस अवसर पर सैंकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति थी।

# बदनाम व चुनाव लड़ने से रोकने की साजिश की जा रही : इंद्रजीत

## दरबार साहिब में एसी लगवाने में अध्यक्ष की सहमति, आधुनिक किचेन ढिल्लन के समय का

**पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता**



प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के महासचिव इंद्रजीत सिंह ने अपने पर लगाए गए आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि उन्हें बदनाम करने और चुनाव लड़ने से रोकने की साजिश रची जा रही है। हाल में स्थानीय कुछ लोगों में अमरजीत सिंह शम्मी, त्रिलोक सिंह, कमलजीत सिंह, मंजीत सिंह सहित 25 लोगों के हस्ताक्षर हैं। मगर इन सभी हस्ताक्षर का मिलान किया जाए, तो अधिकांश दो-तीन लोगों के द्वारा किया गया लगता है। कुछ लोगों के द्वारा तख्तश्री कमेटी के कार्यालय में सौंपे गए पत्र में उन पर जो आरोप लगाए गए हैं, वह बिल्कुल बेबुनियाद और निराधार है। उन्होंने कहा कि दरबार साहिब में जो अतिरिक्त एयर कंडीशन मशीन लगाई गई है, इस बाबत कंपनी के प्रतिनिधियों को बुलाकर दिखाया गया है। दरअसल बाबा महेंद्र सिंह यूकेवाले के द्वारा लगवाए गए एसी से दरबार साहिब में ठंडक नहीं हो पा रहा था। इसमें अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही से बात कर और दरबार साहिब का मुआयना करने के बाद लगवाने का काम किया गया है। आदेश में श्री सोही का भी हस्ताक्षर है। लंगर हाल में आधुनिक किचेन का मशीन लगाए जाने का काम तीन साल पहले किया गया था और अब लोगों को याद आया है। लेकिन यह काम बतौर महासचिव महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन के समय का है। उस समय कंपनी का कोटेशन भी था। अब जब मशीन खराब हो रही है, तो मेकेनिक बुलाया जाता है। वार्षिक रखरखाव करने का काम किया जा रहा है। जहां तक लीगल एडवाइजर बनाए जाने की बात है, तो बिना किसी पारिश्रमिक लिए परमजीत सिंह अंकुश बग्गा अपनी सेवा तख्तश्री कमेटी को दे रहा है। कभी गया जिला, सासाराम, तो कभी रजौली आदि मामले में वह तख्तश्री कमेटी से जुड़े मुकदमों की देखरेख कर रहा है। महासचिव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि जब अध्यक्ष के पद पर अवतार सिंह हित थे, तब उस वक्त तीन-तीन एसोसिएट सदस्य बनाए गए। किसी ने विरोध नहीं किया। तत्कालीन महासचिव महेंद्रपाल सिंह ढिल्लन के समय जमीन की खरीदी की गई। मीटिंग से पास नहीं था। फिर भी एडवांस दे दिया गया। दरअसल जमीन की खरीद-बिक्री से संबंधित आठ लोगों की परचेजिंग कमेटी उनके संयोजकत्व में बनाई गई थी, मगर किसी भी सदस्य से राय या सहमति नहीं ली गई। बाद में अध्यक्ष श्री हित ने कहा कि अब एडवांस दिया रुपया डूब जाएगा, इसलिए जो सौदा हो गया है, उसकी रजिस्ट्री करा लिया जाए। महासचिव ने स्पष्ट तौर पर कहा कि दरअसल उनके ऊपर कुछ पत्र जारी करने और बिल पास करने का अनावश्यक दबाव दिया जाता है। गलत काम को वह तरजीह नहीं देते हैं और हस्ताक्षर नहीं करते हैं। यही कारण है कि उन्हें तरह-तरह से बदनाम करने और चुनाव लड़ने से रोकने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है।

### परमीत सिंह ने तख्तश्री कमेटी की जमीन का लिया स्थिति

पटना सिटी (प्राकि)। प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के कानूनी सलाहकार बनने के बाद परमीत सिंह अंकुश बग्गा ने दरबार साहिब में रविवार को मत्था टेका और गुरु महाराज का आशीर्वाद लिया। साथ ही कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही, महासचिव इंद्रजीत सिंह, वरीय उपाध्यक्ष लखबिंदर सिंह लक्खा, उपाध्यक्ष गुरुबिंदर सिंह व सदस्यों का धन्यवाद किया। ऑफिस के अधीक्षक, मैनेजर एवं कर्मचारियों के साथ बात कर विवादित जमीन का विवरण लिया और जो चलित जमीन है, सभी रसीदों का विवरण लिया गया। अगले एक माह के अंदर विवादित एवं अन्य जमीन की रसीद और खाका तैयार करने की पूरी तैयारी की जाएगी। परमीत सिंह ने बताया कि फिलहाल ऐतिहासिक मुंगेर गुरुद्वारा साहिब में बाउंड्री होना आवश्यक है। इससे गुरु महाराज का धरोहर सुरक्षित रहेगा। साथ ही रजौली में भी विशेष ध्यान देते हुए उचित कार्रवाई जरूरी है।

# दानापुर मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर नि:शुल्क पेयजल का प्रबंधन किया गया



**प्रात :किरण संवाददाता**

दानापुर खगौल रेल मंडल के द्वारा स्टेशन पर रेल यात्रियों के लिए अपने सभी प्रमुख स्टेशनों जैसे पटना, दानापुर, पटना- साहिब,राजेंद्र नगर, मोकामा, राजगीर, आरा,बक्सर स्टेशनो पर विभिन्न सुविधाओं के साथ स्वच्छ एवं शीतल पेयजल का विशेष प्रबंध किया गया अत्याधिक गर्मी के दौरान यात्रियों की मांग को पूरा करने के लिए दानापुर मंडल अपने स्टेशनों पर पर्याप्त पीने के पानी की सुविधा सुनिश्चित कर रहा है रेलवे स्टेशन पर पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए दानापुर मंडल ने नि:शुल्क शीतल पानी की व्यवस्था की है। गर्मी के दौरान यात्रियों को पेयजल की कमी ना हो इसके लिए कई स्टेशन वाटर बिल्डिंग मशीन भी लगाई गई है। वहीं कुछ स्टेशन पर स्काउट & गाइड के सदस्यों, गैर सरकारी संगठन समाजसेवी संस्थाएं भी सेवा भावनाओं से यात्रियों की प्यास बुझाने में अपने सक्रिय योगदान दे रहे हैं। स्टेशन पर यात्रियों को शीतल जल उपलब्ध कराकर पानी की अतिरिक्त आवश्यकताओं की पूर्ति की जा रही है। इनके द्वारा ट्रेन के स्टेशन पर आते ही सामान्य श्रेणी के डिब्बे में यात्रा कर रहे यात्रियों को पानी पिलाने व खाली बोतल में शीतल जल भरने का काम भी किया जा रहा है,उद्देश्य यही है कि मंडल से गुजरने वाली ट्रेनों में कोई भी यात्री प्यासा ना रहे इससे रेल सफर की थकान और गर्मी के मौसम में बेहाल यात्रियों को राहत मिल सके ।

# मारपीट कर नगद, चोरी में पकड़ाया

**पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता**

दीदारगंज थाना क्षेत्र के निजामपुर देवी मंदिर से चोरी करने के आरोप में ग्रामीणों ने चोर को पकड़ पीटने के बाद पुलिस को सौंप दिया। देवी मंदिर से मुनचुन कुमार एमप्लीफायर चोरी कर रहा था। तभी उसे पकड़ पिटाई कर पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस ने बताया कि इस मामले में बबलू सिंह के द्वारा मामला दर्ज कराया गया है। मारपीट कर रुपए छिना इधर बाइपास थाना क्षेत्र के करमलीचक के पास निमार्णाधीन नाला के निर्माण में शामिल कंपनी के कर्मी के साथ मारपीट की गई। उससे करीब 20 हजार रुपया झपटे जाने की शिकायत कर्मी ने की है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में करमलीचक निवासी नीतीश कुमार ने दो साथियों को आरोपित करते हुए मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# ज्यादातर एग्जिट पोल ने लगायी एनडीए 400 पार पर मुहर : प्रभाकर

**पटना, प्रात :किरण संवाददाता**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने कहा कि ज्यादातर एग्जिट पोल ने एनडीए 400 पार पर मुहर लगा दी है। एनडीए की सीटों का आंकड़ा 400 के निश्चित रूप से जाएगा। उन्होंने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भाजपा कभी भी हवा में बात नहीं करती, उसके दावे तथ्य पर आधारित होते हैं। यहीं कारण है कि भाजपा जो कहती है, वह सच होकर सामने आता है। एग्जिट पोल भी यही साबित करता है। श्री मिश्र ने कहा कि यह तय है कि एग्जिट पोल में अपनी करारी शिकस्त के बाद एक बार फिर घमंडिया गठबंधन अपनी हार और नाकामियों का ठीकरा इवीएम पर फोड़ेगा। कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की हार की सबसे बड़ी वजह यही है कि वह अपनी हार का कारण नहीं ढूंढ, हार का ठीकरा दूसरे पर फोड़ते हैं। श्री मिश्र ने कहा कि एग्जिट पोल में बिहार में इंडी गठबंधन को कुछ सीटें जीतते दिखाया गया है, लेकिन वह वास्तविकता से दूर है और यह तय है कि बिहार में उन सबों का सुपड़ा साफ हो जाएगा। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि अरुणाचल विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत ने बता दिया है कि देश में अब सिर्फ विकास की राजनीति चलेगी।अब यहां एक बार फिर विकास की जीत हुई है।

# बेगूसराय का दो एचडब्ल्यूसी सूबे के स्वास्थ्य केंद्रों के लिए बना मिसाल

- कटरमाला और बारु दक्षिणी एचडब्ल्यूसी को मिला है राष्ट्रीय स्तर का प्रमाणीकरण
- 141 तरह की दवाएं और 14 तरह की जांच उपलब्ध है एचडब्ल्यूसी कटर माला में

**प्रात :किरण संवाददाता**



पटना। अमूमन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) का जिक्र आने पर हमारे मन में सामान्य स्वास्थ्य सुविधाओं वाली स्वास्थ्य केंद्र की तस्वीर उभरती है। पर इनमें ही कुछ ऐसे एचडब्ल्यूसी हैं जिन्होंने न सिर्फ राज्य को गौरवान्वित किया है, बल्कि सूबे के अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों को अपने बूते राह भी दिखा रहे हैं। हाल ही में बेगूसराय जिले के दो हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर कटरमाला और बारु दक्षिण को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंर्डड के तहत राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है। इन दोनों एचडब्ल्यूसी ने एनक्यूएसस के हर मानक पर खरा उतर अपने क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण और उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा देने में मिसाल कायम की है। इन्हें राष्ट्रीय प्रमाणीकरण के सात मानकों में कुल 90.99 प्रतिशत अंक मिले हैं। चुनौतियों को बनाया माध्यम कटरमाला एचडब्ल्यूसी के सीएचओ सतीश रमण ने बताया कि सबसे पहला काम इस सेंटर पर यहां के इंफ्रा उन्नति के लिए किया गया। जनरेटर और इन्वर्टर के माध्यम से बिजली की व्यवस्था, मरीजों के लिए पानी और दो शौचालय की व्यवस्था की गयी। इसके बाद सर्विस पर ध्यान दिया गया जिसके अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति और जन आरोग्य समिति के सहयोग से 151 तरह की आवश्यक दवाओं के साथ 14 तरह की जांच की उपलब्धता और प्रतिदिन ओपीडी संचालित हो इसके लिए एक डेडिकेटेड एएनएम की उपलब्धता सुनिश्चित की गयी। इसके अलावा दी जाने वाली सेवाओं में एएनसी सर्विस, एनसीडी स्क्रीनिंग, टेली–कंस्लटेशन जैसी सुविधाओं को सुलभ बनाया गया। प्रत्येक महीने की 14 तारीख को सेंटर पर स्वास्थ्य मेला का भी आयोजन किया जाता है। इमरजेंसी की सुविधा भी है उपलब्ध सीएचओ डॉ सतीश रमण ने बताया कि इस हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर एक बेड की इमरजेंसी सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे यहां फर्स्ट एड की सुविधा और विषम परिस्थिति में एसबीए प्रशिक्षित नर्स द्वारा सामान्य प्रसव भी कराई जाती है। दूसरी तरफ, बेगूसराय के नवाकोठी प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजीव रंजन कहते हैं कि कटरमाला एवं बारु दक्षिणी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की उपलब्धि और दी जाने वाली सेवाएं पूरे जिले के लिए प्रेरणादायक हैं। एक स्वास्थ्य प्रमुख होने के नाते हमने भी अपने यहां हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर मौजूद चुनौतियों को ध्यान में रखकर उन पर काम करना शुरू किया है, ताकि हम भी समाज के अंतिम पायदान तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करा पाएं। प्रमाणीकरण के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी एनक्यूएएस के नेशनल ऐसेसर डॉ महताब सिंह कहते हैं कि किसी एक स्वास्थ्य केंद्र के प्रमाणीकरण के लिए सामूहिक प्रयास बेहद जरूरी है। यह प्रयास निचले स्तर से लेकर उच्च स्तर तक के स्वास्थ्य कर्मियों को करना होता है। इसके बावजूद प्रमाणीकरण मिले और स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सके, उसके लिए वित्तीय सोर्स की मजबूती, डेटा मैनेजमेंट, स्किल्ड स्वास्थ्यकर्मी, बेहतर प्रशासनिक एवं प्रबंधन व्यवस्था, निरंतर गैप एनालिसिस, बेहतर इंफ्रा का होना बेहद ही जरूरी है। सामुदायिक सहभागिता और उसका प्रभाव भी जरूरी एनक्यूएएस के राज्य ऐसेसर डॉ धीरेन्द्र का मानना है कि अगर कोई हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर वेल ऑक्यूपाइड और सुविधाओं से लैस हो तो भी इसके लिए उस स्वास्थ्य केंद्र के लिए सामुदायिक सहभागिता बहुत मायने रखती है। समुदाय स्वास्थ्य की आवश्यकता, सामुदायिक कार्यक्रम और स्वास्थ्य शिक्षा को बल देना होगा। शायद इसीलिये कटरमाला और बारु हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर एनक्यूएएस राज्य में एनक्यूएस प्रमाणीकरण की मिसाल बना है।

# छः दिवसीय कथक नृत्य कार्यशाला का हुआ शुभारंभ



**प्रात :किरण संवाददाता**

पटनाः संगीत शिक्षायतन के द्वारा हनुमान नगर स्थित संगीत शिक्षायतन प्रांगण में छः दिवसीय कथक नृत्य कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। लगभग 50 प्रशिक्षु तथा कला विशेषज्ञ शामिल थे। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूवात हुई। प्रथम दिन सभी प्रतिभागियों ने नृत्य की मुद्रा में प्रणाम, तत्कार किया। *छोटे प्रशुक्षुओ ने अदागत तथा बड़े प्रशिक्षुओं ने रुद्राष्टकम पर कथक नृत्य सीखना प्रारंभ किया। योग प्रशिक्षक अभिषेक कुमार ने योग की प्रारंभिक आसन का प्रायोगिक करते हुए उसके लाभ को बताया। संस्था की न्यासी ने कार्यशाला में होने वाले विषयों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इसमें कथक नृत्य की बारीकियों को परंपरागत तरीके से बताया जाएगा। हस्तक, पद संचालन तथा आंगिक गति पर नियंत्रण के गूढ़ बताए जाएंगे। नृत्य में योग की प्रासंगिकता और उसके अभ्यास कराए जायेंगे। प्रस्तुति परक कार्यशाला में तैयार अंक की प्रस्तुति कार्यशाला के बाद आयोजित होगी। सभी प्रतिभागियों को समापन समारोह में प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## संक्षिप्त खबरें

### एईएस को लेकर सजग रहने की जरूरत : डीएम

मुजफ्फरपुर ।जिलाधिकारी द्वारा बोचहा प्रखंड के पारसनाथ उच्च विद्यालय में एईएस जागरूकता हेतु संध्या चौपाल में संबोधित किया । उन्होंने कहा,बोचहा पूर्व से भी एइएस ग्रसित प्रखंड रहा है, इस वर्ष भी अबतक दो बच्चों में एईएस के लक्षण दिखे, जिसे अस्पताल में बेहतर इलाज किया गया।इस वर्ष भी सजग रहने की जरूरत है ।जिलाधिकारी द्वारा आशा, आंगनवाड़ी सेविका एवं जीविका की दीदियों को यह निदेश दिया गया की वे अनवरत गृह भ्रमण करें,किसी भी बच्चे के बीमार होने की सूचना अपने प्रभारी चिकत्सा पदाधिकारी को दें, अविलंब एम्बुलेंस या निजी गाड़ी से उन्हें अस्पताल लेजाएं।पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी हमसब जीरो डेथ एवं कम से कम एईएस के प्रकोप को कम करने में सक्षम रहेंगे।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौत

मधुबनी शुक्रवार की रात प्रखंड के साहरघाट थाना क्षेत्र के एसएच 75 पथ पर साहरघाट कोशी नहर के समीप एक अज्ञात वाहन की ठोकर से बुरी तरह जख्मी एक युवक की इलाज के लिए दरभंगा ले जाने के दौरान रास्ते में ही मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान इसी थाना क्षेत्र के पिहवाड़ा गांव के स्व. राम हृदय पांडेय के 33 वर्षीय पुत्र आनंद पांडेय के रूप में हुई है। मृतक साहरघाट से वापस अपने घर पिहवाड़ा लौट बाजार रहा था। घटना के बाद ठोकर मारने वाला चालक वाहन को लेकर वहां से फरार हो गया।फिर स्थानीय लोगों द्वारा घटना की सूचना साहरघाट थाना को दी गई। जिसके बाद थानाध्यक्ष अरविंद कुमार सदल बल घटनास्थल पर पहुंचे।

### प्रेस लिखी बाइक से शराब की तस्करी कर रहे को किया गिरफ्तार

मधुबनी स्थानीय थाना पुलिस ने एक प्रेस लिखी बाइक से शराब की तस्करी कर रहे एक तस्कर को 32 बोतल नेपाली विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार तस्कर की पहचान सीतामढ़ी जिले के पुपरी थाना क्षेत्र के पूरा गांव निवासी बिंदेश्वर झा के रूप में हुई है।थाना के एसआई अमर उरांव के नेतृत्व में उक्त कार्रवाई बिहारी राइस मिल के समीप की गई।जहां प्रेस लिखे बाइक पर सवार तस्कर पुलिस बल को देखते ही गाड़ी घुमाकर भागने की कोशिश करने लगा।लेकिन जवानों ने खदेड़कर इसे दबोच लिया।फिर तलाशी के दौरान उसके बाइक की डिक्की और सीट के नीचे से विदेशी शराब बरामद हुई। थानाध्यक्ष पंकज कुमार चौधरी ने बताया कि मद्य निषेध अधिनियम में मामला दर्ज कर गिरफ्तार तस्कर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### विजय जुलूस निकालने पर लगी प्रतिबंध

मनीगाछी(दरभंगा)। लोकसभा चुनाव 2024 की मतगणना आगामी 4 जून को होनी है। उसी दिन मतगणना का परिणाम भी घोषणा होनेवाली है।इसी को लेकर नेहरा थाना पर रविवार को शांति समिति की बैठक थानाध्यक्ष राज किशोर राय की अध्यक्षता में हुई।बैठक में थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि,विभिन्न दलों के नेताओं व गणमान्य लोगों ने भाग लिया। थानाध्यक्ष ने सभी लोगों से क्षेत्र में शांति बनाए रखने की अपील करते हुए जुलूस नहीं निकालने का निर्देश दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि अगर कोई भी लोग जुलूस या डीजे निकालते हैं तो उनपर प्राथमिकी दर्ज करते हुए कानूनी कार्रवाई की जाएगी।बैठक में बिनोद सदाय,श्याम सहनी, अवधेश पासवान, मुकेश महतो, अभय प्रकाश पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे।

# पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण मतगणना की सारी तैयारियां पूरी

प्रात: किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। लोकसभा चुनाव अंतर्गत मुजफ्फरपुर एवं वैशाली संसदीय क्षेत्र के मतगणना कार्य का सफल एवं सुव्यवस्थित तैयारी सुनिश्चित करने के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्री सुब्रत कुमार सेन के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम ने अहियापुर के बाजार समिति परिसर स्थित मतगणना केंद्र का निरीक्षण कर तैयारी का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दोनों लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतगणना का कार्य पूरी निष्पक्षता पारदर्शिता एवं शांतिपूर्ण रूप से आयोग के दिशानिर्देश के अनुरूप 4 जून को संपन्न होगा ।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के मानक एवं दिशा निर्देश के अनुरूप पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं शांतिपूर्ण तरीके से मतगणना का कार्य संपन्न करने का निर्देश दिया। इसके लिए अहियापुर स्थित मतगणना केंद्र पर आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गई है।मतगणना केंद्र पर वाहनों के सुव्यवस्थित रखरखाव हेतु पार्किंग स्थल, प्रवेश द्वार एवं निकासी द्वार, बनाये गये हैं तथा प्रवेश द्वार पर ही लोगों की कड़ाई से जांच की जाएगी तथा पासधारक को ही केंद्र परिसर में जाने की अनुमति दी जाएगी। साथ ही नियंत्रण कक्ष द्वारा मतगणना कार्य की सघन मॉनिटरिंग की जाएगी।

जिलाधिकारी ने सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी को अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र के मतगणना कक्ष के अंदर एवं बाहर की सभी आवश्यक व्यवस्था संबंधित पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए 1जून तक सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था । तदनुसार कृत कार्रवाई एवं उसके प्रगति का जायजा लेने जिलाधिकारी ने स्थलीय भ्रमण कर धरातलीय स्थिति का निरीक्षण किया। बताते चलें कि 15-मुजफ्फरपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए अपर समाहर्ता राजस्व श्री संजीव कुमार निवार्ची पदाधिकारी हैं। इस लोकसभा के अंतर्गत गायघाट ,औराई, बोचहां ,सकरा , कुढ़नी एवं मुजफ्फरपुर विधानसभा क्षेत्र आता हैं।सभी विधानसभा के लिए अलग-अलग सहायक निवार्ची पदाधिकारी हैं। जबकि 16-वैशाली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत मीनापुर, कांटी , बरूराज, पारू साहेबगंज और वैशाली विधानसभा क्षेत्र आता हैं। सभी विधानसभा क्षेत्र के लिए अलग-अलग सहायक निवार्ची पदाधिकारी हैं ।इस लोकसभा क्षेत्र का जिला पदाधिकारी निवार्ची पदाधिकारी हैं।

जिलाधिकारी के निर्देश पर गर्मी के प्रभाव को देखते हुए मतगणना परिसर के भीतर पर्याप्त मात्रा में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है तथा पुरुष एवं महिला के लिए अलग-अलग शौचालय यूरिनल वॉशरूम बनाने का कार्य सतत रूप से जारी है। परिसर के भीतर निर्वाध बिजली व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

जिलाधिकारी के साथ उप विकास आयुक्त श्री आशुतोष द्विवेदी, नगर आयुक्त श्री नवीन कुमार, अपर समाहर्ता राजस्व श्री संजीव कुमार अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन श्री मनोज कुमार अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था श्री सुधीर कुमार सिन्हा उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री सत्यप्रिय कुमार सहित कई अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

# कसमा मरार गांव आंधी में पेड़ गिरने से तीन घर ध्वस्त



प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली प्रखंड क्षेत्र के 14 पंचायत में बीती रात तेज आंधी,बारिस आने से दर्जनों लोगों के घर से एस्बेस्टर उड़ गयी साथ ही घर पर पेड़ गिरने से दर्जनों घर क्षति ग्रस्त हो गया. वही किसान के आम की बगीचा में आम की फसल बर्बाद हो गया. इस तेज आंधी, बारिस में प्रखंड क्षेत्र के भकुआ पंचायत के वार्ड संख्या - 4 गांव कसमा मरार गांव निवासी राम विलास ठाकुर,मसोमात संजिला देवी के घर पर शनिवार को रात्रि लगभग 9 वजे में बड़ा पाकड़ की पेड़ तीन ईंट एस्बेस्टर घर पर गिरने से तीनों घर सहित4 लोग गंम्भीर रूप से जख्मी हो गया. साथ ही मदन श्रीवास्तव के घर पर आम की डाली गिरने से एस्बेस्टर की घर क्षतिग्रस्त हो गया. वही भकुआ पंचायत के मुखिया विनीता कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि संजय ठाकुर ने पंचायत में पेड़ गिरने से क्षतिग्रस्त घर एव घायल व्यक्ति की घर पहुँच कर क्षतिग्रस्त घर का जायजा लिया. साथ ही सभी पीड़ित परिवार के घर पहुँच कर घायल व्यक्ति से पूछताछ की. मुखिया जी ने बताया कि शनिवार को संध्याकाल में मसोमात संजिला देवी घर मे खाना बना रही थी कि एकाएक तेज आंधी एव वारिस आने से घर के बगल में बड़ा पाकड़ की पेड़ जड़ से उखड़कर राम विलास ठाकुर, मसोमात संजिला देवी घर पर गिरने से तीन घर को ध्वस्त करते हुए घर मे बैठे मसोमात संजिला एव उनकी पुत्री अंजली कुमारी संजन कुमारी एव राम विलास ठाकुर पूर्णतः घायल हो गया.ग्रामीणों के सहयोग से दबे चारो व्यक्तो को घर निकाला कर सभी लोगो को रात में गांव में ही ग्रामीण चिकित्सक द्वारा सभी घायल को उपचार किया गया.वही घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी सीओ मुकेश कुमार को दूरभाष पर सूचना दी गयी. प्रभारी सीओ ने तत्वरित करवाई करते हुए हलका राजस्व कर्मचारी महादेव साफी को घटना स्थल पर भेजकर क्षति की मुयायना करके रिपोर्ट तैयार कर अंचल कार्यालय को सौपने का आदेश दिया. वही राजस्व कर्मचारी ने घटना स्थल पर पहुँचकर क्षति की आंकलन कर रिपोर्ट तैयार कर सोमवार को कार्यालय में जमा करेंगे. वही प्रभारी अंचलाधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि राजस्व कर्मचारी द्वारा रिपोर्ट के आधार पर आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा पीड़ित परिवार को मुआवजा दी जाएगी.इस मौके ग्रामीण अमरेश कुमार सिंह,गोपाल यादव, मदन श्रीवास्तव सहित अन्य ग्रामीण लोग मौजूद थे.

# बाईक सवार बदमाशों ने मछली व्यवसायी को गोली मारकर किया गंभीर रूप से घायल

कल्याणपुर, प्रात: किरण संवाददाता

कल्याणपुर थाना क्षेत्र के चकमेहसी थाना क्षेत्र के चकमेहसी बाजार के समीप बाईक पर सवार तीन बदमाशों ने मछली बेचकर घर जा रहे एक युवक को शनिवार की देर शाम गोली मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर देने का मामला प्रकाश में आया है।

जख्मी युवक मछली बेचकर अपने तीन साथी के साथ पैदल ही घर जा रहा था कि इसी दौरान बाईक सवार बदमाशों से साईड लेने के दौरान दोनों युवक में कहा-सुनी हुई। इसी बीच बातचीत बढ़ते हुए देख बाईक सवार तीन युवकों में से उस युवक को एक गोली मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। पैदल जा रहे एक युवक को बाएं कन्धा में लग गया। वहीं गोली लगते ही युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। वहीं बाईक सवार बदमाशों ने घटना को अंजाम देकर भागने में सफल रहा। वहीं सूचना पर पुलिस पहुंचकर मामले की छानबीन किया। स्थानीय लोगों एवं पुलिस की मदद से जख्मी युवक को ईलाज के लिए पीएचसी कल्याणपुर में भर्ती कराया गया।

जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने डीएमसीएच दरभंगा के लिए रेफर कर दिया। जहां जख्मी युवक जिंदगी एवं मौत के बीच जूझ रहा है। वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बीके ठाकुर ने बताया कि जख्मी युवक की पहचान नामापुर खेड़ी गांव निवासी गरभू सहनी के 35 वर्षीय पुत्र विलास सहनी के रूप में हुई है। ग्रामीण सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने घटनास्थल से खोखा भी बरामद किया है। लेकिन पुलिस खोखा बरामद होने से इनकार कर रही है।वहीं चकमेहसी थाना अध्यक्ष दिव्या ज्योति कुमारी से दो बार दूरभाष पर संपर्क किया गया, लेकिन कुछ भी बताने से इनकार किया।

# तेज आँधी से दर्जनों लोग हुए बेघर



प्रात: किरण संवाददाता

मनीगाछी(दरभंगा)। बीती रात तेज आँधी पानी आने से प्रखंड क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक लोग बेघर हो गए। जबकि घर पर पेड़ गिरने से एक बच्चा घायल हो गया है। जानकारी के अनुसार तेज आँधी पानी आने से जगदीशपुर गाँव स्थित मध्य विद्यालय के प्रांगण अवस्थित एक विशाल बरगद का पेड़ जड़ से उखकर गिर गया। जिसके चपेट में तीन घर आ गया। इसमें जहाँ विवेक पासवान एवं लक्ष्मी पासवान का घर पूर्णतः क्षतिग्रस्त हो गया वहीं वीर कुमार पासवान का घर आंशिक क्षति हुआ है। इस घटना में विवेक पासवान के 8 वर्षीय पुत्र शिवम पासवान घायल हो चुका है। इसके साथ ही नेहरा गाँव में अमित राइस मील,मदन सहनी के साथ ही प्रखंड क्षेत्र में कई लोगों के घरों का एडवेस्टस एवं छप्पर उड़ गया।इसके अलावे इस तेज आँधी पानी से कई जगह बिजली तार पर पेड़ गिरने से क्षेत्र में 15 घंटों तक बिजली बाधित रही। इस संबंध में सीओ रविकांत ने बताया कि क्षेत्र में आँधी पानी से हुई क्षति की जाँच हल्का कर्मचारियों से कराया जा रहा है। जाँच रिपोर्ट आने के बाद पीड़ित परिवारों को सरकारी सहायता मुहैया कराया जाएगा।

# राजऋषि आचार्य श्री सुदर्शन जी महाराज के अवतरण दिवस के अवसर पर मिथिला वासियों में हर्ष का माहौल

प्रात: किरण संवाददाता



मधुबनी कहा जाता है कि मनुष्य का प्रारब्ध पूर्व से ही निश्चित होता लेकिन कई बार कुछ ऐसे दिव्य आत्मा अवतरित होते हैं जिनके कर्मों को देखकर ये कहावत झूठी लगने लगती है। वे अपने कर्म और स्वयं द्वारा अर्जित आध्यात्मिक शक्ति के तपोबल पर अपना प्रारब्ध तय करते हैं। ऐसे ही एक महान विद्वान, तपस्वी और अपने ज्ञान एवं आध्यात्म के ज्योत से हजारों युवक युवतियों को प्रकाशित करने वाले शिक्षाविद् महान संत और प्रबुद्ध कथावाचक हैं राजऋषि आचार्य श्री सुदर्शन जी महाराज। आचार्य श्री सुदर्शन जी महाराज एक महान संत हैं, वर्तमान समय में देश के श्रेष्ठ एवं सर्वस्वीकार्य सनातन के परिचायक हैं।शिक्षा जगत के एक ऐसे दीप्तिमान आभा हैं जिनके प्रकाश से देश के हजारों गरीब युवक युवतियां प्रकाशित हो रही है।02 जून, रविवार को आचार्य श्री सुदर्शन जी महाराज के अवतरण दिवस के अवसर पर प्रत्येक वर्ष देश ही नहीं दुनिया भर के सनातनी और उनके अनुयायी आनंदोत्सव के रूप में मनाते हैं। लेकिन मिथिला में आचार्य श्री सुदर्शन जी महाराज के जन्मदिवस को और भव्यता प्रदान करते हुए अद्भुत रूप से मनाया जाता है, क्योंकि आचार्य श्री सुदर्शन जी महाराज मिथिला के जमाई दामाद हैं। मिथिला प्राचीन काल से ही अपने अतिथियों पाहुन का आदर , सत्कार और आतिथ्य परंपरा के लिए प्रसिद्ध है। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए और मिथिला वासियों का प्रतिनिधित्व करते हुए चचराहा निवासी सुनील सिंह, उनकी पत्नी सपना सिंह सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति आचार्य श्री के आवास पर उपस्थित होकर उनके जन्मदिवस के अवसर पर परंपरा के अनुसार पाग, दोपट्टा एवं मिथिला के प्रसिद्ध पकवानों के साथ उनके दीघार्यु होने की मंगलकामना की। बता दें कि, इस अवसर आचार्य श्री सुदर्शन जी महाराज अपने ससुराल पक्ष से आए अतिथियों को देख अहलादित हुए और उन्हें खूब आशीर्वाद दिया। सुनील सिंह ने बातचीत में कहा कि हम सभी गर्वित और अभिभूत हैं की स्वयं आचार्य श्री हमारे पाहुन हैं। आज हम सभी लोगों ने उनके जन्मदिवस के अवसर पर उनसे सप्रेम आशीर्वाद प्राप्त किया और उनके दीघार्यु होने हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया।

# खाना बनाने को लेकर पत्नी को दबिया से पीट-पीट कर किया जख्मी

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिला मुख्यालय से सटे रहिका थाना पुलिस ने ग्राम सोनमनी से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया ।गिरफ्तार व्यक्ति अपनी ही पत्नी को खाना बनाने को लेकर मारपीट किया जिससे पत्नी गंभीर रूप से जख्मी हो गई बताते चले के सोनमनी गांव निवासी बेचनी देवी ने थाना में एक लिखित आवेदन देकर बताई है कि दिनांक 01.06.24 को समय 10:30 बजे मेरे पति चौक से घर आया और बोले कि खाना बन गया है तो मैं बोली कि खाना अभी नहीं बना है बन रहा है कुछ देर में बन जायेगा इसी बात को लेकर गाली गलौज देने लगा गाली देने से जब हम मना किया तो मारपीट करने लगा और मुझे मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया मुझे बचाने मेरी सास आई तो उसको भी मारपीट किया,मुझे बेहोशी अवस्था में ग्रामीणों ने रहिका प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहा मेरा इलाज हुआ साथ ही मेरे पति ने धमकी दिया कि रात में सब परिवार को सोए में चाकू मार देंगे और घर का सारा सामान तोड़फोड़ कर नष्ट कर दिया इस बाबत रहिका थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त वाद के अभियुक्त सोनमणि गांव निवासी लरेखन कामत के पुत्र योगेंद्र कामत थाना रहिका जिला मधुबनी को न्यायिक हिरासत में लेने हेतु व्यवहार न्यायालय मधुबनी भेज दिया गया।

# घर में अकेले सोई नाबालिग लड़की को अगवा कर किया सामूहिक दुष्कर्म, एफआईआर दर्ज

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

जिले के खानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में बीते 31 में की रात अपने घर में अकेले सोई हुई एक नाबालिग लड़की को जबरन अगवा कर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किए जाने की घटना सामने आयी है। इस संबंध में 16 वर्षीया पीड़िता के द्वारा महिला थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी गई है। आवेदन में नाबालिग पीड़िता का कहना है कि वह बीते 31 मई की रात अपने फूस के घर में अकेली सोई हुई थी। इसी दौरान गांव के ही दो युवक आधी रात को उसके घर में घुसे और गमछा से उसका मुंह बांधकर उसे जबरन बूढ़ी गंडक के ढाब में ले गए। जहां दोनों ने जबरदस्ती बारी-बारी से उसके साथ रात भर बलात्कार किया। सुबह में जानकारी मिलने पर उसके माता-पिता उसे खोजते हुए आए और उसे बेहोशी की हालत में लेकर चले गए। जब इसकी शिकायत लेकर उसकी मां आरोपियों के यहां गई तो उसे गंदी-गंदी गालियां देते हुए आरोपियों के परिजनों ने मारपीट की कोशिश की। पीड़िता ने आरोप लगाते हुए कहा है कि आरोपियों ने रुपए के बल पर पुलिस को खरीद लेने की बात कही है। उसने महिला थाना से आरोपियों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगायी है। वहीं इस संबंध में महिला थाने की थानाध्यक्ष पुतुल कुमारी ने बताया कि पीड़िता का मेडिकल कराया गया है। आवेदन के आधार पर एफआईआर दर्ज किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी करने में जुटी हुई है।

# सड़क दुर्घटना के बाद पुलिस के साथ मारपीट व बवाल मचाने वाले पांच लोगों के विरुद्ध नामजद एफआईआर

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

नगर थाना क्षेत्र के मोक्ष धाम से पश्चिम बूढ़ी गंडक बायपास रोड में बीते शुक्रवार की दोपहर मिल्क टैंकर की चपेट में आने से साइकिल सवार किशोर की मौत हो गई।इसमें कुछ उपद्रवी किस्म के लोगों ने जमकर बवाल मचाया था। उन लोगों ने पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट कर उनके वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। उसी मामले में प्राप्त वीडियो व फोटो के आधार पर उपद्रवियों की पहचान कर उनके विरुद्ध नगर थाना में मामला दर्ज किया गया है। नगर थाना में पदस्थापित एसआई आनंद शंकर गौरव के आवेदन के आधार पर पांच नामजद व अन्य अज्ञात लोगों के विरुद्ध पुलिस को घटनास्थल पर जाने से जबरन रोकने, पुलिस को अपना काम करने से रोकने, आरोपितों के द्वारा एक समान इरादे से पुलिस को मारपीट कर चोटिल करने व गैर इरादतन हत्या का प्रयास करने व सरकारी संपत्ति का नुकसान करने के आरोप में एफआईआर दर्ज किया गया है। इसमें मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के जितवारपुर डीह निवासी मुन्नर पासवान के पुत्र करिया पासवान, दिनेश महतो के पुत्र अमित कुमार, अरुण पासवान के पुत्र आदित्य कुमार, नरेश साह के पुत्र गौरी व अनिल साह के पुत्र चिकनी एवं अन्य अज्ञात लोगों को आरोपित किया गया है। दर्ज एफआईआर में कहा गया है कि सड़क दुर्घटना की सूचना के बाद वहां पहुंचे हॉक्स टीम के जवान सनोज कुमार, शुभम कुमार व रितिक कुमार के साथ आरोपितों व अन्य लोगों ने मारपीट कर उनकी गश्ती बाइक को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया था। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने काफी मशक्कत के बाद मामले को शांत कराया था। बता दें उपद्रवी लोगों के द्वारा मिल्क टैंकर चालक मुफ्फसिल थाना क्षेत्र दुधपुरा निवासी श्याम साह के पुत्र कन्हैया कुमार को मारपीट कर अधमरा कर दिया था। जिसका डीएमसीएच में इलाज कराया जा रहा है। वहीं इस संबंध में नगर थाना के थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया कि घटना के संबंध में प्राप्त वीडियो व फोटो के आधार पर आरोपियों की पहचान करने के बाद उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज किया गया है। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी करने में जुटी हुई है।

# आई-पैथ डायगनोस्टिक लैब चिकित्सकों व मरीजों की कसौटी पर खरा उतरेगा : मंत्री



प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा के लिए विश्वसनीय रिपोर्ट आवश्यक। जरूरतमंदों तक पहुंचे इस लैब की सुविधा। उक्त बातें मिजार्पुर अवस्थित आई-पैथ डायगनोस्टिक लैब का उद्घाटन करते हुए सूबे के समाजकल्याण मंत्री मदन सहनी ने कहीं। मुख्य अतिथि दरभंगा नगर विधायक संजय सरावगी ने लैब के संस्थापक प्रशांत कुमार अग्रवाल के प्रयास की सराहना करते हुए अधिक से अधिक मरीजों तक इसका लाभ पहुचाए जाने की शुभकामना दी। अति विशिष्ट अतिथि डीएमसीएच के पूर्व अधीक्षक डॉ आर आर प्रसाद ने कहा कि अत्याधुनिक तरीके से जाँच कर यह लैब पैथोलोजी की दुनिया में शीघ्र ही नया कीर्तिमान स्थापित करेगा। लैब के संस्थापक प्रशांत कुमार अग्रवाल ने इस लैब में अत्याधुनिक मशीनों से कम समय में विश्वसनीय रिपोर्टिंग की प्रतिबद्धता जतायी। साथ ही श्री अग्रवाल ने इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगों को विशेष छूट देने की घोषणा की। मरीजों को घर से ही सैम्पल लेने एवं घर पर ही रिपोर्टिंग की सुविधा भी दी जायेगी। डॉ.सोमेश्वर नाथ झा ह्यदधिचिह्न के वेदध्वनि से शुरू हुए इस कार्यक्रम में स्वागतभाषण डॉ.अंजू अग्रवाल ने किया । कार्यक्रम का संचालन डॉ.मित्रनाथ झा ने जबकि धन्यवाद ज्ञापन सुनीति अग्रवाल ने किया। मौके पर महंथ मौनी बाबा, प्रो.अजीत कुमार वर्मा,डॉ.वैद्यनाथ चौधरीह्लबैजूह्न,डॉ.बी.बी.वर्मा, प्रो.भक्तिनाथ झा,प्रो.अशोक पोद्दार,डॉ. आर.बी. खेतान,डॉ.शुभम,डॉ.मयंक भूषण,डॉ.सारिक, डॉ.ए.डी.एन. सिंह,प्रो.के.के.चौधरी,प्रो. तरुण मिश्र,मणिकांत झा,डॉ.थापर, डॉ.सुमंत कोले,डॉ.पुलिन वर्मा,डॉ.एस.के.राय,डॉ.मनोज सिंह, डॉ.शशिभूषण गुप्ता,सुशांत भास्कर,उज्ज्वल कुमार सहित सैकड़ों चिकित्सक व गणमान्य लोग उपस्थित थे। डॉ.कुमार अभिषेक एवं प्रशांत कुमार अग्रवाल ने समवेत रूप से सभी आगत-अतिथियों को मिथिला की परंपरा के अनुरूप पाग,अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदित किया। कार्यक्रम के दौरान गौतम अग्रवाल,नितिन कुमार,प्रियरंजन कुमार सुमित कुमार,वैद्यनाथ मंडल,सन्नी कुमार,अभिषेक कुमार आदि सक्रिय दिखे।

# 52वां मिथिला विभूति पर्व समारोह के आयोजन को लेकर समितियां गठित

प्रात: किरण संवाददाता



दरभंगा।तीन दिवसीय 52 वां मिथिला विभूति पर्व समारोह 13 नवंबर से होगा। आयोजन की रूपरेखा तय करने के लिए रविवार को विद्यापति सेवा संस्थान की आम सभा संस्थान के प्रधान कार्यालय परिसर में हुई। संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ बुचरू पासवान की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में हर वर्ष की भांति इस साल भी कवि कोकिल विद्यापति के निर्वाण दिवस कार्तिक धवल त्रयोदशी तिथि तदनुसार 13 नवंबर से तीन दिवसीय समारोह आयोजित करने का निर्णय लेते हुए आयोजन को लेकर विभिन्न समितियों का गठन किया गया। समारोह का मुख्य संरक्षक ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी को बनाया गया। जबकि मिथिला के सामाजिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संरक्षण एवं संवर्द्धन को समर्पित इस गौरवशाली आयोजन के संरक्षक मंडल में कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो लक्ष्मी निवास पांडेय, एमएलएसएम कालेज के प्रधानाचार्य डा शंभु कुमार यादव, महात्मा गांधी शिक्षण संस्थान के चेयरमैन हीरा कुमार झा, अहमदाबाद के प्रवासी मैथिल संतोष कुमार मिश्र सहित ट्राई कलर प्रोपर्टीज लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक रंजन कुमार झा को मनोनीत किया गया। आयोजन की सलाहकार समिति का अध्यक्ष पं कमला कांत झा, स्वागताध्यक्ष अधिवक्ता आशुतोष मिश्र, स्वागत महासचिव प्रो. जीवकांत मिश्र बनाये गये। आयोजन समिति का अध्यक्ष सर्वसम्मति से कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो शशिनाथ झा को एवं उपाध्यक्ष क्रमशः डा श्रीपति त्रिपाठी, डा महानंद ठाकुर, डा रमेश झा , अमरेन्द्र झा एवं विनोद कुमार झा को मनोनीत किया गया।कोषाध्यक्ष की कमान एकबार फिर डॉ गणेश कांत झा को सौंपी गई। जबकि आय-व्यय पर्यवेक्षण का प्रभारी प्रवीण कुमार झा को बनाया गया। संस्थान की मुख पत्रिका ह्यअर्पणह्न का संपादक एकबार फिर डॉ महेद्र नारायण राम एवं सहायक संपादक प्रवीण कुमार झा बनाए गए। कवि सम्मेलन के संयोजक रमेश झा, सह संयोजक प्रवीण कुमार झा व विचार संगोष्ठी के प्रभारी मणिकांत झा बनाये गये। शोभा यात्रा का संयोजक विनोद कुमार झा एवं सह संयोजक क्रमशः प्रो. विजय कांत झा, डा महानंद ठाकुर व प्रो चंद्रशेखर झा बूढ़ा भाई को बनाया गया है। समारोह में दिये जाने वाले विभिन्न सम्मानों के लिए पं कमला कांत झा की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। कमेटी में बतौर सदस्य वरिष्ठ साहित्यकार डॉ महेन्द्र नारायण राम एवं प्रवीण कुमार झा शामिल किए गये। सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन के लिए कमलाकांत झा के संयोजन में गठित समिति में प्रो. चन्द्रनाथ मिश्र एवं प्रो. जीवकांत मिश्र को शामिल किया गया है। मीडिया संयोजन एवं कार्यालय सचिव का प्रभार प्रवीण कुमार झा को एकबार फिर सर्वसम्मति से मिला। जबकि प्रो. चंद्रशेखर झा बूढ़ाभाई को मीडिया दीर्घा का सह संयोजक बनाया गया।आशीष चौधरी के संयोजन में गठित सोशल मीडिया समिति में मणिभूषण राजू व पुरषोत्तम वत्स शामिल किए गए। आयोजन में महिला दीर्घा के समुचित व्यवस्थापन के लिए गठित समिति की बागडोर डॉ सुषमा झा को सौंपी गई। इस दीर्घा सह संयोजक डा उषा चौधरी व स्वर्णिम किरण झा को बनाया गया।

# विधिक जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन



प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा । जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार विनोद कुमार तिवारी के निर्देश पर एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार रंजन देव के मार्गदर्शन में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन केवटी प्रखंड के जलवारा पंचायत में किया गया।

शिविर की अध्यक्षता करते हुए पैनल अधिवक्ता अजय कुमार साहू ने कहा कि आपराधिक घटनाओं में पीड़ित व्यक्ति एवं उनके आश्रितों के राहत एवं पुनर्वास के लिए बिहार पीड़ित प्रतिकर स्कीम बनाया गया है। इस स्कीम में कई अपराध जैसे हत्या, बलात्कार, एसीड अटैक, गंभीर चोट आदि के पीड़ित को मुआवजा दिया जाता है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में दिनांक 29 जुलाई 2024 से 03 अगस्त 2024 तक आयोजित होने वाले विशेष लोक अदालत एवं व्यवहार न्यायालय दरभंगा में दिनांक 13 जुलाई 2024 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी बताया। मौके पर पीएलवी निलाम्बर मिश्र सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

# विचार मंथन

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
पटना, सोमवार, 03 जून, 2024

## सम्पादकीय

# जनादेश की द्रोपदी का चीरहरण

अठारहवीं लोकसभा के लिए हुए चुनाव में जनादेश आने से पहले गोदी मीडिया के तमाम चैनलों और अखबारों के एक्जिट पोल द्वारा भाजपा गठबंधन की सरकार बनाई जा चुकी है। नयी सरकार को कायदे से आज ही पेशगी बधाई दे देना चाहिए, लेकिन मै गोदी मीडिया की तरह जनादेश की द्रोपदी का चीरहरण नहीं करना चाहता, इसलिए नयी सरकार को बधाई 4 जून की दोपहर के बाद ही दूंगा। अब सवाल ये है कि गोदी मीडिया ने जनादेश की प्रतीक्षा किये बिना मोदी की सरकार बनवाने में उतावलेपन का जो मुजाहिरा ( आप मुजरा भी कह सकते हैं ) किया है उसके लिए उसे कितनी कीमत मिली ? या उसकी कीमत कौन चुकाएगा ? जब एक्जिट पोल से ही सरकारें बनने लगीं हैं तो मतगणना की औपचारिकता कराने की क्या आवश्यकता है ? भाजपा ने सत्ता में रहते हुए हैट्रिक लगाने के इतने पुख्ता इंतजाम कर ही लिए थे तो फिर चुनावों पर इतना खर्च करने की जरूरत भी क्या थी ? केंचुआ उनका था, है।, ईवीएम उनकी है और मीडिया उनका है ही। एक्जिट पोल दरअसल 4 जून को पहले से रचे गए कथित झूठ के नाटक की ताईद करने की एक निकृष्ट कोशिश है। देश में जब निशियाम बकबक करने वाले टीवी चैनल नहीं हुआ करते थे तब हम भी अखबारों के लिए सम्भावनाएँ तलाशने के लिए तमाम पापड़ बेलते थे, और आप यकीन कीजिये की हमारे अनुमान भी सटीक ही बैठते थे लेकिन हम और हमारी पीढ़ी के पत्रकारों ने कभी भी जनादेश से पहले किसी पार्टी की सरकार नहीं बनवाई। न किसी दल के लिए लाल गलीचे नहीं बिछाए। जगजाहिर है कि देश में पहली बार चुनाव प्रचार की रेल मुद्दों की पटरी से परे दौड़ाने की कोशिश की गयी। सरकार की उपलब्धियों के बजाय विपक्ष की खामियों पर चुनाव लड़ने की कोशिश की गयी। उपलब्धियां गिनाने के बजाए विपक्ष के ऐब गिनाये गये। मुद्दों पर धूल डालकर उनकी जगह हौवे खड़े किये गए। कभी मंगलसूत्र खतरे में डाला गया तो कभी सनातन को। कभी हिन्दू -मुसलमान किया गया तो कभी अल्संख्यकों के आरक्षण को पिछड़ों के आरक्षण पर डकैती बताया गया तो कभी विरासत और भैंस तक को बीच में लाया गय। चुनाव प्रचार का समापन मुसलमानों के सामने विपक्ष के कथित मुजरे से हुआ। आदर्श आचार संहिता का पहरेदार केंचुआ आँखें नटेर कर सब कुछ देखता रहा। और वो सब कुछ हुआ जो नहीं होना चाहिए था। इस आम चुनाव में गरीबी, मंहगाई , बेरोजगारी और तो और एक जाति विशेष की अस्मिता का मामला भी यदि जनता की समझ में नहीं आया तो समझ लीजिये की जनता की आँखों में जो रतौंधी दस साल पहले पैदा की गयी थी वो अब अंधत्व में बदल चुकी है। जनता के मताधिकार से अब कोई तब्दीली नहीं हो सकती। हमारा जन प्रतिनिधित्व कानून अब एक ढकोसला बनकर रह गया है। हमारे पास जनता का गुस्सा प्रकट करने का कोई हथियार नहीं बचा है। मताधिकार हो या जनादेश या केंचुआ सभी पर सत्ता प्रतिष्ठान का नियंत्रण है। ताउम्र सत्ता में बने रहने की ललक है, लिप्सा है। ये चुनाव किसी सरकार का नहीं बल्कि इस बात का फैसला करेगा कि जनता अपने मताधिकार से वंचित की जा चुकी है या नहीं ? ये जनादेश सत्ता प्रतिष्ठान की साजिशों, मूर्खताओं और सियासत में अदावत का जहर घोलने के पक्ष में है या खिलाफ ? फैसला जनता को करना है लेकिन लगता है कि ये फैसला भी सत्ता प्रतिष्ठान ने अपने हाथों में ले लिया है। जनता फिर एक बार ठगी जाने वाली है मदारियों के हाथों। चूंकि मैंने खुद तो चुनाव लड़ा नहीं है इसलिए एक्जिट पोल देखने के बाद मेरा कोई जाती नुक्सान तो होने से रहा, लेकिन जो नुक्सान देश का और जनता का होने वाला है उसकी कल्पना से मेरे मन में हल्की सी सिहरन जरूर है।

# मोदी दशक में मुसलमान

जावेद अनीस

भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आबादी का घर है. साल 2014 में बहुसंख्यकवादी भारतीय जनता पार्टी के पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में आने के बाद से भारत के मुसलमानों की यात्रा उथल-पुथल भरी रही है. इस दौरान देश में एक नागरिक के तौर पर उनकी जगह और हैसियत कम हुई है और वे अपने ही वजूद की तलाश में भटकते रहे हैं, यह सब कुछ एक पूर्वनिर्धारित योजना के तहत अंजाम दिया गया है. 2014 से पहले भी मुसलमानों को अक्सर भेदभाव, पूर्वाग्रह और हिंसा का सामना करना पड़ता था लेकिन अब इसका स्वरूप मुख्यधारा का और संस्थागत हो चूका है. भाजपा पिछले एक दशक से केंद्र की सत्ता में है. हमेशा से ही उसकी छवि मुस्लिम विरोधी रही है. लेकिन इस दौरान उसपर यह आरोप और गहरा होता गया है. इन आरोपों के पीछे ठोस वजूहात भी हैं जिनकी जड़ें उसके हिन्दुत्व की मूल विचारधारा में निहित है. पिछले दस सालों के भाजपा के शासनकाल के दौरान मुसलमान लगातार हाशिए पर गए हैं, उनके खिलाफ डर व असुरक्षा का माहौल बना रहा है और वे लगभग दूसरे दर्जे के नागरिक बना दिए गये हैं. हर क्षेत्र में दूसरा दर्जा

हिन्दुत्व जो भारत में राजनीतिक रूप से कभी एक सीमांत विचारधारा थी, अब मुख्यधारा है. इस विचारधारा के मूल में 1923 में प्रकाशित विनायक दामोदर सावरकर द्वारा लिखित पुस्तिका हिन्दुत्व : हिन्दू कौन है ? में है जिसमें पुण्यभूमि और पितृभूमि सिद्धांत पेश करते हुये बताया गया है कि हिंदू ही इस धरती के सच्चे पुत्र हैं क्योंकि उनकी पवित्र भूमि भारत में है, जबकि ईसाई और मुस्लिमों की पवित्र भूमि इसके बाहर है.ह्ल आज भी सावरकर की यही थ्योरी हिन्दू राष्ट्रवादियों को संचालित करती है जो हम उनके नारों और व्यवहार में देख सकते हैं. इस थ्योरी के चलते पिछले दस वर्षों में भारत की मुस्लिम आबादी को बहुत तेजी से हाशिए पर धकेला गया है. इस दौरान ऐसे विवादास्पद नीतियों को आगे बढ़ाया है, जो स्पष्ट रूप से मुसलमानों के अधिकारों की अनदेखी करते हैं और उनकी धार्मिक स्वतंत्रता को वंचित करने का इरादा रखते हैं.

इस दिशा में दिसंबर 2019 में, संसद में पारित नागरिकता संशोधन अधिनियम एक ऐसा कानून है जो नागरिकता के सवाल पर पहली बार धार्मिक मानदंड लागू करता है और बहुत ही खुले रूप से अपने दायरे से मुसलमानों को बाहर करता है. इसके पीछे मोदी सरकार का तर्क है कि यह कानून तीन मुस्लिम बहुल पडोसी मुल्कों पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में उत्पीड़न का सामना करने वाले कमजोर धार्मिक अल्पसंख्यकों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए बनाया गया है जिसमें हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई शामिल हैं.


इस दौरान मुसलमानों को दंडित करने के लिए संविधान और न्यायालय से इतर एक प्रणाली विकसित की गयी है जिसे बुलडोजर न्याय कहा जाता है, इसके तहत बिना किसी उचित कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुये मुस्लिम नागरिकों की संपत्तियों जिसमें उनकी घर और आजीविका दोनों शामिल हैं को निशाना बनाया जाता है. यह पूरी प्रक्रिया बहुत अन्यायपूर्ण, गैरकानूनी और भेदभावपूर्ण है और एक प्रकार से कानूनी बहिष्करण है. पिछले एक दशक के दौरान मुस्लिम समुदाय राजनीतिक रूप से और हाशिये पर गया है साथ ही देश के संसद और राज्यों के विधानसभाओं में उनका प्रतिनिधित्व भी कम हुआ है. मुसलमान राजनीतिक रूप से लगभग अछूत बना दिए गये हैं और राजनीतिक दलों द्वारा उनके मसलों पर बात करने को राजनीतिक नुकसान के तौर पर देखा जाने लगा है. अब भाजपा के अलावा अन्य राजनीतिक दल भी मुस्लिम प्रत्याशी उतारने में कतराते हैं. यह स्थिति हिन्दुतत्व के विचारधारा की एक बड़ी जीत है और शायद निर्णायक भी.

ध्रुवीकरण के औजार भारतीय मुसलमान हमेशा से ही दक्षिणपंथियों के लिए ध्रुवीकरण के प्रमुख औजार की तरह रहे हैं. 2014 के बाद इस काम के लिए सत्ता प्रतिष्ठानों का उपयोग भी किया जाने लगा है. इसका अभी तक का सबसे बेहतर उपयोग भाजपा के वर्तमान शीर्ष नेतृत्व द्वारा किया गया है और इसमें भी सबसे बड़ा नाम नरेंद्र मोदी का है. चुनाव जीतने के कई तरीके हो सकते हैं जिसमें सबसे लेकिन खतरनाक तरीका नागरिकों को हम और वे के खाके में बांट कर डर की राजनीती से चुनाव लड़ना है, वे अपने चुनावी अभियानों में यही करते हुये दिखलाई पड़ते हैं, कभी नेपथ्य से तो कभी खुले रूप से. 2024 के लोकसभा के अपने चुनावी अभियान में वे यह डर फैलाने की कोशिश करते हैं कि विपक्ष के सत्ता में आने पर बहुसंख्यक हिन्दुओं की संपत्ति को छीन कर ज्यादा बच्चे वालों को और घुसपैठियों को दी जाएगी. यहां यह समझना जरूरी है कि मोदी द्वारा अपने देश के सबसे बड़े अल्पसंख्यक के खिलाफ ऐसी बात करना सिर्फ चुनावी अभियान तक सीमित नहीं है बल्कि यही उनका राजनीतिक विजन है.

इसी कड़ी में लोकसभा चुनाव के बीच प्रधानमंत्री की इकोनॉमिक एडवाइजरी काउंसिल द्वारा भारत की जनसंख्या में अल्पसंख्यकों की हिस्सेदारी पर एक वर्किंग पेपर जारी किया जिसकी टाइमिंग और मंशा पर सवाल है. इस वर्किंग पेपर के आधार पर दो नैरेटिव पेश करने की कोशिश की गयी है, पहला यह कि 1950 से लेकर 2015 के बीच हिन्दुओं के मुकाबले मुसलमानों की आबादी बहुत तेजी से बढ़ी है और दूसरा मुसलामानों की बढ़ी हुई आबादी यह साबित करती है कि भारत में अल्पसंख्यक न केवल सुरक्षित हैं बल्कि फल-फूल रहे हैं. यह रिपोर्ट मुसलामानों की बढ़ती आबादी को लेकर उस पुराने दुष्प्रचार अभियान को मजबूत करने की कोशिश करती है

# कन्याकुमारी में साधना से निकले नये संकल्प

वाकई, 24 के इस चुनाव में, कितने ही सुखद संयोग बने हैं। अमृतकाल के इस प्रथम लोकसभा चुनाव में मैंने प्रचार अभियान 1857 के प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम की प्रेरणास्थली मेरठ से शुरू किया। माँ भारती की परिक्रमा करते हुए इस चुनाव की मेरी आखिरी सभा पंजाब के होशियारपुर में हुई। संत रविदास जी की तपोभूमि, हमारे गुरुओं की भूमि पंजाब में आखिरी सभा होने का सौभाग्य भी बहुत विशेष है। इसके बाद मुझे कन्याकुमारी में भारत माता के चरणों में बैठने का अवसर मिला। उन शुरूआती पलों में चुनाव का कोलाहल मन–मस्तिष्क में गूंज रहा था। रैलियों में, रोड शो में देखे हुए अनगिनत चेहरे मेरी आंखों के सामने आ रहे थे। माताओं–बहनों–बेटियों के असीम प्रेम का वो ज्वार, उनका आशीर्वाद...उनकी आंखों में मेरे लिए वो विश्वास, वो दुलार...मैं सब कुछ आत्मसात कर रहा था। मेरी आंखें नम हो रही थीं...मैं शून्यता में जा रहा था, साधना में प्रवेश कर रहा था। कुछ ही क्षणों में राजनीतिक वाद विवाद, वार–पलटवार...आरोपों के स्वर और शब्द, वह सब अपने आप शून्य में समाते चले गए। मेरे मन में विरक्ति का भाव और तीव्र हो गया...मेरा मन बाह्य जगत से पूरी तरह अलिप्त हो गया।







श्री नरेंद्र मोदी
प्रधान मंत्री

मेरे प्यारे देशवासियों,

लोकतन्त्र की जननी में लोकतन्त्र के सबसे बड़े महापर्व का एक पड़ाव आज 1 जून को पूरा हो रहा है। तीन दिन तक कन्याकुमारी में आध्यात्मिक यात्रा के बाद, मैं अभी दिल्ली जाने के लिए हवाई जहाज में आकर बैठा ही हूं...काशी और अनेक सीटों पर मतदान चल ही रहा है। कितने सारे अनुभव हैं, कितनी सारी अनुभूतियां हैं...मैं एक असीम ऊर्जा का प्रवाह स्वयं में महसूस कर रहा हूं।

वाकई, 24 के इस चुनाव में, कितने ही सुखद संयोग बने हैं। अमृतकाल के इस प्रथम लोकसभा चुनाव में मैंने प्रचार अभियान 1857 के प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम की प्रेरणास्थली मेरठ से शुरू किया। माँ भारती की परिक्रमा करते हुए इस चुनाव की मेरी आखिरी सभा पंजाब के होशियारपुर में हुई। संत रविदास जी की तपोभूमि, हमारे गुरुओं की भूमि पंजाब में आखिरी सभा होने का सौभाग्य भी बहुत विशेष है। इसके बाद मुझे कन्याकुमारी में भारत माता के चरणों में बैठने का अवसर मिला। उन शुरूआती पलों में चुनाव का कोलाहल मन-मस्तिष्क में गूंज रहा था। रैलियों में, रोड शो में देखे हुए अनगिनत चेहरे मेरी आंखों के सामने आ रहे थे। माताओं-बहनों-बेटियों के असीम प्रेम का वो ज्वार, उनका आशीर्वाद...उनकी आंखों में मेरे लिए वो विश्वास, वो दुलार...मैं सब कुछ आत्मसात कर रहा था। मेरी आंखें नम हो रही थीं...मैं शून्यता में जा रहा था, साधना में प्रवेश कर रहा था।

कुछ ही क्षणों में राजनीतिक वाद विवाद, वार-पलटवार...आरोपों के स्वर और शब्द, वह सब अपने आप शून्य में समाते चले गए। मेरे मन में विरक्ति का भाव और तीव्र हो गया...मेरा मन बाह्य जगत से पूरी तरह अलिप्त हो गया।

इतने बड़े दायित्वों के बीच ऐसी साधना कठिन होती है, लेकिन कन्याकुमारी की भूमि और स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा ने इसे सहज बना दिया। मैं सांसद के तौर पर अपना चुनाव भी अपनी काशी के मतदाताओं के चरणों में छोड़कर यहाँ आया था।

मैं ईश्वर का भी आभारी हूँ कि उन्होंने मुझे जन्म से ये संस्कार दिये। मैं ये भी सोच रहा था कि स्वामी विवेकानंद जी ने उस स्थान पर साधना के समय क्या अनुभव किया होगा! मेरी साधना का कुछ हिस्सा इसी तरह के विचार प्रवाह में बहा।

इस विरक्ति के बीच, शांति और नीरवता के बीच, मेरे मन में निरंतर भारत के उज्जवल भविष्य के लिए, भारत के लक्ष्यों के लिए निरंतर विचार उमड़ रहे थे। कन्याकुमारी के उगते हुए सूर्य ने मेरे विचारों को नई ऊंचाई दी, सागर की विशालता ने मेरे विचारों को विस्तार दिया और क्षितिज के विस्तार ने ब्रह्मांड की गहराई में समाई एकात्मकता, डल्लील्ली२२ का निरंतर ऐहसास कराया। ऐसा लग रहा था जैसे दशकों पहले हिमालय की गोद में किए गए चिंतन और अनुभव पुनर्जीवित हो रहे हों।

साथियों,

कन्याकुमारी का ये स्थान हमेशा से मेरे मन के अत्यंत करीब रहा है। कन्याकुमारी में विवेकानंद शिला स्मारक का निर्माण श्री एकनाथ रानडे जी ने करवाया था। एकनाथ जी के साथ मुझे काफी भ्रमण करने का मौका मिला था। इस स्मारक के निर्माण के दौरान कन्याकुमारी में कुछ समय रहना, वहां आना-जाना, स्वभाविक रूप से होता था।

कश्मीर से कन्याकुमारी... ये हर देशवासी के अन्तर्मन में रची-बसी हमारी साझी पहचान हैं। ये वो शक्तिपीठ है जहां मां शक्ति ने कन्या कुमारी के रूप में अवतार लिया था। इस दक्षिणी छोर पर माँ शक्ति ने उन भगवान शिव के लिए तपस्या और प्रतीक्षा की जो भारत के सबसे उत्तरी छोर के हिमालय पर विराज रहे थे।

कन्याकुमारी संगमों के संगम की धरती है। हमारे देश की पवित्र नदियां अलग-अलग समुद्रों में जाकर मिलती हैं और यहां उन समुद्रों का संगम होता है। और यहाँ एक और महान संगम दिखता है- भारत का वैचारिक संगम!

यहां विवेकानंद शिला स्मारक के साथ ही संत तिरुवल्लूवर की विशाल प्रतिमा, गांधी मंडपम और कामराजर मणि मंडपम हैं। महान नायकों के विचारों की ये धाराएँ यहाँ राष्ट्र चिंतन का संगम बनाती हैं। इससे राष्ट्र निर्माण की महान प्रेरणाओं का उदय होता है। जो लोग भारत के राष्ट्र होने और देश की एकता पर संदेह करते हैं, उन्हें कन्याकुमारी की ये धरती एकता का अमिट संदेश देती है।

कन्याकुमारी में संत तिरुवल्लूवर की विशाल प्रतिमा, समंदर से मां भारती के विस्तार को देखती हुई प्रतीत होती है। उनकी रचना ह्यतिरुक्कुरलह्ल तमिल साहित्य के रत्नों से जड़ित एक मुकुट के जैसी है। इसमें जीवन के हर पक्ष का वर्णन है, जो हमें स्वयं और राष्ट्र के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने की प्रेरणा देता है। ऐसी महान विभूति को श्रद्धांजलि अर्पित करना भी मेरा परम सौभाग्य रहा।

साथियों,

भारत हजारों वर्षों से इसी भाव के साथ सार्थक उद्देश्य को लेकर आगे बढ़ता आया है। भारत हजारों वर्षों से विचारों के अनुसंधान का केंद्र रहा है। हमने जो अर्जित किया उसे कभी अपनी व्यक्तिगत पूंजी मानकर आर्थिक या भौतिक मापदण्डों पर नहीं तौला। इसीलिए, इदं न मम यह भारत के चरित्र का सहज एवं स्वाभाविक हिस्सा हो गया है।

भारत के कल्याण से विश्व का कल्याण, भारत की प्रगति से विश्व की प्रगति, इसका एक बड़ा उदाहरण हमारी आजादी का आंदोलन भी है। 15 अगस्त 1947 को भारत स्वतंत्र हुआ। उस समय दुनिया के कई देश गुलामी में थे। भारत की स्वतन्त्रता से उन देशों को भी प्रेरणा और बल मिला, उन्होंने आजादी प्राप्त की। अभी कोरोना के कठिन कालखंड का उदाहरण भी हमारे सामने है। जब गरीब और विकासशील देशों को लेकर आशंकाएं व्यक्त की जा रही थीं, लेकिन, भारत के सफल प्रयासों से तमाम देशों को हौसला भी मिला और सहयोग भी मिला।

आज भारत का गवर्नेंस मॉडल दुनिया के कई देशों के लिए एक उदाहरण बना है। सिर्फ 10 वर्षों में 25 करोड़ लोगों का गरीबी से बाहर निकलना अभूतपूर्व है। गरीब के सशक्तिकरण से लेकर लास्ट माइल डिलीवरी तक, समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को प्राथमिकता देने के हमारे प्रयासों ने विश्व को प्रेरित किया है। भारत का डिजिटल इंडिया अभियान आज पूरे विश्व के लिए एक उदाहरण है कि हम कैसे टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल गरीबों को सशक्त करने में, पारदर्शिता लाने में, उनके अधिकार दिलाने में कर सकते हैं। भारत में सस्ता डेटा आज सूचना और सेवाओं तक गरीब की पहुँच सुनिश्चित करके सामाजिक समानता का माध्यम बन रहा है। बड़ी वैश्विक संस्थाएं कई देशों को हमारे मॉडल से सीखने की सलाह दे रही हैं। आज भारत की प्रगति और भारत का उत्थान केवल भारत के लिए बड़ा अवसर नहीं है। ये पूरे विश्व में हमारे सभी सहयात्री देशों के लिए भी एक ऐतिहासिक अवसर है। ऋ20 की सफलता के बाद से विश्व भारत की इस भूमिका को और अधिक मुखर होकर स्वीकार कर रहा है। आज भारत को ग्लोबल साउथ की एक सशक्त और महत्वपूर्ण आवाज के रूप में स्वीकार किया जा रहा है। भारत की ही पहल पर अफ्रीकन यूनियन ऋ20 ग्रुप का हिस्सा बना। ये सभी अफ्रीकन देशों के भविष्य का एक अहम मोड़ साबित हुआ है।

साथियों,

नए भारत का ये स्वरूप हमें गर्व और गौरव से भर देता है, लेकिन, साथ ही ये 140 करोड़ देशवासियों को उनके कर्तव्यों का अहसास भी करवाता है। अब एक भी पल गँवाए बिना हमें बड़े दायित्वों और बड़े लक्ष्यों की दिशा में कदम उठाने होंगे। हमें नए स्वप्न देखने हैं। अपने सपनों को अपना जीवन बनाना है, और उन सपनों को जीना शुरू करना है।

हमें भारत के विकास को वैश्विक परिप्रेक्ष्य में देखना होगा, और इसके लिए ये जरूरी है कि हम भारत के अंतर्भूत सामर्थ्य को समझें। हमें भारत की शक्तियों को स्वीकार भी करना होगा, उन्हें पुष्ट भी करना होगा और विश्व हित में उनका सम्पूर्ण उपयोग भी करना होगा। आज की वैश्विक परिस्थितियों में युवा राष्ट्र के रूप में भारत का सामर्थ्य हमारे लिए एक ऐसा सुखद संयोग और सुअवसर है जहां से हमें पीछे मुड़कर नहीं देखना है।

21वीं सदी की दुनिया आज भारत की ओर बहुत आशाओं से देख रही है। और वैश्विक परिदृश्य में आगे बढ़ने के लिए हमें कई बदलाव भी करने होंगे। हमें शीङ्क१ को लेकर हमारी पारंपरिक सोच को भी बदलना होगा। भारत शीङ्क१ को केवल आर्थिक बदलावों तक सीमित नहीं रख सकता है। हमें जीवन में हर क्षेत्र में शीङ्क१ की दिशा में आगे बढ़ना होगा। हमारे शीङ्क१ 2047 के विकसित भारत के संकल्प के अनुरूप भी होने चाहिए।

हमें ये भी समझना होगा कि किसी भी देश के लिए शीङ्क१ कभी एकाकी प्रक्रिया नहीं हो सकती। भारत को विकसित भारत बनाने के लिए हमें श्रेष्ठता को मूल भाव बनाना होगा।

साथियों,

हमें हर पल इस बात पर गर्व होना चाहिए कि ईश्वर ने हमें भारत भूमि में जन्म दिया है। ईश्वर ने हमें भारत की सेवा और इसकी शिखर यात्रा में हमारी भूमिका निभाने के लिए चुना है।

हमें प्राचीन मूल्यों को आधुनिक स्वरूप में अपनाते हुये अपनी विरासत को आधुनिक ढंग से पुनर्परिभाषित करना होगा।

हमें एक राष्ट्र के रूप में पुरानी पड़ चुकी सोच और मान्यताओं का परिमार्जन भी करना होगा। हमें हमारे समाज को पेशेवर निराशावादियों के दबाव से, ढ१ङ्गी२२ङ्गल्लं' ढी२ॐ२३२ के दबाव से बाहर निकालना है। हमें याद रखना है, नकारात्मकता से मुक्ति, सफलता की सिद्धि तक पहुंचने के लिए पहली जड़ी-बूटी है। सकारात्मकता की गोद में ही सफलता पलती है।

भारत की अनंत और अमर शक्ति के प्रति मेरी आस्था, श्रद्धा और विश्वास भी दिन-प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। मैंने पिछले 10 वर्षों में भारत के इस सामर्थ्य को और ज्यादा बढ़ते देखा है और ज्यादा अनुभव किया है।

जिस तरह हमने 20वीं सदी के चौथे-पांचवे दशक को अपनी आजादी के लिए प्रयोग किया, उसी तरह 21वीं सदी के इन 25 वर्षों में हमें विकसित भारत की नींव रखनी है। स्वतंत्रता संग्राम के समय देशवासियों के सामने बलिदान का समय था। आज बलिदान का नहीं निरंतर योगदान का समय है।

स्वामी विवेकानंद ने 1897 में कहा था कि हमें अगले 50 वर्ष केवल और केवल राष्ट्र के लिए समर्पित करने होंगे। उनके इस आह्वान के ठीक 50 वर्ष बाद, 1947 में भारत आजाद हो गया। आज हमारे पास वैसा ही स्वर्णिम अवसर है। हम अगले 25 वर्ष केवल और केवल राष्ट्र के लिए समर्पित करें। हमारे ये प्रयास आने वाली पीढ़ियों और आने वाली शताब्दियों के लिए नए भारत की सुदृढ़ नींव बनकर अमर रहेंगे। मैं देश की ऊर्जा को देखकर ये कह सकता हूँ कि लक्ष्य अब दूर नहीं है। आइए, तेज कदमों से चलें...मिलकर चलें, भारत को विकसित बनाएं।

# आर्थिक मोर्चे की दो शानदार खबरों से सशक्त होता भारत

इस राजनीतिक गर्मा–गर्मी के बीच मतदान से ठीक एक दिन पहले आर्थिक मोर्चे पर दो शानदार खबरें आई है, जो न केवल चौंका रही है, आश्चर्यचकित कर रही है बल्कि अपूर्व खुशी का अहसास करा रही है। भारत भूमि पर भारतीय रिजर्व बैंक के खजाने में 100 टन से कुछ ज्यादा स्वर्ण का शामिल होना सुखद और गौरवान्वित करने वाली खबर है। इसी तरह दूसरी महत्वपूर्ण खबर है पूर्व के सभी अनुमानों को ध्वस्त करते हुए देश की अर्थव्यवस्था ने 8 .2 फीसदी की दर से उड़ान भरी है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2023–24 की जनवरी–मार्च चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 7 .8 प्रतिशत की दर से बढ़ी है, पहली तिमाही अप्रैल–जून में 7 .8 फीसदी, दूसरी तिमाही जुलाई– सितंबर में 7 .6 प्रतिशत और तीसरी तिमाही अक्टूबर– दिसंबर में 8 .6 फीसदी की दर से बढ़ी थी। इसके साथ ही पूरे वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर बढ़कर 8 .2 प्रतिशत हो गई। जीडीपी की यह रफ्तार दुनिया के सभी विकसित एवं विकासशील देशों में सर्वाधिक है। उल्लेखनीय आर्थिक प्रगति की यह तेज गति सशक्त अर्थव्यवस्था को एवं दुनिया की तीसरी आर्थिक महाताकत बनने के संकल्प को बल देगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूसरे कार्यकाल की एक मौलिक सोच एवं दृष्टि से ही भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में एक चमकते सितारे के रूप में उभरी है, सुदृढ़ आर्थिक विकास के सुनहरे परिदृश्य प्रस्तुत कर रही है एवं ह्लमजबूत आर्थिक विकासह्ल को दर्शा रही है। जीडीपी की शिखर की ओर बढ़ने की गति भारत के शक्तिशाली बनने का आधार है।






ललित गर्ग
वरिष्ठ स्तंभकार

एक जून को आम चुनाव के सातवें व अंतिम चरण के चुनाव हो रहे हैं, जिसमें 57 सीटों पर मतदान चल रहा है, चुनाव से पहले कन्याकुमारी के विवेकानंद रॉक मेमोरियल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ध्यान को लेकर विपक्ष की धमासान राजनीति हो रही है, कांग्रेस मामले को लेकर अदालत भी पहुंच गई है, इस राजनीतिक गर्मा-गर्मी के बीच मतदान से ठीक एक दिन पहले आर्थिक मोर्चे पर दो शानदार खबरें आई है, जो न केवल चौंका रही है, आश्चर्यचकित कर रही है बल्कि अपूर्व खुशी का अहसास करा रही है। भारत भूमि पर भारतीय रिजर्व बैंक के खजाने में 100 टन से कुछ ज्यादा स्वर्ण का शामिल होना सुखद और गौरवान्वित करने वाली खबर है। इसी तरह दूसरी महत्वपूर्ण खबर है पूर्व के सभी अनुमानों को ध्वस्त करते हुए देश की अर्थव्यवस्था ने 8.2 फीसदी की दर से उड़ान भरी है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी है, पहली तिमाही अप्रैल-जून में 7.8 फीसदी, दूसरी तिमाही जुलाई- सितंबर में 7.6 प्रतिशत और तीसरी तिमाही अक्टूबर- दिसंबर में 8.6 फीसदी की दर से बढ़ी थी। इसके साथ ही पूरे वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर बढ़कर 8.2 प्रतिशत हो गई। जीडीपी की यह रफ्तार दुनिया के सभी विकसित एवं विकासशील देशों में सर्वाधिक है। उल्लेखनीय आर्थिक प्रगति की यह तेज गति सशक्त अर्थव्यवस्था को एवं दुनिया की तीसरी आर्थिक महाताकत बनने के संकल्प को बल देगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूसरे कार्यकाल की एक मौलिक सोच एवं दृष्टि से ही भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में एक चमकते सितारे के रूप में उभरी है, सुदृढ़ आर्थिक विकास के सुनहरे परिदृश्य प्रस्तुत कर रही है एवं ह्लमजबूत आर्थिक विकासह्ल को दर्शा रही है। जीडीपी की शिखर की ओर बढ़ने की गति भारत के शक्तिशाली बनने का आधार है। विनिर्माण, निर्माण, लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाओं द्वारा प्रोत्साहित, चौथी तिमाही की 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर अर्थशास्त्रियों द्वारा लगाए गए 7.3-7.4 प्रतिशत के उच्चतम अनुमान से कहीं अधिक रही। और 8.2 प्रतिशत की पूर्ण वर्ष की वृद्धि दर आरबीआई द्वारा अनुमानित 7 प्रतिशत और एनएसओ द्वारा 2023-24 के लिए 7.6 प्रतिशत के दूसरे अग्रिम अनुमान से अधिक है। यह आंकड़ा सभी अनुमानों एवं पूवार्नुमानों से ऊपर है। जीडीपी की गति इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल और सामाजिक विकास की दृष्टि से देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति देगी। यह आर्थिक विकास देश को न केवल विकसित देशों में बल्कि इसकी अर्थव्यवस्था को विश्व स्तर पर तीसरे स्थान दिलाने के संकल्प को बल देने में सहायक बनेगा। यह जीडीपी इसलिए विशेष रूप से उल्लेखनीय है क्योंकि मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, न कि लोकलुभावन योजनाओं के जरिये प्रशंसा पाने अथवा कोई राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश की है। राजनीतिक हितों से ज्यादा देशहित को सामने रखने की यह पहल अनूठी है, प्रेरक है। अमृत काल यानी 2047 तक भारत की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का विजन निश्चित ही हम हासिल करेंगे।

ध्यान देने की बात है कि आजादी के बाद की अधिकतम शासन करने वाली सरकारों ने आर्थिक संकट ही खड़े किये थे। साल 1991 में जब भारत पर आर्थिक संकट आया था, तब शायद भारतीय अर्थव्यवस्था से दुनिया के ज्यादातर देशों को विश्वास कुछ डिग गया था। मजबूरी में देश को अपना सोना विदेश भेजना पड़ा था। तब कर्ज का जाल भारी हो गया था, लेकिन आज भारत की अर्थव्यवस्था बेहतर प्रदर्शन कर रही है और कर्ज चुकाना अब समस्या नहीं है। ऐसे में, इतने बड़े पैमाने पर विदेश से सोना लाने की प्रशंसा ही की जा सकती है। मार्च के अंत तक रिजर्व बैंक के पास 822.1 टन सोना था, जिसमें से 413.8 टन विदेश में था। वास्तव में, अपना सोना किसी अन्य देश में रखने को बहुत अच्छा नहीं माना जाता है। रिजर्व बैंक शायद संदेश देना चाहता है कि भारत अब शक्तिशाली है और वह अपने सोने की हिफाजत खुद कर सकता है। आज अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर हम ब्रिटेन से आगे निकल गए हैं, तो हमें अपनी नीतियों में गरिमा के अनुरूप परिवर्तन करना ही चाहिए। वैसे, भारत की स्थिति अचानक नहीं सुधरी है। एक खास बात यह भी है कि भारत चालू वित्त वर्ष में ऐसे चंद देशों में शुमार है, जिन्होंने सोना खरीदा है। भारतीय रिजर्व बैंक ने कुछ ही महीनों में 27.5 टन सोना खरीदकर अपने स्वर्ण भंडार में जमा किया है।

स्वर्ण भंडार के मामले में भारत 822.1 टन के साथ दुनिया में नौवें स्थान पर है और अमेरिका के पास सर्वाधिक 8, 133 टन से ज्यादा सोना है। जर्मनी के पास 3, 352 टन सोना है। उसके बाद इटली, फ्रांस, रूस, चीन (2, 262 टन), स्विट्जरलैंड और जापान का स्थान है। समय के साथ सोने का भाव बढ़ता ही रहा है, बीस साल पहले जो सोना 6, 307 रुपये प्रति दस ग्राम का था, वही सोना आज 73, 390 रुपये प्रति 10 ग्राम का हो गया है। जाहिर है, सोने की मांग नहीं घटने वाली, पर ज्यादा से ज्यादा भारतीयों को अपनी बुद्धि, कौशल और श्रम से सोना खरीदने में सक्षम होना पड़ेगा, तभी देश के स्वर्ण भंडार की खनक-चमक बढ़ेगी। कई उच्च आवृत्ति संकेतक जैसे जीएसटी संग्रह, बिजली खपत, माल ढुलाई आंकड़े आदि संकेत देते हैं कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था लचीली और उत्साही बनी हुई है। मोदी यदि तीसरे कार्यकाल के लिये प्रधानमंत्री चुने जाते हैं तो भारत की आर्थिक विकास गति जारी रहेगी। जीडीपी एवं आर्थिक गति मूडीज, फिच, एसएंडपी, नोमुरा, रिजर्व बैंक, आईएमएफ आदि दिग्गज वित्तीय संस्थानों के अनुमानों को ठुकराते हुए नई छलांगे लगायेगी।

प्रधानमंत्री ने देश में आतंकवादी वारदातें कम होने, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने, सरकार के ईमानदारी और पारदर्शिता से काम करने का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिए ज्यादा से ज्यादा धन खर्च किया है और 13.5 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। निश्चित ही भारत से गरीबी दूर हो रही है। उन्होंने देशवासियों को इस बात का अहसास कराया कि जब देश आर्थिक रूप से मजबूत होता है तो तिजोरी ही नहीं भरती बल्कि देश का सामर्थ्य भी बढ़ता है। उन्होंने देशवासियों से परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण के खिलाफ लड़ने का आह्वान भी किया क्योंकि ये गरीब, पिछड़े, आदिवासियों और दलितों का हक छीनते हैं। यह उल्लेखनीय एवं संतोष का विषय है कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। इंडियन इकॉनमी- अ रिव्यू में यह उम्मीद जताई गई है कि भारत 2027 तक 5 ट्रिलियन डॉलर और 2030 तक 7 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बन जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार इस बात की गारंटी दे रहे हैं कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो जाएगा। भारत फिलहाल दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। वैश्विक वित्तीय संस्थान मॉर्गन स्टेनली ने भी ऐसी ही भविष्यवाणी की थी। तमाम तरह की अनुकूलताओं एवं गुलाबी अर्थ रंगों के बावजूद हमें आर्थिक गति की बाधाओं पर भी ध्यान देना होगा। तेज विकास दर के बावजूद रोजगार के मोर्चे पर खास प्रगति नहीं हुई है। आज भी युवा बेरोजगारी का स्तर 40 फीसदी तक बताया जाता है। यह स्थिति गंभीर इसलिए भी है कि यह तेज विकास दर के फायदों को सीमित करती है। एक बड़ी चुनौती यह भी है कि निजी पूंजी निवेश में बढ़ोतरी नहीं हो रही है। श्रम-शक्ति में महिलाओं की कम भागीदारी आर्थिक ही नहीं सामाजिक और अन्य दृष्टियों से भी चिंता की बात है। इस मामले में हम पड़ोस के बांग्लादेश और पाकिस्तान से भी पीछे हैं। अर्थव्यवस्था से जुड़ी दो खबरों ने राहत की सांसें है जिससे नया भारत- सशक्त भारत के निर्माण का संकल्प भी बलशाली बन सकेगा। सच्चाई यही है कि जब तक जमीनी विकास नहीं होगा, तब तक आर्थिक

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क दुर्घटना में चार युवकों की मौत

डिहरी ऑन सोन (रोहतास)।डिहरी निवासी चार युवकों की उस समय सड़क दुर्घटना में मौत हो गई।जब वे स्विफ्ट डिजायर कार द्वारा शनिवार को मतदान के दिन देर शाम गया से वाटर पार्क घूम कर अपने डिहरी लौट रहे थे की औरंगाबाद में एक सड़क हादसे में इन चारों की मौत हो गई।इन चारों युवकों का शव को डिहरी पहुंचते ही घरों में कोहराम मच गया तथा इस घटना से पूरे नगर में मातम छा गई इस घटना की सूचना मिलते हैं काराकाट लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा मृतकों के घर पहुंच कर परिजनों से मातम पुर्सी किया।सभी का दाह संस्कार रविवार को सोन तट पर किया गया।जिन चारों युवकों का सड़क दुर्घटना में मौत हुई उनमें डिहरी के कचौड़ी गली निवासी गुलाबचंद गुप्ता के 25 वर्षीय पुत्र सन्नी कुमार ,कचौड़ी गली के ही दीपक कुमार गुप्ता के पुत्र 15 वर्षीय युवराज कुमार ,काली स्थान निवासी छोटू गुप्ता के पुत्र 18 वर्षीय राजा गुप्ता तथा राजपूताना निवासी मुरारी साह के 20 वर्षीय पुत्र रोशन कुमार शामिल है।

### दिव्यांग हरदेव प्रसाद ने अपने मताधिकार का किया प्रयोग

गया।लोकतंत्र का पर्व देश का गर्व देश को मजबूत बनाने हेतु मैं हरदेव प्रसाद जो दिव्याग 85% है वह दिव्याग होकर बुथ संख्या 151 दक्षिणी भाग मधडा मे सबसे पहला मतदान किए हैं।

### संज्ञा समिति का बैठक हुआ सम्पन्न कर्मकांड पर दिया गया विशेष जोर

शेरघाटी।शहर के जे.पी. मेमोरियल स्कूल में रविवार को संज्ञा समिति की बैठक आयोजित की गई और बैठक के अध्यक्षता कामेश्वर पांडेय के द्वारा किया गया। बैठक के दौरान समाज के लोगों को उत्थान के साथ-साथ शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों पर परशुराम दल का नेम प्लेट लगाए जाने पर विस्तार से चर्चा किया गया। साथ ही समाज में दबे कुचले लोगों को आगे कैसे बढ़ाया जाए इस पर विशेष चर्चा की गई। साथ ही साथ पूजा पाठ करने एवं उनके मंत्र उच्चारण की शुद्धता को लेकर यह चर्चा की गई। इसको लेकर चंद्रमणि पाठक के द्वारा चलाये जा रहे संस्कृति पाठशाला पर विशेष जोर देकर उसे वेहतर रूप दिया जाय। और बच्चो को बेहतर शिक्षा प्रदान कराया जाय उक्त दौरान विजय दत्त पाठक, राम कृष्णा पाठक, चंद्रमणि पाठक, शशि भूषण मिश्रा, अजय मिश्रा, अरुण पाठक, शुभाष मिश्रा, साधु मिश्रा, आलोक पाठक, चंदन मिश्रा, मनीष पाठक, मनोज मिश्रा, राजेश मिश्रा समेत लोग उपस्थित थे।

### पुलिस पदाधिकारी को छाता उपलब्ध कराया गया, पीने के लिए मिलेगी शुद्ध पेयजल

गया।एसएसपी आशीष भारती के निर्देश पर बढ़ते हुए गर्मी को देखते हुए गया शहर के सभी महत्वपूर्ण ट्रैफिक चेक पोस्टों पर प्रतिनियुक्ति पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों की सुविधा और स्वास्थ्य के लिए छाता, ओ आर एस और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कराई गई है।एसएसपी आशीष भारती ने जानकारी देते हुए बताया कि बढ़ते हुए गर्मी को देखते हुए गया शहर के सभी महत्वपूर्ण ट्रैफिक चेक पोस्टों पर प्रतिनियुक्ति पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों की सुविधा और स्वास्थ्य को सर्वोपरि मानते हुए उनके कार्यस्थल पर आउटडोर छाता की व्यवस्था की गई है।इसके साथ ही उनके शारीरिक जल-स्तर को बनाए रखने के लिए ओ आर एस और शुद्ध पेयजल की भी विशेष व्यवस्था की गई है।इससे यातायात पुलिस गया को इस चुनौतिपूर्ण मौसम में भी अपनी ड्यूटी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाने में सहायता मिलेगी।

### नोबा जीएसआर सेल्फी विद सैनिटरी पैड कार्यक्रम का आयोजन

सासाराम (रोहतास) नोबा जीएसआर ने अपने प्रोजेक्ट संगिनी के तहत जिला के तीन स्थानों पर सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन कार्यक्रम का आयोजन किया।जिसके तहत जिला के बीएमपी, डेहरी ऑनसोन, बम हाई स्कूल, देवरिया, और गोपाल नारायण सिंह यूनिवर्सिटी के युवा छात्र छात्राओं ने भाग लिया।अवसर पर कार्यक्रम को सफल बनाने में रोहतास के युवाओं ने अहम भूमिका निभाई।अवसर बताया गया कि आने वाले वक्त में नोबा जीएसआर इस मुहिम के तहत रोहतास के दूरदराज इलाकों में भी सैनिटरी पैड मुहैया कराने का प्रयास करेगा, ताकि महिलाओं को सैनिटरी पैड आसानी से उपलब्ध हो सके।साथ ही पूर्विका जो कि नोबा जीएसआर के साथ मिलकर रोहतास में काम कर रही हैं।जो रोहतास की आधी से अधिक महिला आबादी आज भी माहवारी के वक्त कपड़े का इस्तेमाल कर रही है।जिससे इन्फेक्शन का खतरा बढ़ रहा है।इसलिए हमें पैड मुहैया कराने के साथ इसके जागरुकता अभियान चलाना जरूरी है।

# मतगणना स्थल पर सभी व्यवस्थाएं हर हाल में रहे सही : जिलाधिकारी

प्रातःकिरण संवाददाता



गया।जिला निर्वाचन पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने आज गया कॉलेज गया पहुच कर, लोकसभा आम निर्वाचन के अवसर पर गया कॉलेज को बनाये जाने वाले मतगणना सेंटर का निरीक्षण किया एव संबंधित वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर, मतगणना की क्या क्या तैयारियां की जानी है, उसकी पदाधिकारी वार दायित्व दिया है। 04 जून को यहां 06 विधानसभा की पड़े गए मतों की गणना होगी। उन्होंने निर्देश दिया है कि गया कॉलेज के गेट पर ही पर्याप्त साइनेज की व्यवस्था करवाए ताकि एंट्री के दौरान ही मतगणना में आने वाले विभिन्न पदाधिकारी और कर्मियों एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों को किस जगह पर क्या-क्या सुविधा है, किस विधानसभा का कहां पर मतगणना कार्य हो रहा है इत्यादि की पूरी जानकारी मिल सके।अत्यधिक गर्मी को ध्यान में रखते हुए मतगणना के दिन सुधा डेयरी का टैंकर जिसमें पानी पूरी तरह ठंडा रहता है संबंधित पानी टैंकर की व्यवस्था करवाने का निर्देश दिया है। इसके अलावा पीएचडी के अभियंता को निर्देश दिया कि पानी टैंकर एवं पर्याप्त अस्थाई टॉयलेट की व्यवस्था हर हाल में दुरुस्त रखें। इसके अलावा बैठक में बताया गया कि गया कॉलेज में स्थाई तौर पर 5 से 6 प्वाइंट्स पर टॉयलेट की व्यवस्था पहले से है, जहां मतगणना में लगने वाले कर्मी एवं पदाधिकारी उसका उपयोग कर सकते हैं। उन्होंने निर्देश दिया है कि गया कॉलेज में बनने वाले कंट्रोल रूम को पूरी तरह एक्टिव रखना होगा साथ ही पब्लिक एड्रेस सिस्टम को दुरुस्त रखना होगा जिससे समेकित रूप से लोगों को राउंड वार मतगणना की जानकारी मिल सके। मतगणना कार्य में लगने वाले जो भी लॉजिस्टिक हैं उसकी पूरी तरह आकलन कर 3 जून तक पूरा अरेंजमेंट कर आपूर्ति रखना सुनिश्चित करेंगे।

उन्होंने आईटी मैनेजर एवं एन आई सी के पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि मतगणना हॉल में इंटरनेट की व्यवस्था एवं विभिन्न प्लग की व्यवस्था आकलन कर उसे अपने देखरेख में लगवाना सुनिश्चित करें। ईवीएम काउंटिंग एवं ईवीएम सीलिंग के दौरान विभिन्न संख्या में लगने वाले मजदूर का आकलन कर शिफ्टवार मजदूर की व्यवस्था सुनिश्चित रखें।

उन्होंने सभी पदाधिकारी को बताया कि मतगणना केंद्र के 100 मीटर की परिधि में किसी भी वाहनों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इसके लिए विभिन्न स्थानों पर पार्किंग व्यवस्था चिन्हित करने का निर्देश अनुमंडल पदाधिकारी सदर को दिया गया है। सभी चुनाव में लगने वाले कर्मी एवं पदाधिकारी निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही अपने वाहनों को पड़ाव करें। गया कॉलेज खेल परिसर में वाहनों का पड़ाव के लिये पार्किंग बनाया गया है। इसके अतिरिक्त दो पहिया वाहनों के लिये गेवाल बीघा मोड़ स्थित पुराना संवाद सदन समिति के भवन के बाहर खाली पड़े भूखंड में वाहनों का पार्किंग की व्यवस्था भी की गई है।नगर निगम के उपस्थित पदाधिकारी को निर्देश दिया कि साफ सफाई की पूरी व्यवस्था रखें। हर विधानसभा वार बड़े-बड़े आकार के तीन-तीन डस्टबिन रखें। इसके अलावा पर्याप्त सफाई कर्मी को भी उपलब्ध रखें ताकि डस्टबिन में कचरा भरने पर उसे तुरंत खाली कराया जा सके। डीएम ने बताया कि हर हाल में सुबह 08 बजे से मतों की गणना शुरू हो जाएगी। गया कॉलेज गेट पर ही मोबाइल कलेक्ट कराने की व्यवस्था कराए, अच्छे से जमा एव वितरण की व्यवस्था रहे।

इब बैठक में सभी 06 विधानसभा से सहायक निवार्ची पदाधिकारी, अपर समाहर्ता लोक शिकायत, अपर समाहर्ता विशेष कार्यक्रम, वरीय उप समाहर्ता स्थापना, जिला भूअर्जन पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिले योजना पदाधिकारी, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, वरीय उप समाहर्ता रविन्द्र दिवाकर, वरीय उप समाहर्ता नजारत, कार्यपालक अभियंता पीएचडी/ भवन सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पूर्व मध्य रेल के 43 स्टेशनों पर लगाये गये 127 एटीवीएम मशीन

हाजीपुर। यात्रियों को आसानी से टिकट उपलब्ध कराने हेतु स्टेशनों पर ऑटोमेटिक टिकट वेन्डिंग मशीन (एटीवीएम) लगाये जा रहे हैं । इसी क्रम में पूर्व मध्य रेल के 43 प्रमुख स्टेशनों पर 127 एटीवीएम स्थापित किये गये हैं । इनमें दानापुर मंडल के 13 स्टेशनों पर 38 एटीवीएम, समस्तीपुर मंडल के 09 स्टेशनों पर 29 एटीवीएम, सोनपुर मंडल के 08 स्टेशनों पर 24 एटीवीएम, पं.दीनदयाल उपाध्याय मंडल के 06 स्टेशनों पर 18 एटीवीएम तथा धनबाद मंडल के 07 स्टेशनों पर 18 एटीवीएम कार्य कर रहे हैं । इसके साथ ही जल्द ही पूर्व मध्य रेल के विभिन्न स्टेशनों पर 40 और एटीवीएम स्थापित किये जाने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है । एटीवीएम के जरिए रेल यात्री टिकट काउंटर पर बिना लाईन में लगे अनारक्षित टिकट खरीद कर यात्रा कर सकते हैं । प्रमुख स्टेशनों पर स्वचालित अनारक्षित टिकट वेंडिग मशीन टिकट काउंटर के आसपास स्थापित किए गए है। कई स्टेशनों पर ये एटीवीएम टिकट घर के अलावे स्टेशन के प्रवेश परिसर में भी स्थापित किये गये हैं जिससे यात्रियों को टिकट लेने और ट्रेन पकड़ने के बीच कम समय लगेगी । एटीवीएम से प्लेटफॉर्म टिकट भी कटाया जा सकता है । ये एटीवीएम चौबीसों घंटे कार्य करती है । साथ ही इस सिस्टम में हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषा चुनने की सुविधा उपलब्ध है । यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए स्टेशनों पर एटीवीएम के माध्यम से रेल टिकट खरीदने हेतु फैसिलिटेटर भी तैनात किए गए हैं। यात्री एटीवीएम से स्वयं टिकट बना सकते हैं या जरूरत पड़ने पर तैनात एटीवीएम फैसिलिटेटर के माध्यम से भी टिकट खरीद सकते हैं। यात्रियों द्वारा बुकिंग कार्यालय से जारी किए गए स्मार्ट कार्ड से या एटीवीएम पर प्रदर्शित क्यूआर कोड को स्कैन करके यूपीआई के माध्यम से किराए का भुगतान किया जा सकता है।

# नवादा महाविद्यालय के प्राचार्य गेट से कुंड़े का ढेर हटवाए : नगर आयुक्त

प्रातःकिरण संवाददाता



गया।नूतननगर कालीबाड़ी वार्ड नंबर 36 के निवासी शिक्षाविद् नवादा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ डी एन मिश्रा के आवास के पास मकान का मलबा फेक दिया गया है। जिससे आम जनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकी पूर्व में भी नगर निगम के द्वारा कचरा फेक दिया जाता था। कूड़ा कचरा रहने के चलते जानवर अपने भोजन के तलाश में प्लास्टिक, पॉलीथिन खाते रहते हैं। जानवरों का झुण्ड रहने के चलते, एक दूसरे जानवरों की आय दिन झड़प होते रहती है, जिससे राहगीरों पर खतरा बनी रहती है। नगर निगम के कार्यशैली बोलते हुए, राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने कहा, कालीबाड़ी नूतननगर गया शहर के पॉश इलाके में गिना जाता है, लेकिन मेरे घर के सामने कूड़े एवं कचरे का अम्बार लगा रहता है, जिससे भोजन की तलाश में जानवरों का झुण्ड पॉलीथिन, प्लास्टिक खाते रहते हैं। जानवरों के साथ कोई अनहोनी घटना भी घट सकती है, क्योंकी बिजली का ट्रांसफार्मर के पास ही कूड़े कचरे का ढेर लगा रहता है। स्थानीय वार्ड पार्षद भी उदासीन रवैया अपना रहे हैं, क्योंकी वार्ड पार्षद के प्रतिनिधि उनके बेटे देख रेख करते हैं, मेरे द्वारा लगातार नगर निगम से कहा जा रहा है की उपर्युक्त जगह पर कूड़ा ना फेकें लेकिन हमलोगों की बात का निरंतर नजरअंदाज किया जा रही है, बाध्य होकर हमें इसकी शिकायत उच्च अधिकारीयों को करनी पड़ेगी। नगर निगम के द्वारा मकान का मलबा फेकना दण्डनिए अपराध भी है लेकिन वार्ड पार्षद के उदासीन रवैया के चलते मेरे दरवाजे के पास मलबा का ढेर लगा रहता है।नगर निगम के द्वारा अविलम्ब उपर्युक्त जगह पर मलबा नहीं फेकने लिए नगर निगम आयुक्त के द्वारा आदेश निर्गत किया जाए एवं जितने भी लोग दोषी हैं सभी दोषियों पर अभिलंब कार्रवाई की जाए मांग करने वालों में राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के कार्यवाहक अध्यक्ष राणा रणजीत सिंह प्रदेश के उपाध्यक्ष सुनील बंबईया महेश यादव मंटू कुमार बबलू गुप्ता।

## इंसानियत जनसेवा के अध्यक्ष सल्लू खान के प्रयास से सदर अस्पताल में बची सब इंस्पेक्टर की जान

औरंगाबाद। सदर अस्पताल से लू मरीज नरेश प्रसाद मंडल ने लू पर जीत हासिल कर लिया है। तीन दिनों से सदर अस्पताल में के बाद उन्होंने जिंदगी की जंग को जीता। जिस तरीका से इनको लाया गया था लगभग तय हो गई थी जान नहीं बचेगी। सब इंस्पेक्टर नरेश प्रसाद मंडल की जान शहर की सामाजिक संस्था इंसानियत जनसेवा के जिलाध्यक्ष मो. शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान के सूझ बूझ एवं सेवा के कारण बच गई। सदर अस्पताल में अपने पिताजी को लेकर आइसीयू में रह रहे सब इंस्पेक्टर के पुत्र दीपक कुमार ने इससे संबंधित एक पत्र पुलिस अधीक्षक, जिलाधिकारी, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, सदर एसडीपीओ, नगर थानाध्यक्ष के माध्यम से लिखा है कि मेरे पिताजी जो बांका में पदस्थापित है। औरंगाबाद चुनावी ड्यूटी में आने के बाद लू की चपेट में आ गए और उन्हें सदर अस्पताल लाया गया। जहां शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान नाम का युवक मुझे 45 मिनट तक बर्फ रगड़ता रहा और मेरी जान भी बच्ची नहीं तो बर्फ और समय पर मुझे यहां पर चिकित्सा के द्वारा नहीं ध्यान दिया जाता तो घटना में आज हम नहीं बच पाते। दीपक ने कहा कि मेरे घर के चिराग को जलने से समाजसेवी सल्लू खान के द्वारा बचाया गया है। सदर अस्पताल से लू मरीज नरेश प्रसाद मंडल ने लू पर जीत हासिल कर लिया है।

## आईआईटी के तैयारी करने वाले बच्चों को रोटरी गया सिटी ने दिया वाटर कुलर

प्रातःकिरण संवाददाता



गया।आईआईटी की तैयारी कराने वाली संस्था वृक्ष को रोटरी गया सिटी ने एक वाटर कुलर दिया। जिसका फिता काटकर डा. ए एन राय ने शुभारंभ किया। इस मौके पर डा. ए एन राय ने कहा कि वाटर सेनिटाइजेशन व हाइजीन केक तहत आईआईटी की तैयारी करने वाले इन बच्चों के लिए वाटर कुलर दिया गया है। जिससे कि स्वच्छ व शीतल पानी इस भीषण गर्मी में पीये व स्वस्थ रहे। इस दौरान संस्था में पढने वाले बच्चों के बीच 260 कॉपी व कलम के साथ छह वाटर बोतल भी दिया गया। इस मौके पर रोटरी गया सिटी के अध्यक्ष विजय भलोटिया ने बताया कि रोटरी इंडिया लिटरेसी मिशन के तहत इन बच्चों को कॉपी कलम व वाटर बोतल दिया गया है। आगे भी संस्था को रोटरी गया सिटी मदद करती रहेगी। इस मौके पर संस्था के संस्थापक चन्द्रकांत पाटेश्वरी ने कहा कि उनके संस्था में निःशुल्क 150 बच्चों को आईआईटी की तैयारी करायी जा रही है। वहीं दस बच्चे एनआईआईटी के भी तैयारी कर रहे है। इसके अलावे संस्था गरीब व मजदूर वर्ग के लोगों के बच्चों को नर्सरी से दसवीं तक निःशुल्क शिक्षा देती है। इस मौके पर रोटरी गया सिटी के डा. रतन कुमार, राय आनन्दवर्द्धन, प्रियरंजन डायर, शीरिष प्रकाश, अमरेश कुमार, निशांत, पुनित खेतान, संजय कुमार व अन्य सदस्यों ने हर संभव मदद करने की बात कही। इस मौके पर संस्था के डुगेश्वर प्रसाद, रंजीत कुमार, कुलदीप, सुनील व राजीव कुमार मौजूद रहे हैं।

### थाना परिसर में चुनाव परिणाम को लेकर शांति समिति बैठक अयोजित

मधुबनी। खजौली लोक सभा चुनाव मतगणना को लेकर थाना परिसर में थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह के अध्यक्षता में रविवार को राजनीतिक पार्टी, समाजसेवी वर्ग, जनप्रतिनिधि गण के साथ शांति समिति की बैठक हुई.बैठक के दौरान थानाध्यक्ष श्री सिंह ने उपस्थित सभी राजनीतिक पार्टी, समाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनीधिगण को कहा कि लोक सभा चुनाव मतगणना के परिणाम के बाद थाना क्षेत्र में कोई भी राजनीतिक पार्टी या सामाजिक कार्यकताओं द्वारा किसी प्रकार की जुलूस निकालने पर सरकार द्वारा पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है.उन्होंने कहा कि कोई भी राजनीतिक पार्टी द्वारा विजयी की खुशी में चौक, चौराहे पर पटाखा नही फोड़ने का सख्त आदेश दिया गया. थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था व सामाजिक सदभावना बनाए रखने का निर्देश दिया गया.उन्होंने कहा कि किसी भी तरह का कोई व्यक्ति द्वारा अफवाह फैलाया गया वैसे व्यक्ति को चिन्हित करके उन लोगो के खिलाफ कानूनी करवाई की जाएगी।

# रुट डाइवरड किए गए मतगणना के दिन

प्रातःकिरण संवाददाता




गया।लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के मतगणना की तिथि दिनांक-04.06 को निर्धारित है। मतगणना कार्यक्रम गया कॉलेज गया में किया जाना है। इस अवसर पर उम्मिदवार के साथ-साथ काफी संख्या में उनके समर्थक वाहनों एवं पैदल मार्गो से गया कॉलेज गया आयेंगे। ऐसी स्थिति में आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए यातायात नियंत्रण हेतु मतगणना कार्य अवधि में पार्किंग स्थल ,मार्ग से संबंधित ट्रैफिक प्लान तैयार किया गया है, जो निम्न प्रकार हैः- वाहनों के लिए नो इण्ट्री प्रवेश वर्जित गया शहरः-

गया कॉलेज मोड़ से गेवाल बिगहा के तरफ जाने वाले सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा। आपातकालीन सेवा वाले वाहनों को छोड़कर। जिला पदाधिकारी आवास मोड़, सुधा डेयरी के पास मोड़ एवं पुलिस लाईन मोड़ से गया कॉलज की ओर जाने वाली सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा।आपातकालीन सेवा वाले वाहनों को छोड़कर।आशा सिन्हा मोड़ से करीब 200 मी० पूरब, फर्स्ट कराई मोड़ से गया कॉलेज गेट,पेट्रोल पम्प के तरफ जाने वाले मार्ग में सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा। वाहनों का वैकल्पिक मार्गः- जिला पदाधिकारी आवास मोड़- अतिथि गृह- आशा सिंह मोड़,मिर्जा गालिब होते हुए जायेंगे।सिकड़िया मोड़ के तरफ जाने वाले वाहनों- पुलिस लाईन मोड़- पुलिस लाईन के पीछे से केन्द्रीय कारा का गेट- सिकड़िया मोड़ एवं अपने गणतव्य को जाएंगे।गया शहर में आने वाले वाहनों-गया कॉलेज मोड़ से बाएँ मुड़कर आशा सिंह मोड़ -अतिथि गृह- मिर्जा गालिब कॉलेज- जे०पी० झरणा एवं गेवाल बिगहा होते हुए अपने गनतव्य को जाएंगे।पार्किंग व्यवस्थाः- उम्मिदवार एवं उनके समर्थकों का वाहनों की पार्किंग खेल परिसर गया में की जाएगी। खेल परिसर में वाहन पर्किंग करने के लिए सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पुलिस लाईन के पीछे जेल रोड वाले,खेल परिषर के पीछे वाले गेट से प्रवेश कर पार्किंग की जाएगी। खेल परिषर के मेन गेट से होकर सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा।दो पहिया वाहनों के लिये गेवाल बीघा मोड़ स्थित पुराना संवाद सदन समिति के भवन के बाहर खाली पड़े भूखंड में वाहनों का पार्किंग कर सकते हैं। बैरिकेटिंगः- गया कॉलेज मोड़,साइबर थाना, गेवाल बिगहा के तरफ आने वाली मार्ग में।जिला पदाधिकारी आवास सुधा डेयरी बुथ पुलिस लाईन मोड़, गया कॉलेज की ओर जाने वाली मार्ग में। फर्स्ट कराये मोड़, जजेज कॉलनी पथ में दोनों तरफ। खेल परिषर गेट।गया कॉलेज मेन गेट दोनों तरफ। गया कॉलेज मोड़ से पुलिस लाईन मोड़ तक सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्णतः वर्जित रहेगा। यह ट्रैफिक प्लान लोकसभा चुनाव 2024 के मतगणना कार्य के अवसर पर।दिनांक-04.06.2024 को सुबह 06:00 बजे से मतगणना कार्य अवधि तक प्रभावी रहेगा।

# विचार गोष्ठी में मैट्रिक टॉपर को किया गया सम्मानित

प्रातःकिरण संवाददाता



औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद में पृथ्वीराज चौहान स्मृति स्थल के प्रांगण में पृथ्वीराज चौहान जी की जयंती समारोह धूमधाम से मनाई गई।अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप नारायण सिंह ने किया।जबकि संचालन उपाध्यक्ष डॉ संजीव रंजन द्वारा किया गया।सर्वप्रथम पृथ्वीराज के आदमकद प्रतिमा के सामने पुष्पांजलि अर्पित किया गया।तत्पश्चात उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विचार गोष्ठी का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल के निदेशक धनंजय शर्मा, रेड क्रॉस के अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह,नगर परिषद औरंगाबाद के अध्यक्ष उदय प्रसाद गुप्ता,जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह,अवकाश प्राप्त प्रोफेसर शिवपूजन सिंह एवं डॉ रामाधार सिंह, वरीय सदस्य कौशल प्रताप नारायण सिंह, संयोजक जगदीश सिंह, सचिव स्वर्णजीत कुमार सिंह द्वारा किया गया।विचार गोष्ठी का विषय प्रवेश करते हुए सचिव स्वर्णजीत कुमार सिंह ने कहा कि ट्रस्ट अपने उद्देश्यों को धरातल पर लाने के लिए कृत संकल्पित है।वरीय सदस्य रामप्रवेश सिंह ने ट्रस्ट के महत्वपूर्ण कार्यों की समीक्षा की। तो उपाध्यक्ष ज्ञानेश्वर प्रसाद सिंह द्वारा ट्रस्ट के महत्वपूर्ण कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। मुख्य अतिथि ने संबोधन के क्रम में कहा कि आज सामाजिक कार्यों में बहुत कम लोग दिलचस्पी ले रहे हैं ऐसी स्थिति में ट्रस्ट के कार्य समाज के एक नजीर साबित हुए हैं। ट्रस्ट के वरीय सदस्य कौशलेंद्र प्रताप नारायण सिंह, पूर्व मुखिया सत्येंद्र नारायण सिंह,चंद्र प्रकाश विकास,गोरखनाथ सिंह,राम भजन सिंह,ज्योतिर्विद शिवनारायण सिंह,रविंद्र कुमार सिंह ने कहा कि पृथ्वीराज विपरीत परिस्थिति में भी संघर्ष करने से नहीं डीगे। मनोज कुमार सिंह,डॉ रित्विक सिंह,जयंत प्रकाश,भीम कुमार सिंह,चंदन सिंह चौहान ने संबोधन में पृथ्वीराज के जीवन को वर्तमान से जोड़कर भविष्य निर्माण की कड़ी बताई।सम्मान समारोह के निमित डीएवी स्कूल की छात्रा दिव्या सिंह,लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल के छात्र शिवम कुमार,जी डी गोयनका के छात्र अभिषेक अंशु,इलेक्ट्रीशियन शिवप्रसाद के पुत्र आईआईटीयन शुभम कुमार एवं पुत्री बीपीएससी शिक्षिका सुमन कुमारी को ट्रस्ट के द्वारा प्रतीक चिन्ह,पुष्प हार,प्रशस्ति पत्र,अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि धनंजय शर्मा ने शुभम कुमार को 11000 का चेक प्रदान किया।धन्यवाद ज्ञापन संयोजक जगदीश सिंह द्वारा किया गया। मौके पर संजय सिंह,कमलेश सिंह,सुरेश बाबू सहित अन्य उपस्थित थे।

# दानिका एक घराना' पुस्तक का लोकार्पण



औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद में दानिका संगीत महाविद्यालय के प्रांगण में दानिका परिवार के पूर्व अध्यक्ष यमुना राम की दूसरी पुण्यतिथि पर दानिका के डायरेक्टर डॉ रविंद्र कुमार लिखित पुस्तक 'दानिका एक घराना' का लोकार्पण किया गया। सर्वप्रथम यमुना राम के तैल चित्र पर उपस्थित लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की। तत्पश्चात,मुख्य अतिथि जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में समकालीन जवाबदेही पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र,अवकाश प्राप्त प्रोफेसर डॉ शिवपूजन सिंह,शब्दाक्षर के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री धनंजय जयपुरी, शब्दाक्षर के प्रांतीय संगठन मंत्री विनय मामूली बुद्धि, जिला विधिक संघ के पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह,शब्दाक्षर के जिलाध्यक्ष नागेंद्र केसरी, संगीत शिक्षक विजय कुमार, अधिवक्ता संतोष कुमार ने पुस्तक का लोकार्पण किया।पुस्तक के लेखक डॉ रविंद्र कुमार ने कहा कि इसमें उनकी चार पीढ़ियों का वर्णन है। सबने संगीत कला क्षेत्र में समर्पित होकर अपना योगदान दिया और इस घराने को विशिष्टता प्रदान किया।आगत अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह एवं पुष्पहार देकर किया गया। शिवांगी सिंह एवं अंजलि सिंह के स्वागत गान पर लोग भाव-विभोर हो गए। कार्यक्रम का संचालन मीडिया प्रभारी सुरेश विद्यार्थी द्वारा किया गया। विनय मामूली बुद्धि ने काव्यपाठ कर यमुना राम को श्रद्धांजलि दी। नागेंद्र केसरी ने उन्हें जीवंत कलाकार बताया।धनंजय जयपुरी द्वारा पुस्तक के बारे में बताया कि यह घराना औरंगाबाद के लिए विशिष्ट उपलब्धि है। इस घराने की चर्चा राष्ट्रीय स्तर पर हो चुकी है। डॉ शिवपूजन सिंह ने कहा कि यमुना राम जी गीत एवं संगीत के जादुई कलाकार थे। उनके चेहरे पर जो मुस्कान थी वह हर किसी को अपना बना लेती थी।डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र ने कहा कि जमुना राम जी का व्यक्तित्व कला को समर्पित था।अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह ने उन्हें गीत- नृत्य का समर्पित कलाकार बताया।शिक्षक गामा कुमार एवं वेद प्रकाश को भी सम्मानित किया गया।डॉ रविंद्र कुमार के बड़े भाई कृष्णा रंजन द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। मौके पर संस्था के सचिव शशि कुमारी, किरण देवी, सविता सिंहा, नीरज कुमार खुशबू कुमारी,अरविंद कुमार,अमिषा सहित अन्य उपस्थित थे।

## स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने में विद्युत कर्मी का सहयोग करें उपभोक्ता : राजकुमार

बिक्रमगंज (रोहतास) विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज अंतर्गत पांच प्रशाखा है। साथ ही सभी उपभोक्ताओ के परिसर मे स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने का कार्य प्रगति पर है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार ने बताया कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर सभी उपभोक्ताओं के परिसर मे निःशुल्क लगाया जा रहा है। जिस मीटर लगाते समय कर्मियों का सहयोग करें एवं किसी भी प्रकार के अवरोध उत्पन्न न करें। साथ ही बिजली विभाग एसडीओ ने बताया कि उपभोक्ताओं के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर पहली बार मीटर रिचार्ज करने हेतु मैसेज प्राप्त होने के बाद दो दिनों का समय दिया जाता है। जो बैलेंस शून्य अथवा निगेटिव होने पर उपभोक्ता को एसएमएस एवं कॉल के माध्यम से रिचार्ज करने हेतु सुचना दी जाती है। उपभोक्ता द्वारा रिचार्ज नहीं करने पर वे दो दिनों तक बिजली का उपभोग कर सकते हैं, इसके बाद भी रिचार्ज नहीं करने पर तीसरे दिन केवल कार्य दिवस को सुबह 10 बजे से दिन के 1 बजे के बीच ही बिजली स्वतः काट जाती है साथ ही साथ रिचार्ज होने के बाद बिजली स्वतः चालू हो जाती है। बता दें की राज्य सरकार द्वारा निर्धारित छुट्टी एवं रविवार के दिन बिजली नहीं काटी जाती है एवं रात मे भी विद्युत विभाग द्वारा बिजली नहीं काटी जाती है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर एवं नॉर्मल मीटर का टैरीफ एक सामान है व प्रीपेड उपभोक्ता का ऑनलाइन रिचार्ज करने पर 3 प्रतिशत की अतिरिक्त छुट मिलती है। स्मार्ट मीटर से सम्बंधित एप्प के माध्यम से उपभोक्ता दैनिक, साप्ताहिक एवं मासिक बिजली खपत की जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं। स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगे हुए उपभोक्ता को बिजली बिल जमा करने हेतु बिजली कार्यालय काउंटर पर जाने की आवश्यकता भी नहीं है उपभोक्ता ऑनलाइन के माध्यम से बिजली बिल जमा कर सकते हैं। आपको बता दें की बिक्रमगंज शहरी क्षेत्र मे कुल 9890 एवं ग्रामीण क्षेत्र मे 81127 उपभोक्ता हैं सभी उपभोक्ताओं के परिसर मे लोकसभा आम निर्वाचन के मतगड़ना के पश्चात मीटर अधिष्ठापन के कार्यो मे तेजी लायी जाएगी। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज द्वारा अखबार के माध्यम से उपभोक्ताओं से आग्रह की गयी है।

# मानक से अधिक बालू उठाव को लेकर ग्रामीणों ने घाट पर किया हंगामा

प्रातःकिरण संवाददाता



शेरघाटी।एक गांव से दूसरे गांव तक नदी होकर जाने वाली पगडंडी एवं मानक से अधिक बालू खनन किए जाने के विरोध में बड़की चापि के सैकड़ो ग्रामीणों में रविवार को खनन स्थल पर पहुंचकर विरोध किया प्रोग्राम। ग्रामीणों की स्थानीय प्रशासन से मांग है कि बड़की चांपी से नवादा अफजलपुर जाने वाली सड़क मार्ग को बालू खनन संवेदक के द्वारा खनन किया जाने से पगडंडी का रास्ता समाप्त हो जा रहा है।

जिसके कारण ग्रामीण को एक गांव से दूसरे गांव तक जाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ेगी। गांव के मोहम्मद इस्लाम मोहम्मद सलाउद्दीन आदि ने बताया कि मनरेगा के द्वारा नदी में पौधारोपण किया गया है।

वन विभाग के द्वारा पौधारोपण करते समय ग्रामीणों ने रास्ता के संबंध में जानकारी दिया। तत्पश्चात ग्रामीणों की मांग पर रास्ता को छोड़ कर पौधारोपण किया गया है जिसे स्पष्ट देखा जा सकता है। परंतु फिलहाल बालू खनन संवेदक के द्वारा उसे रास्ता को काट लिया जा रहा है। जिसके कारण सड़क का अस्तित्व समाप्त हो रहा है। ग्रामीण ऑन ने कहा कि जिस तरह बालू खनन में गड्ढे किए जारहे हैं। उसमें आनेवाली बरसात में गांव के बच्चे बूढ़े अनजाने में डूब कर करने की संभावना है। इसलिए गांव के समीप सरकार द्वारा मानक रूप से गढ़ा किए जाने का अनुपालन किया जाना चाहिए। इधर अभिकर्ता छोटू सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जिस स्थल का निविदा किया गया है। उस स्थल से मापदंड के अनुसार बालू का खनन हो रहा है। ऐसे में नदी के पगडंडी छोड़े जाने का कोई प्राविधान नहीं है। इसलिए ग्रामीण की मांग सही नहीं प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि स्थानीय पंचायत समिति का एक सदस्य के द्वारा घाट के मुंशी से रंगदारी मांगा गया है। ग्रामीणों को भड़काया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत ही तो है... टी-20 वर्ल्ड कप में महामुकाबले से पहले बाबर आजम की चेतावनी

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के मैच को लेकर बना माहौल, अपेक्षाओं का बोझ और दबाव खिलाड़ियों को नर्वस बना देता है, लेकिन उन्होंने टी-20 विश्व कप में रविवार को यहां होने वाले मैच से पहले अपने खिलाड़ियों को शांत बने रहने और अपने 'बेसिक्स' पर कायम रहने की सलाह दी। भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 विश्व कप में अभी तक जो सात मैच खेले हैं उनमें से उसे केवल एक में हार का सामना करना पड़ा है। पाकिस्तान में यह जीत 2021 में हासिल की थी।

बाबर ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड




(पीसीबी) के पॉडकास्ट में कहा, हम जानते हैं कि भारत और पाकिस्तान के मैच पर किसी अन्य मैच की तुलना में अधिक चर्चा होती है। इसके लिए पूरी तरह से भिन्न माहौल तैयार किया जाता है तथा केवल खिलाड़ी ही नहीं बल्कि प्रशंसकों में भी इसको लेकर उत्साह बना रहता है। दुनिया में आप कहीं भी जाओ, आपको भारत और पाकिस्तान के मैच को लेकर चर्चा करते हुए लोग मिल जाएंगे। हर कोई अपने देश का समर्थन करता है। प्रत्येक प्रशंसक इस मैच का बेसब्री से इंतजार करता है और उसका ध्यान इस खास मैच पर लगा रहता है। भारत के आगे कहीं नहीं ठहरता पाकिस्तान, 7 में से 6 बार हुआ है शर्मिंदा बाबर ने कहा, 'निश्चित तौर पर अपेक्षाओं और इस मैच को लेकर बने माहौल के कारण खिलाड़ी थोड़ा नर्वस हो जाते हैं। यह इस पर निर्भर करता है कि आप इससे कैसे निपटते हैं।

### टी-20 वर्ल्ड कप के बीच वेंकटेश अय्यर ने रचाई शादी

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया बुधवार को आईसीसी टी20 वर्ल्ड कम 2024 का पहला मुकाबला खेलेगी। बांग्लादेश के साथ हुए प्रैक्टिस मैच में भारतीय टीम ने कमाल का प्रदर्शन किया और उन्हें 60 रनों से हरा दिया। इसी बीच टीम इंडिया के खिलाड़ी ने शादी रचा ली है। सोशल मीडिया पर इस प्लेयर की शादी की तस्वीरें तेजी के साथ वायरल हो रही है।

दरअसल, कोलकाता नाइट राइडर्स के ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर ने सात फेरे ले लिए



हैं। सोशल मीडिया पर एक फोटो तेजी से वायरल हो रही है। फोटो में वेंकटेश परंपरागत वेशभूषा में पत्नी श्रुती के साथ नजर आ रहे हैं। वायरल फोटो में अय्यर पत्नी के गले में माला डालते नजर आ रहे हैं साथ ही फोटो में उनके सगे संबंधी भी नजर आ रहे है। इस तस्वीर के वायरल होने के बाद फैंस भी उनके सोशल मीडिया पर बधाई दे रहे हैं।

इससे पहले वेंकटेश अय्यर ने नवंबर 2021 में श्रुती के साथ सगाई की थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अय्यर की पत्नी श्रुती रघुनाथन पेशे से डिजाइनर है, और फेशन मैनेजमेंट में मास्टर डिग्री की है। श्रुति ने कोयंबटूर स्थित क्क्स्त्र कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंस से बी.कॉम की डिग्री हासिल की।



टी-20 वर्ल्ड कप के ओपनिंग मैच में रिकॉर्ड्स की बरसात

# अमेरिकी क्रिकेटर ने रचा इतिहास

**न्यूयार्क (एजेंसी)।** टी-20 विश्व कप 2024 का धमाकेदार आगाज हुआ है। टूर्नामेंट के ओपनिंग मैच में मेजबान यूएसए ने कनाडा को 14 गेंद पहले सात विकेट से हरा दिया। यूएसए के सामने 195 रन का विशाल लक्ष्य था, लेकिन 29 साल के दाएं हाथ के बल्लेबाज आरोन जोन्स की तूफानी 94 रन की पारी के आगे यह टोटल बौना साबित हो गया। जोन्स ने अपनी इस विस्फोटक पारी से एक के बाद एक कई रिकॉर्ड तोड़े। सिर्फ 40 गेदों में 10 गगनचुंबी छक्के और चार चौके की मदद से उन्होंने कनाडाई गेंदबाजों के होश उड़ा दिए। टी-20 विश्व कप के इतिहास में यह तीसरा सबसे बड़ा रनचेज भी है।



**यूएस के लिए सबसे बड़ी पार्टनरशिप-** इस मैच में आरोन जोन्स ने सिर्फ 40 गेंदों पर 4 चौके, 10 छक्के की मदद से नाबाद 94 रन बनाए। इस दौरान एंड्रीज गौस के बीच उन्होंने तीसरे विकेट के लिए 131 रन की पार्टनरशिप की। यह अमेरिका के लिए टी-20 क्रिकेट में सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड है। गौस ने सात चौके और तीन छक्के की मदद से 46 गेंदों पर 65 रन बनाए।

### टी-20 वर्ल्ड कप में तीसरा सबसे सफल रनचेज

195 रन के लक्ष्य को यूएसए ने किसी मजाक की तरह चेज कर दिया। यह टी-20 विश्व कप के इतिहास में तीसरा सबसे बड़ा रन चेज है। सबसे बड़ा रन चेज इंग्लैंड के नाम है, जब उसने 2016 वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में 230 रन बनाए थे। दूसरे नंबर पर साउथ अफ्रीका का नाम है, जोबर्ग में वेस्टइंडीज के खिलाफ 206 रन का लक्ष्य साधा था।

### क्रिस गेल की बराबरी

आरोन जोन्स ने इस मैच में 10 छक्के लगाकर खतरनाक कैरेबियाई बल्लेबाज क्रिस गेल की बराबरी कर ली। 2007 टी-20 विश्व कप में गेल ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 117 रन की पारी के दौरान 10 छक्के मारे थे। हालांकि टी-20 विश्व कप के एक मैच में सबसे ज्यादा 11 छक्के लगाने का कीर्तिमान भी गेल के ही नाम है, जो उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 2016 एडिशन में लगाए थे।

### टी-20 वर्ल्ड कप के एक ओवर में सबसे महंगा ओवर

कनाडा के जेरेमी गॉर्डन ने मैच के 14वें ओवर में 32 रन लुटा दिए। इस ओवर में उन्होंने कुल 11 गेंदें फेंकी, जिसमें तीन छक्के, दो चौके, तीन वाइड और दो नो बॉल शामिल रहे। इस तरह जेरेमी ने टी-20 विश्व कप का दूसरा सबसे महंगा ओवर फेंका। पहले नंबर पर स्टुअर्ट ब्रॉड बरकरार है, जिन्होंने युवराज सिंह से लगातार छह गेंदों में छह छक्के खाकर 36 रन लुटाए थे।

### एसोसिएट टीम के पहले बल्लेबाज

टी-20 वर्ल्ड कप के एक मैच में आज तक एसोसिएट टीम के किसी बल्लेबाज ने 10 छक्के नहीं मारे हैं। जोन्स यह कारनाम करने वाले पहले बल्लेबाज बने। इतना ही नहीं जोन्स टी-20 में यूएसए के लिए सबसे तेज अर्धशतक बनाने वाले बल्लेबाज बन चुके हैं।

एफआईएच प्रो हॉकी लीग

# भारत ने विश्व चैम्पियन जर्मनी को 3-0 से हराया



**लंदन (एजेंसी)।** भारत ने जर्मनी की कमजोर रक्षापंक्ति का फायदा उठाते हुए 3 गोल दागे जिससे हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम ने शनिवार को यहां एफआईएच प्रो हॉकी लीग में विश्व चैम्पियन को 3-0 से हराकर लंदन चरण में जीत से शुरुआत की। ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत (16वें मिनट), सुखजीत सिंह (41वें मिनट) और गुरजंत सिंह (44वें मिनट) ने जर्मनी की युवा टीम के खिलाफ गोल दागे। जर्मनी ने शानदार शुरुआत की लेकिन अपनी लय बरकरार नहीं रख सकी। विश्व की 5वें नंबर की भारतीय टीम 13 मैचों में 24 अंक लेकर तीसरे स्थान पर बनी हुई है जबकि अर्जेंटीना 14 मैचों में 26 अंक लेकर दूसरे स्थान पर है।

भारत ने प्रो लीग के एंटवर्प चरण में अर्जेंटीना को दो बार हराया था। नीदरलैंड 12 मैचों में 26 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर है। भारत के अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने पहले क्वार्टर में जर्मनी के लगातार हमलों को रोकते हुए 2 पेनल्टी कॉर्नर को नाकाम कर दिया। दूसरे क्वार्टर के पहले ही मिनट में हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर दुनिया की तीसरे नंबर की टीम को दबाव में ला दिया। भारतीय कप्तान ने 16वें मिनट में नीची फ्लिक जर्मनी के गोलकीपर एलेक्जेंडर स्टैडलर की ओर बढ़ायी जो बैरी एंथियस से डिफ्लेक्ट होकर गोल में चली गई। इसके बाद सुखजीत ने 41वें मिनट में बढ़त दोगुनी कर दी।

सुखजीत ने अभिषेक को पास दिया और सर्कल की ओर दौड़े। अभिषेक ने इसे सुखजीत को वापस दिया जिन्होंने जर्मनी के गोलकीपर को छकाते हुए शानदार शॉट लगाया। इसके 3 मिनट बाद गुरजंत ने भारत के लिए तीसरा गोल दाग दिया। संजय ने गोल लाइन पर गेंद जरमनप्रीत सिंह की ओर बढ़ायी। इस डिफेंडर ने फिर गेंद को गुरजंत को वापस भेज दिया, जिन्होंने स्टैडलर को छकाते हुए गोल दागा। जर्मनी की टीम दबाव में आ गई थी और उसने भारतीय रक्षापंक्ति को भेदने की पूरी कोशिश की। लेकिन श्रीजेश ने उन्हें इसमें सफलता हासिल नहीं करने दी।

लगभग 4 महीने बाद प्रतिस्पर्धी हॉकी में वापसी कर रही जर्मनी ने एक दर्जन पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए लेकिन ये सभी बेकार रहे। श्रीजेश ने भी अपनी भूमिका बखूबी निभाई और पहले क्वार्टर में 3 प्रयासों को विफल किया जिसमें 2 पेनल्टी कॉर्नर के थे। भारतीय टीम अब 8 जून को फिर से जर्मनी से भिड़ेगी जिसके बाद उसका सामना दो और नौ जून को ग्रेट ब्रिटेन से होगा।

# रोहित से मिलने मैदान पर घुसा प्रशंसक, यूएसए पुलिस ने पिटाई करते निकाला बाहर

**न्यूयार्क (एजेंसी)।** न्यूयॉर्क के नवनिर्मित नासाउ काउंटी ग्राउंड में अपने एकमात्र अभ्यास मैच में भारतीय टीम ने बांग्लादेश को हरा दिया। नई पिच पर पहले खेलने उतरी भारतीय टीम की ओर से ऋषभ पंत ने 53 रन बनाकर स्कोर 182 तक पहुंचाने में मदद की थी। जवाब में खेलने उतरी बांग्लादेश की टीम 122 रन ही बना पाई। मैच के दौरान एक क्षण ऐसा भी आया कि जब एक प्रशंसक मैदान के अंदर घुस गया और फील्डिंग कर रहे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को गले लगा लिया। यह देखकर यूएसए की पुलिस मैदान पर घुस आई और प्रशंसक को पकड़कर मैदान पर फेंक दिया। इस दौरान दूसरा पुलिसकर्मी उसके ऊपर चढ़ गया और धक्का मुक्की करने लगा। दोनों ने फैन को हथकड़ी पहनाई और धक्के देते हुए मैदान से बाहर ले गए। उक्त घटनाक्रम की सोशल मीडिया पर वीडियो तेजी से वायरल हुई।



### ऐसा रहा मुकाबला

भारतीय टीम की शुरूआत खराब रही क्योंकि संजू सैमसन 1 रन बनाकर आऊट हो गए लेकिन इसके बाद रोहित शर्मा ने ऋषभ पंत के साथ मिलकर स्कोर आगे बढ़ाया। पंत 33 गेंदों पर 53 रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए। इसके बाद हार्दिक पांड्या ने भी एक छोर संभालकर 23 गेंदों पर 40 रन बनाकर और टीम स्कोर 182 तक पहुंचा दिया। जवाब में खेलने उतरी बांग्लादेश की टीम 9 विकेट पर 122 रन ही बना पाई। भारतीय टीम की ओर से अर्शदीप सिंह और शिवम दुबे 2-2 विकेट लेने में सफल रहे। बुमराह, सिराज, हार्दिक और अक्षर पटेल ने 1-1 विकेट ली।

टीम इंडिया ने टी20 विश्व कप में एकमात्र प्रैक्टिस मुकाबला ही खेलना था। इसको जीतने के बाद अब भारतीय टीम लीग स्टेज में पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ भिड़ेगी। विश्व क्रिकेट की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता में से एक, भारत बनाम पाकिस्तान 9 जून को खेला जाएगा। इसके बाद रोहित शर्मा की अगुवाई वाला भारत 12 जून को अमेरिका और 15 जून को कनाडा से भिड़ेगा।



# भारत के खिलाफ चोटिल हुआ बांग्लादेश का सूरमा गेंदबाज, हाथ में 5 से ज्यादा टांके

**न्यूयार्क (एजेंसी)।** बांग्लादेश की तेज गेंदबाजी की अगुवाई करने वाले शोरिफुल इस्लाम टी20 वर्ल्ड कप के पहले मैच में खेल पाएंगे या नहीं, ये संदेह है। न्यूयॉर्क में शनिवार को अभ्यास मैच के दौरान फील्डिंग करते समय उनके बाएं हाथ की दो अंगुलियों के बीच की चोट लग गई। इस चोट के कारण उन्हें टांके लगाने पड़े हैं और अब शुक्रवार को डलास में श्रीलंका के खिलाफ होने वाले बांग्लादेश के पहले मैच के लिए वो समय के खिलाफ दौड़ लगा रहे हैं। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के डॉक्टर देबाशीष चौधरी ने रविवार को एक वीडियो संदेश में बताया, %उन्हें छह टांके लगाए गए हैं। उनकी अहमियत को देखते हुए हम उन्हें जल्दी वापसी कराने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। तेज गेंदबाज शोरिफुल ने भारत की पारी के आखिरी ओवर में हार्दिक पांड्या के एक बड़े शॉट को रोकने की कोशिश की थी, उसी दौरान गेंद उनके हाथ पर लगी थी। उन्हें इलाज के लिए मैदान से बाहर ले जाया गया था। हाल ही में संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज हारने वाला बांग्लादेश अब श्रीलंका के खिलाफ होने वाले मैच के लिए एक और तेज गेंदबाज़ तस्किन अहमद को भी फिट करने के लिए जद्दोजहद कर रहा है।

# हमने अब तक बल्लेबाजी इकाई को अंतिम रूप नहीं दिया, प्रैक्टिस मैच जीतकर बोले रोहित

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि भारतीय टीम ने टी20 विश्व कप के लिए अपने बल्लेबाजी क्रम को अब तक अंतिम रूप नहीं दिया है और बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच में ऋषभ पंत को तीसरे नंबर पर भेजने के टीम प्रबंधन के फैसले को ज्यादा तूल नहीं दी जानी चाहिए। भारत ने शनिवार को अभ्यास मैच में निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 182 रन बनाने के बाद बांग्लादेश को नौ विकेट पर 122 रन पर रोककर नासाउ काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 60 रन से जीत हासिल की।

पंत के तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के बारे में रोहित ने कहा, 'सिर्फ उसे मौका देने के लिए (ऐसा किया)। हमने अब तक अपनी बल्लेबाजी इकाई को अंतिम रूप नहीं दिया है। यहां तक ??कि गेंदबाजों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। कुल मिलाकर चीजें जिस तरह से हुईं, उससे खुश हूं। पंत ने 32 गेंद में 53 रन की तेज पारी खेली जबकि हार्दिक पंड्या ने 23 गेंद पर 40 रन बनाए। सूर्यकुमार यादव ने भी 18 गेंद में 31 रन की पारी खेली। रोहित ने मैच के बाद कहा, ''जिस तरह से चीजें हुईं, उससे मैं काफी खुश हूं। मुकाबले से हमें काफी कुछ वैसा ही मिला जैसा हम चाहते थे। जैसा कि मैंने टॉस के समय कहा था, परिस्थितियों के अनुकूल होना महत्वपूर्ण था।

उन्होंने कहा, 'नया स्थल, नया मैदान, ड्रॉप-इन पिच - इनसे अनुकूल होना महत्वपूर्ण था और हमने काफी अच्छा प्रदर्शन किया। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने गेंद से शानदार प्रदर्शन किया और तीन ओवर में 12 रन देकर दो विकेट चटकाए। ऑलराउंडर शिवम दुबे ने भी तीन ओवर में 13 रन देकर दो विकेट हासिल किए। मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन



की सराहना करते हुए कहा कि पिच थोड़ी नरम और मुलायम थी।

द्रविड़ ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा पोस्ट एक वीडियो में कहा, 'एक अच्छा मुकाबला मिलना बहुत बढ़िया है। बेशक, यह एक अच्छे मैदान की तरह दिखता है। मैदान थोड़ा नरम है और खिलाड़ियों को पैर की मांसपेशियों और पिंडलियों पर इसका असर महसूस हो सकता है। उन्होंने कहा, 'इसलिए हमें इस क्षेत्र पर काम करने की जरूरत है और यह सुनिश्चित करना है कि खिलाड़ी इस बात का ध्यान रखें कि भारीपन महसूस नहीं हो।

द्रविड़ ने कहा, 'पिच थोड़ी नरम थी लेकिन मुझे लगता है कि हम इससे काफी अच्छी तरह निपटे। बल्लेबाजों ने उस विकेट पर अच्छा स्कोर बनाया और गेंदबाजों ने भी काफी अच्छी गेंदबाजी की। पिच का अच्छा इस्तेमाल करने वाले अर्शदीप ने कहा कि कुछ चुनौतियों के बावजूद टीम परिस्थितियों के साथ अच्छी तरह से तालमेल बैठा रही है। उन्होंने कहा, 'अच्छा लग रहा है, यह बेहद महत्वपूर्ण है कि आप कैसे शुरुआत करते हैं। हमने शुरुआत में ही विकेट हासिल किए और रन नहीं दिए। विकेट से भी मदद मिल रही थी इसलिए हमने इसे सरल रखने की कोशिश की और परिणाम भी मिला।

अर्शदीप ने कहा, 'मैदान में रेत का इस्तेमाल हुआ है इसलिए आपको लय सही रखने की जरूरत है। यहां की परिस्थितियों के साथ तालमेल बैठाना एक चुनौती होगी। मध्यम गति की गेंदबाजी के अलावा बड़े छक्के मारने की अपनी क्षमता के लिए पहचाने जाने वाले दुबे ने कहा, ''यहां खेलना मजेदार था और अपने पहले अभ्यास मैच में जीत हासिल करना अच्छा था।

## संक्षिप्त समाचार

### प्रथम ज्योतिर्लिंग के दर्शन करने पहुंचे अमित शाह, बोले- सनातन संस्कृति के गौरव के प्रतीक हैं श्री सोमनाथ



**अहमदाबाद, एजेंसी।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि भगवान सोमनाथ सनातन संस्कृति में गौरव के प्रतीक हैं। शाह ने कहा कि उन्होंने शुक्रवार को गुजरात में भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए सभी की समृद्धि की कामना की। मंदिर का प्रबंधन करने वाले श्री सोमनाथ ट्रस्ट के न्यासियों में से एक अमित शाह ने शुक्रवार शाम को ध्वज पूजा की थी। अनुष्ठान के बाद ध्वज मंदिर के शीर्ष पर फहराया था।अमित शाह ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट किया, जय श्री सोमनाथ। प्रथम ज्योतिर्लिंग श्री सोमनाथ महादेव अविरल, अमिट और अडिग सनातन संस्कृति के गौरव प्रतीक हैं। ये हमें अनेक संघर्षों के बाद भी दृढ़ रहने की प्रेरणा देते हैं। बाबा सोमनाथ के दर्शन व पूजन-अर्चन कर सभी के कल्याण व भारत की निरंतर समृद्धि की कामना की। भाजपा ने कहा कि गांधीनगर के सांसद अमित शाह ने जिलाधिकारी को गांधीनगर क्षेत्र में हैजा के प्रसार को रोकने के लिए आवश्यक निवारक उपाय करने का निर्देश दिया।

### रिजल्ट से पहले भाजपा उम्मीदवार पर भड़की किरण खेर

**चंडीगढ़, एजेंसी।** चंडीगढ़ लोकसभा से भाजपा सांसद रहीं किरण खेर ने चुनाव परिणाम से पहले भाजपा उम्मीदवार पर जमकर भड़ास निकाली है। उन्होंने पार्टी उम्मीदवार संजय टंडन और उनकी टीम पर निशाना साधते हुए कहा कि कई पार्टी कार्यक्रमों में उन्हें निमंत्रण तक नहीं मिलता। खेर का यह बयान तब सामने आया है कि जब उन पर आरोप लगे हैं कि वे पार्टी कार्यक्रमों से दूरी बनाकर रखती हैं। उन्होंने कहा कि यह पार्टी नहीं कुछ लोगों द्वारा मेरी लगातार की जा रही उपेक्षा है। खेर ने यह भी कहा कि परिणाम पर मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं है। चंडीगढ़ में वोट डालने पहुंची भाजपा नेता और अभिनेत्री किरण खेर ने यह भी कहा कि अगर संजय टंडन जीतते हैं तो उन्हें बहुत खुशी होगी। आगे कहा, मुझे नहीं पता कि उन्होंने कितना प्रचार किया है। कई जगहों पर तो हमें यह भी नहीं पता चला कि कोई समारोह हो रहा है या नहीं। भाजपा नेताओं के किरण खेर पर आरोप लगते रहे हैं कि वह हमारे साथ हैं, लेकिन वह समारोहों में ज्यादा नजर नहीं आतीं। जवाब में खेर का कहना है, मैं भाजपा के साथ हूं, लेकिन कई समारोहों के लिए उन्हें संदेश भी नहीं मिलता। हालांकि जब भी मुझे मैसेज मिला, मैं वहां गई। बता दें कि किरण खेर को केवल तब सार्वजनिक कार्यक्रमों में देखा गया जब राष्ट्रीय तबके के नेता भाजपा उम्मीदवार संजय टंडन के लिए प्रचार कर रहे थे।

### बसपा उम्मीदवार ने वोट डालने का बनाया वीडियो

**फिरोजपुर, एजेंसी।** पंजाब की सभी 13 सीटों पर शनिवार को हुए मतदान के दौरान चुनाव आयोग के निर्देशों का उल्लंघन सामने आया है। फिरोजपुर लोकसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी उम्मीदवार सुरिंदर सिंह कंबोज का वोट डालते समय का वीडियो सामने आया है। सुरिंदर सिंह कंबोज वीडियो में ईवीएम दिखाते हुए वोट डालते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में वो ईवीएम का बटन दबाते साफ दिखाई दे रहे हैं। ईवीएम का बटन दबाने के बाद पर्ची निकलना तक वीडियो में दिखाया गया है। इस वीडियो को सोशल मीडिया पर शेयर भी किया गया। बीएसपी के उम्मीदवार सुरिंदर सिंह कंबोज की इस हरकत पर एफआईआर दर्ज की गई है। फिरोजपुर के डिप्टी कमिश्नर राजेश धीमान ने बताया कि बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सुरिंदर कंबोज के बेटे जगदीप सिंह गोल्डी जलालाबाद से आम आदमी पार्टी के विधायक हैं, जबकि पिता बीएसपी की तरफ से लोक सभा चुनाव लड़ रहे हैं। फिरोजपुर क्षेत्र से बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार सुरिंदर सिंह कंबोज ने गुरुहरसहाए के गांव जीवां अराई में वोट डाला।

# जयपुर हाईवे पर मुंबई एक्सप्रेसवे का सफर जेब पर पड़ेगा भारी

### एनएचएआई की 3 जून से टोल टैक्स बढ़ाने की तैयारी

**नइदिल्लीः एजेंसी।**
दिल्ली-जयपुर हाईवे और एक्सप्रेसवे पर सफर करना सोमवार से महंगा हो जाएगा। गुरुग्राम से रेवाड़ी और जयपुर तक जाने के लिए अब ज्यादा पैसे देने होंगे। सोहना-नूंह-अलवर या दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे से होकर जयपुर तक जाने के लिए भी अतिरिक्त टोल देना होगा। हालांकि, बढ़ी हुई टोल दरें 1 अप्रैल से लागू होनी थी, लेकिन लोकसभा चुनावों को देखते हुए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने इसे टाल दिया था। हाईवे और एक्सप्रेसवे पर टोल की अलग-अलग दरें निर्धारित की गई हैं। सबसे महंगा सफर सोहना हाईवे का रहने वाला है। कार से एक तरफ यात्रा के लिए 125 रुपये टोल के रूप में वसूल किए जाएंगे।

मुंबई एक्सप्रेसवे पर सफर के लिए 125 रुपये में इस एक्सप्रेसवे का टोल भी जोड़ा जाएगा। यहां अलग-अलग दूरी के हिसाब से टोल रेट निर्धारित किया गया है। खेड़की दौला टोल पर कार सवार को पहले से पांच रुपये अधिक देने होंगे। एनएचएआई ने राष्ट्रीय सड़क शुल्क विनियम 2008 के अनुसार टोल दरें बढ़ाई गई है। गुरुग्राम की सीमा में दिल्ली-जयपुर हाईवे पर खेड़की दौला, गुरुग्राम-सोहना हाईवे पर घामडोज तथा मुंबई एक्सप्रेसवे पर अलीपुर के बाद हिलालपुर पर टोल प्लाजा हैं।

वहीं, वाहन चालकों को दो जून की रात 12:00 बजे से डीएनडी-केएमपी एक्सप्रेसवे के किरंज टोल प्लाजा, दिल्ली-आगरा हाईवे के गदपुरी और होडल टोल प्लाजा पर 10 रुपये तक बढ़ा हुआ टोल टैक्स देना होगा।

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे : अलीपुर से हिलालपुर खलीलपुर तक कार के लिए 90 की जगह अब 95 रुपये देने होंगे। एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर आकाश पहाड़ी ने बताया कि मुख्यालय ने 3 जून से नई टोल दरें लागू करने का निर्देश दिया है। अधिसूचना मिल गई है और 3 जून से टोल पर नए रेट लागू हो जाएंगे। वहीं. वाहन चालकों को 2 जून की रात 12;00 बजे से डीएनडी-केएमपी एक्सप्रेसवे के किरंज टोल प्लाजा, दिल्ली-आगरा हाईवे के गदपुरी और होडल टोल प्लाजा पर 10 रुपये तक बढ़ा हुआ टोल टैक्स देना होगा। टोल टैक्स में न्यूनतम पांच रुपये की बढ़ोतरी की गई है।



एनएचएआई 59 किलोमीटर लंबे डीएनडी-केएमपी एक्सप्रेसवे को दिल्ली में डीएनडी फ्लाईओवर से लेकर पलवल के मंडकौला तक बना रहा है। मंडकौला में यह दिल्ली- मुंबई एक्सप्रेसवे और केएमपी एक्सप्रेसवे से जुड़ जाता है। एनएचएआई प्रबंधन ने गत वर्ष इस एक्सप्रेसवे को सेक्टर-65 से लेकर मंडकौला तक चालू कर दिया था। इस हिस्से की लंबाई करीब 26 किलोमीटर है। इस पर गत वर्ष ही टोल टैक्स भी वसूला जा रहा है। सेक्टर-65 से लेकर दिल्ली तक यह एक्सप्रेसवे निर्माणाधीन है। एनएचएआई ने कार, जीप, हल्के वाहन के मासिक पास की दर 1,650 रुपये तक की है। मिनी बस का मासिक पास 2,665 रुपये में, बस-ट्रक का 5,580 रुपये, थ्री एक्सल वाहन का 6,090 रुपये, छह एक्सल वाहन का 8,750 रुपये और सात एक्सल या इससे ज्यादा वाले वाहन का मासिक पास 10,655 रुपये में बनेगा। उधर, एनएचएआई प्रबंधन ने दिल्ली-आगरा हाईवे के गदपुरी टोल प्लाजा पर हल्के वाहन कार, वैन, जीप के लिए पांच रुपये, हल्के और भारी व्यावसायिक वाहनों को 10 रुपये अधिक देने होंगे। होडल-करमन टोल प्लाजा पर भी बढ़ी हुई टोल दरें लागू होंगी। किरंज टोल प्लाजा के प्रबंधक संजीव कुमार ने बताया कि दो जून की रात 1200 बजे से बढ़ी दरें लागू हो जाएंगी।

## ध्रुव राठी का आप से लिंक, लीडरशिप का करीबी; स्वाति मालीवाल ने बताया कनेक्शन



**नइदिल्लीः एजेंसी।** आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल एक तरफ जहां मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी बिभव कुमार पर मारपीट का आरोप लगाया तो दूसरी तरफ उनकी यूट्यूबर ध्रुव राठी से भी ठन गई है। आम आदमी पार्टी और उसके समर्थकों पर अपने चरित्रहनन की कोशिश का आरोप लगा रहीं स्वाति मालीवाल का दावा है कि जब से ध्रुव राठी ने उनके खिलाफ एकतरफा वीडियो बनाया तब से उन्हें रेप और हत्या की धमकियां मिल रही हैं। दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष ने अब दावा किया है कि खुद को स्वतंत्र पत्रकार बताने वाले ध्रुव राठी असल में आम आदमी पार्टी से जुड़े हुए हैं। लंबे समय से अरविंद केजरीवाल की करीबी रहीं स्वाति मालीवाल ने एक ताजा इंटरव्यू में कहा कि ध्रुव राठी आम आदमी पार्टी के वॉलंटियर रह चुके हैं और अब भी लीडरशिप के साथ उनकी नजदीकी है। मालीवाल ने यह भी कहा कि वह भी ध्रुव राठी को काफी पसंद करती थीं, लेकिन अब नहीं। राठी को लेकर मालीवाल से सवाल किया गया कि क्या आम आदमी पार्टी ने ध्रुव राठी का उनके खिलाफ इस्तेमाल किया, इस पर मालीवाल ने कहा, जी मैं ऐसा मानती हूं। मैं ध्रुव राठी को बहुत पसंद करती आई हूं, हमारे घर में तो सभी उनको लाइक करते थे। लेकिन इस बार जो उन्होंने किया मैं उसके खिलाफ हूं। वह बहुत बड़ी पोजीशन में हैं, पूरा देश उनको देखता-सुनता है। ऐसे में एकतरफा वीडियो करना, क्योंकि वह लीडरशिप के बहुत क्लोज हैं, वह वॉलंटियर भी रह चुके हैं, उनका ऐसा वीडियो करना बहुत खराब है। एक अन्य सवाल के जवाब में स्वाति मालीवाल ने कहा कि हो सकता है कि टॉप लीडरशिप ने बात ना की हो, लेकिन उनसे नीचे के किसी व्यक्ति ने किया होगा। मालीवाल ने यह भी कहा कि वह लीडरशिप के करीब है और सबको जानता है, पहले से साथ काम करते आए हैं। स्वाति मालीवाल के ताजा आरोपों पर ध्रुव राठी की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। इससे पहले स्वाति मालीवाल ने दावा किया था कि ध्रुव राठी की वजह से उन्हें धमकियां मिल रही हैं।


## बदरीनाथ धाम में भक्तों को अब नहीं मिलेगी वन तुलसी, औषधीय गुणों से है भरपूर

**देहरादून, एजेंसी।**
बदरीनाथ धाम में दर्शन करने को जा रहे तीर्थ यात्रियों को जोरदार झटका लग सकता है। उत्तराखंड में मौसम के बदलाव का असर अब ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी साफतौर से देखने को मिल सकता है। मौसम में आ रहे बदलाव से औषधीय गुणों से भरपूर बदरीनाथ धाम में स्वतः उगने वाली वन तुलसी अब विलुप्ति के कगार पर है।

प्रसाद बेचने वाले अब लामबगड़, हनुमान चट्टी, पांडुकेश्वर, बडागांव और उदगम घाटी से वन तुलसी के पत्ते मंगवाकर माला तैयार कर रहे हैं। 10500 फिट की ऊंचाई पर स्थित बदरीनाथ धाम में पाई जाने वाली वन तुलसी की माला से भगवान बदरी विशाल का श्रृंगार किया जाता है।

इस वर्ष भी बदरीनाथ धाम और आस पास के जंगलों में तुलसी काफी कम मात्रा में उगी है। यहां पर वन तुलसी धीरे-धीरे विलुप्त हो रही है। बदरीनाथ में कई दशकों से तुलसी माला बेच रहे विनोद डिमरी का कहना है कि इस वर्ष धाम में तुलसी काफी कम मात्रा में उगी है।

तुलसी माला बेचने वाले जोशीमठ क्षेत्र से तुलसी मंगवा रहे हैं। बदरीनाथ मंदिर के पूर्व धर्माधिकारी आचार्य भुवन उनियाल का कहना है कि भगवती वृंदा ही बदरीनाथ धाम में तुलसी के रूप में विराजमान हैं। वृंदा ही महालक्ष्मी हैं। बदरीनाथ उपवन सरक्षक सर्वेश कुमार दुबे कहना है कि जिस समय तुलसी उगनी शुरू होती है उस समय धाम में भारी बर्फबारी हुई थी। जिसके चलते इस वर्ष अभी तक तुलसी काफी कम उगी है। जबकि इससे पूर्व वर्षों में बर्फबारी दिसंबर-जनवरी माह में होती थी तो वन तुलसी के उगने का अवसर मिलता था। लेकिन इस वर्ष फरवरी-मार्च माह में बर्फबारी हुई है। विदित हो कि 10 मई से शुरू चारधाम यात्रा में भारी संख्या में तीर्थ यात्री दर्शन करने को उत्तराखंड पहुंच रहे हैं।





## नेतन्याहू के खिलाफ तेल अवीव की सड़कों पर सबसे बड़ा प्रदर्शन, बंधकों को छुड़ाने की मांग

**तेल अवीव, एजेंसी।** तेल अवीव की सड़कों पर एक बार फिर बड़े सरकार विरोधी प्रदर्शन देखने को मिले। बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों ने हमास के साथ बंधकों की अदला-बदली समझौते और बेंजामिन नेतन्याहू को प्रधानमंत्री के पद से हटाने व देश में तय समय से पहले जल्द चुनाव कराने की मांग की। टाइम्स ऑफ इस्राइल ने अपनी खबर में यह जानकारी दी।

प्रदर्शन के आयोजकों का दावा है कि सात अक्तूबर के बाद से शनिवार को सबसे बड़ा विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शन में अकेले तेल अवीव में 1,20,000 लोग पहुंचे। हालांकि, इस आंकड़े की पुष्टि नहीं की गई है। इसी तरह के विरोध प्रदर्शन देशभर के विभिन्न हिस्सों में भी देखने को मिले। प्रदर्शनकारियों ने डेमोक्रेसी स्क्वायर, बिगिन रोड और कपलान स्ट्रीट के चौराहे पर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। वहीं, यरूशलम में हजारों लोगों ने राष्ट्रपति निवास की ओर कूच किया। उन्होंने बंधकों की सुरक्षित वापसी की मांग और संघर्ष को खत्म करने के प्रयासों के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का आभार जताया। इस दौरान गाजा में हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के प्रतीक पीले झंडे भी लहराए गए। प्रदर्शनकारियों ने बंधकों को वापस लाना होगा के नारे लगाए।

इस बीच, कतर, अमेरिका और मिस्र ने एक साझा बयान में इस्राइल और हमास से प्रस्तावित युद्धविराम और बंधकों की रिहाई के लिए समझौते को अपनाने का आग्रह किया। बयान में कहा गया है कि कतर अमेरिका और मिस्र संयुक्त रूप से हमास और इस्राइल दोनों से 31 मई 2024 को राष्ट्रपति बाइडन द्वारा पेस समझौते को अंतिम रूप देने का आह्वान करते हैं।

## इजरायली सेना की वापसी के बाद गाजा के जबालिया शिविर में मिले 70 फिलिस्तीनियों के शव

**गाजा, एजेंसी।**
उत्तरी गाजा के जबालिया शरणार्थी शिविर में कम से कम 70 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। यहां से हाल ही में इजरायल ने अपनी सशस्त्र सेनाओं को वापस बुला लिया था। स्थानीय चिकित्सा सूत्रों ने शुक्रवार को समाचार एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि एम्बुलेंस और नागरिक सुरक्षा दल ने शिविर से लगभग 70 शवों को निकाला। इनमें 20 बच्चे शामिल हैं। लापता लोगों की तलाश जारी है।

सूत्रों ने कहा कि ऑपरेशन के दौरान इजरायली हवाई हमलों और गोलाबारी के चलते दर्जनों लोग घरों, आश्रयों और अस्पतालों के मलबे के नीचे लापता बताए गए हैं। जैसे ही इजरायली सेना वापस लौटी, सैकड़ों निवासी अपने घरों का हाल जानने के लिए लौटे। उनमें से कुछ ने शिन्हुआ को बताया कि हमलों के चलते शिविर और उसके आसपास के सैकड़ों घरों के साथ-साथ सड़कों, जल आपूर्ति प्रणालियों और सीवेज जैसे बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है।

उन्होंने इजरायली सैनिकों पर अपार्टमेंट और आवासीय इमारतों में आग लगाने का आरोप लगाया। इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि 98वें डिवीजन के इजरायली सैनिक पूर्वी जबालिया में अपना मिशन पूरा करने के बाद वापस आ गए हैं। वे सात बंधकों के शवों को अपने साथ लेकर आए हैं। सैकड़ों आतंकवादियों को मार गिराने तथा 10 किलोमीटर के भूमिगत सुरंग नेटवर्क को नष्ट करने के बाद उन्होंने गाजा पट्टी में आगे की कार्रवाई के लिए तैयारी शुरू कर दी।



फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें जबालिया स्थित एजेंसी के केंद्रों से चौंकाने वाली रिपोर्ट मिली, जहां एजेंसी द्वारा संचालित स्कूल में शरण लेने वाले विस्थापित लोगों के मारे जाने और घायल होने की खबर है। इनमें बच्चे भी शामिल हैं।

# हमास और इजरायल से कतर, मिस्र और अमेरिका की युद्ध समाप्त करने की अपील

**दोहा, एजेंसी।**
कतर, अमेरिका और मिस्र ने संयुक्त रूप से जारी किए गए एक बयान में हमास और इजरायल से अमेरिकी प्रस्ताव पर एक समझौते को अंतिम रूप देने का आह्वान किया है। कतर के विदेश मंत्रालय ने ये संयुक्त बयान जारी किया है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि गाजा में युद्ध विराम और बंधकों की रिहाई के लिए इजरायल और हमास बातचीत करें।

शनिवार को जारी बयान में कहा गया, सभी पक्षों की मांगों को एक ऐसे समझौते में लाया गया है, जो दोनों के हितों की पूर्ति करता है। गाजा में पीड़ित लोगों के साथ-साथ बंधकों और उनके परिवारों दोनों को तत्काल राहत पहुंचाएगा। इसमें कहा गया, यह सौदा स्थायी युद्ध विराम और संकट को समाप्त करने के लिए एक रोडमैप है।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शुक्रवार को इस प्रस्ताव का खुलासा किया था, जिसके तहत गाजा संघर्ष को समाप्त किया जाएगा और सभी बंधकों को रिहा किया जाएगा। इस बीच, वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनी सूत्रों ने बताया कि जेरिको के दक्षिण में अकाबत जाबेर शरणार्थी शिविर में इजरायली सेना की गोलीबारी में एक फिलिस्तीनी लड़के की मौत हो गई।

फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने शनिवार को सिन्हुआ समाचार एजेंसी को बताया कि इजरायली सेना ने शिविर पर धावा बोला और शिविर में पश्चिमी कब्रिस्तान के पास दो लोगों पर गोली चलाई। बाद में, फिलिस्तीनी रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने शनिवार को एक संक्षिप्त बयान में कहा कि उसे दक्षिणी चेकपॉइंट पर 15 साल के एक लड़के का शव मिला। गोलीबारी में एक व्यक्ति घायल हो गया।



घटना के बारे में इजरायली सेना ने कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन इजरायली सेना ने अक्सर कहा है कि वेस्ट बैंक में उसके छापे आतंकवाद विरोधी अभियान होते हैं। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, पिछले अक्टूबर से अब तक वेस्ट बैंक और यरुशलम में 500 से अधिक फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं।

इधर, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि उन्होंने वाशिंगटन में अमेरिकी कांग्रेस की संयुक्त बैठक को संबोधित करने का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। इजरायली प्रधानमंत्री ने शनिवार को एक बयान में कहा कि वह कांग्रेस के दोनों सदनों में इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष पर सच्चाई बताएंगे। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी सीनेट और प्रतिनिधि सभा ने नेतन्याहू को अमेरिकी कांग्रेस में भाषण देने के लिए आमंत्रित किया है।

## दक्षिण अफ्रीका के चुनाव में बड़ा उलटफेर, सत्तारूढ़ एएनसी ने 30 साल बाद पहली बार खोया बहुमत

**जोहान्सबर्ग, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के चुनाव में बड़ा उलटफेर हुआ है। बीते तीस वर्षों में ऐसा पहली बार हुआ है जब अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) को संसदीय चुनाव में बहुमत नहीं मिला। बुधवार को हुए चुनाव के लिए करीब 99.8 फीसदी मतों की गणना हो चुकी है और सत्तारूढ़ एएनसी को 40 फीसदी से ज्यादा मत मिले हैं, जो बहुमत से कम है। राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा के नेतृत्व वाली एएनसी ने 1994 में नेल्सन मंडेला के निर्वाचित होने के बाद पहली बार अपना बहुमत खोया। देश के स्वतंत्र चुनाव आयोग (आईसीसी) ने बुधवार को डाले गए मतपत्रों के 99.8 फीसदी की गणना पूरी हो चुकी है। एएनसी को केवल 40 फीसदी वोट मिले हैं। जिसमें डेमोक्रेटिक अलायंस (डीए) को 22 फीसदी मत मिले। जबकि पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा की नई पार्टी उम्खोंटो वी सिजवे (एमके) ने करीब 15 फीसदी मत हासिल किए। इकोनॉमिक फ्रीडम फाइटर्स (ईएफएफ) का हिस्सा घटकर 9 फीसदी रह गया। राजनीतिक विश्लेषकों ने कहा कि अब यह तय करने के लिए गहरी बातचीत होगी कि गठबंधन में देश पर कौन शासन करेगा।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555